धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

सुप्रभात

रांची, शुक्रवार

12.01.2024




* नगर संस्करण | पेज : 12 | पौष, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 11 | अंक : 180 | khabarmantra.net

## न्यूज डायरी

### संजय दत्त ने गया में किया पिंडदान



**पटना।** हिन्दी फिल्मों के जाने माने अभिनेता संजय दत्त ने गुरुवार को बिहार के गया में पितरों का पिंडदान किया। गया के विष्णुपद मंदिर में संजय दत्त ने अपने पिता सुनील दत्त और मां नरगिस दत्त की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान और तर्पण किया। विशेष चार्टर्ड विमान से संजय दत्त गया पहुंचे।

### अमन साहू गिरोह के छह अपराधी गिरफ्तार

**लातेहार।** अमन साहू गिरोह के छह अपराधियों को लातेहार में हथियार के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो देशी पिस्टल, छह जिंदा गोली, दो बाइक, सात मोबाइल फोन व एक जियो कंपनी का राउटर बरामद हुआ है।

### चारों शंकराचार्य बोले- यह शास्त्रों के खिलाफ

**नयी दिल्ली।** अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन में चारों शंकराचार्यों के शामिल होने पर संशय बरकरार है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और निश्चलानंद सरस्वती ने मना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम सनातन धर्म के नियमों को ध्यान में रखकर नहीं किया जा रहा और वह शास्त्रों के विरुद्ध नहीं जा सकते इसलिए वह समारोह में शामिल नहीं होंगे।

### सात किलो का आइइडी बम मिला, किया नष्ट

**चाईबासा।** पश्चिम सिंहभूम जिले में गुरुवार को गोइलकेरा थाना वनग्राम क्षेत्र के मेरालगड़ा जंगली इलाकों में सर्च अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने एक 7 किलो का आईईडी बम बरामद किया, जिसे बम निरोधक दस्ता की मदद से विस्फोट कर नष्ट कर दिया गया।

### पोल से टकराकर बाइक सवार की मौत

**सरायकेला।** सरायकेला के गम्हरिया-गोविंदपुर (राजनगर) मुख्यमार्ग पर गम्हरिया थाना क्षेत्र के रायबासा में बुधवार की देर रात बिजली पोल से टकराकर बाइक सवार बीरबांस के अजीत लोहार (19) की मौत हो गयी। उसका साथी राजेश नायक भी गंभीर है।

### चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान युवक की मौत

**धनबाद।** धनबाद स्टेशन की प्लेटफार्म संख्या एक पर ट्रेन में चढ़ने के दौरान एक यात्री की मौत हो गयी है। मृतक की पहचान राजू रवानी के रूप में हुई है। वह निरसा के चिरकुंडा थाना क्षेत्र का था।

### दुर्घटना में बाल-बाल बचीं महबूबा मुफ्ती

**श्री नगर।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गयी है। हादसा अनंतनाग जाने के क्रम में हुआ। पीडीपी मीडिया सेल ने बताया कि पूर्व सीएम और उनके सुरक्षा अधिकारी सुरक्षित हैं।

# राज्य निर्माण में गुरुजी का योगदान भुलाया नहीं जा सकता : सीएम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के लिए 11 जनवरी की तारीख बेहद खास है। यह वो तारीख है, जब झारखंड के दिग्गजों धिसोम गुरु शिबू सोरेन और भाबूलाल मरांडी का का इस दुनिया में पदार्पण हुआ। भले ही दोनों दिग्गजों की विचारधारा अलग है, लेकिन इनके जिक्र के बिना झारखंड की बात पूरी नहीं हो सकती। शिबू सोरेन जहां 80 साल के हो गये हैं, वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 66 साल के हो गये हैं। दोनों दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने नेता का जन्मदिन मनाया और उनकी लंबी उम्र की कामना की। झामुमो सुप्रीमो और पूर्व मुख्य मंत्री शिबू सोरेन के 80वें जन्मदिन के मौके पर रांची के मोरहाबादी स्थित आवास पर जश्न मनाया गया। सीएम हेमंत सोरेन ने अपने पिता की तरफ से 80 पाउंड का केक काटा और कार्यकर्ताओं के साथ अपने पिता शिबू सोरेन के दीर्घायु होने की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य के निर्माण में दिशोम गुरु के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। वहीं गुरुजी के मित्र रहे 20 सूत्री के राज्य उपाध्यक्ष स्टीफन मरांडी ने कहा कि शिबू सोरेन हमेशा स्वस्थ और निरोग रहें और हम सबको उनका मार्गदर्शन मिलता रहे, इसकी कामना करते हैं। (शेष पेज 11 पर)

## झारखंड के दो दिग्गज : 80 के हुए गुरुजी और 66 के बाबूलाल

### गुरुजी के जन्म दिन पर 80 पाउंड का केक काटा

इन दिनों बीमार चल रहे राज्य के पूर्व सीएम शिबू सोरेन ने अपने सरकारी आवास के अंदर ही अपने समर्थकों के साथ 80 पाउंड का केक काटा। परिवारजनों के साथ साथ कुछ खास लोग ही उनके साथ थे। केक काटने के बाद सीएम हेमंत सोरेन और कार्यकर्ताओं ने उनके साथ सेल्फी भी ली।



### सादगी के साथ मना बाबूलाल का जन्मदिन

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद बाबूलाल मरांडी का यह जन्मदिन खास है। श्री मरांडी का जन्मदिन रांची में सादगी के साथ मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने कहीं केक काटा तो कहीं गीत गाकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। स्कूली बच्चों के साथ केक काट बाबूलाल को बर्थडे विश किया। भाजपा प्रदेश कार्यालय में नेताओं ने अनोखे ढंग से उनका जन्मदिन मनाया। राजश्री जयंती ने बाबूलाल मरांडी के जन्मदिन पर उनके लिए हैप्पी बर्थडे गाना गाया। सभी ने प्रदेश अध्यक्ष को बधाई दी और उनकी लंबी उम्र की कामना की। वहीं बाबूलाल मरांडी अपने जन्मदिन पर रांची से बाहर हैं। उन्होंने अपना जन्मदिन गिरिडीह में मनाया। बाबूलाल का जन्म 11 जनवरी, 1958 में गिरिडीह के कोदाईबांक में हुआ था। वे किसान परिवार से हैं। उन्होंने शिक्षक से सीएम तक का सफर तय किया है। (शेष पेज 11 पर)



# सेल डीड को रद्द करने का डीसी का अधिकार निरस्त

## हाइकोर्ट ने कहा- संबंधित एफआइआर भी होंगे खत्म

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य में सेल डीड को कैंसिल करने का अधिकार जिलों के उपायुक्त को दिये जाने को चुनौती देने वाली विभिन्न याचिकाओं पर झारखंड हाईकोर्ट ने गुरुवार को फैसला सुनाया। हाइकोर्ट ने सेल डीड रद्द करने से संबंधित राज्य की उपायुक्तों को मिले अधिकार को निरस्त कर दिया है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने सेल डीड निरस्त करने से संबंधित डीसी के आदेश के खिलाफ दायर 33 याचिकाओं को स्वीकृत कर लिया। कोर्ट ने जिले के उपायुक्तों को सेल डीड को निरस्त करने से अधिकार से संबंधित राज्य सरकार के पत्र को निरस्त कर दिया। राज्य के कई जिलों में डीसी द्वारा रजिस्टर्ड सेल डीड को रद्द करने को हाई कोर्ट में चुनौती दी गयी थी।

**यह कानूनसम्मत नहीं : हाईकोर्ट** ने यह भी कहा है कि उपायुक्तों द्वारा सेल डीड निरस्त करने से संबंधित किये गये एफआईआर भी निरस्त हो जायेंगे। अपने आदेश में कोर्ट ने कहा कि अगर फर्जीवाड़ा कर जमीन की खरीद बिक्री की गयी है। उसके दस्तावेज को निबंधन कराया जाता है तो उपायुक्त को उसे निरस्त करने का पॉवर संबंधी जारी सरकार का पत्र गलत है, यह कानून के खिलाफ है। (शेष पेज 11 पर)



### सांसद की पत्नी ने भी दायर की थी याचिका

इसी मामले में ऑनलाइन एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की निदेशक अनामिका गौतम (सांसद निशिकांत दुबे की पत्नी) की ओर से भी देवघर स्थित जमीन की सेल डीड कैंसिल किए जाने को चुनौती दी गयी थी। प्रार्थियों का कहना था कि कानून के अनुसार एक बार सेल डीड हो जाने पर उसको कैंसिल करने का पावर राज्य में सिविल कोर्ट के पास है। याचिका में सांसद की पत्नी का आरोप है कि देवघर डीसी ने श्यामगंज मौजा, देवघर की उनकी जमीन का सेल डीड कैंसिल कर दिया है। उनका कहना था कि जमीन के रजिस्टर्ड सेल डीड को कैंसिल करने का अधिकार डीसी, देवघर के पास नहीं है। यह अधिकार सिविल कोर्ट के पास है। वहीं प्रार्थी मुन्नालाल, विनोद शंकर झा और पुरुषोत्तम राय की ओर से अधिवक्ता प्रभात कुमार सिन्हा ने पैरवी की थी। अनामिका गौतम की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव एवं पार्थ जालान ने पैरवी की।

## शहरी स्वच्छता में इंदौर और सूरत फिर नंबर वन

# जमशेदपुर और बुंडू को क्लीन सिटी का अवार्ड

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** देशभर के 4000 से ज्यादा शहरी निकायों में भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से कराये गये स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 का रैंकिंग जारी हो गया है। झारखंड के जमशेदपुर और बुंडू को क्लीन सिटी का अवार्ड दिया गया। लौहनगरी जमशेदपुर को एक लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों में क्लीन सिटी के रूप में सम्मानित किया गया।

वहीं 25 हजार से ज्यादा आबादी वाले नगर निकायों में झारखंड के बुंडू को क्लीन नगर निकाय के रुप में सम्मानित किया गया है। इसबार भी पूरे देश में इंदौर और सूरत को अव्वल स्थान प्राप्त हुआ। यह लगातार सातवीं वार इंदौर ने खिताब जीता। गुरुवार को नयी दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विजेताओं को सम्मान दिया।

शहरों के लिए जारी स्वच्छता रैंकिंग कार्यक्रम में केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी, केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य सचिव मनोज जोशी, केन्द्र सरकार के अन्य अधिकारी मौजूद थे। वहीं राज्य सरकार की ओर से सूडा निदेशक अमित कुमार, उपनिदेशक कृष्ण कुमार, 20 से ज्यादा नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी और अन्य निकायों के नगर प्रबंधक मौजूद थे। (शेष पेज 11 पर)



### सचिव और निदेशक ने दी बधाई

नगर विकास व आवास विभाग के सचिव विनय कुमार चौबे और राज्य शहरी विकास अभिकरण के निदेशक अमित कुमार ने जमशेदपुर और बुंडू के पदाधिकारियों और कर्मियों को बधाई दी है। इसके साथ ही सभी निकायों को अगले वर्ष के स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर तैयार रहने का निर्देश दिया गया। मालूम हो कि राज्य 49 नगर निकायों में स्वच्छता को लेकर कई कार्यक्रम चलाया गया और लोगों के बीच जागरुकता बढ़ाने के भी प्रयास किये गये।

# साहिबगंज में पांच ठिकानों पर सीबीआइ ने मारा छापा

## घपला व संदिग्ध ट्रांजेक्शन को ले बैंक मैनेजर से पूछताछ

खबर मन्त्र संवाददाता



**साहिबगंज।** 1250 करोड़ के खनन घोटाले के बाद साहिबगंज में इडी और सीबीआइ की टीम लगातार एक्टिव है। गुरुवार को अहले सुबह ही सीबीआइ की टीम ने बरहेट में पांच स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। ये छापेमारी तीन सीएसपी (ग्राहक सेवा केंद्र) में की गयी। जांच टीम ने भारतीय स्टेट बैंक (सीएसपी), उसके संचालक के घर एवं तीन बिचौलियों के घरों समेत कुल पांच स्थानों पर छापेमारी की। छापेमारी के बाद सीबीआई की टीम भारतीय स्टेट बैंक (बरहेट शाखा) पहुंची और शाखा प्रबंधक मुक्ति लकड़ा से ट्रांजेक्शन को लेकर जानकारी ली।

**लाखों के संदिग्ध ट्रांजेक्शन :** जानकारी के अनुसार साहिबगंज के बरहेट सीएसपी से लाखों के संदिग्ध ट्रांजेक्शन हुए हैं। इसमें कई लोगों की अहम भूमिका है। (शेष पेज 11 पर)

# बंगाल में इंडी गठबंधन संकट में

एजेंसी

**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस सीट बंटवारे को लेकर विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल दलों के साथ लगातार बैठकें कर रही है. इस बीच सूत्रों ने बताया कि पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी, कांग्रेस के साथ सीट शेयरिंग को लेकर मीटिंग नहीं करेगी। समाचार एजेंसी ने टीएमसी से जुड़े सूत्रों के हवाले से बताया कि कांग्रेस की राष्ट्रीय गठबंधन कमेटी की बैठक में पार्टी किसी नेता को नहीं भेजगी। ऐसा इसलिए क्योंकि टीएमसी ने बंगाल की 42 लोकसभा सीटों में से सिर्फ 2 ही कांग्रेस को देने पर सहमत हुई है। इसको लेकर कांग्रेस ने कहा कि वो राजी नहीं है क्योंकि ये काफी कम सीट हैं। ऐसे में इसे स्वीकार करना काफी मुश्किल है। कांग्रेस की मांग बंगाल की 6 से 10 सीटों पर लड़ने की है। टीएमसी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि कांग्रेस को 2 सीटों का ऑफर पिछले लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव को देखते हुए दिया गया है। उन्होंने कहा कि 42 सीटों में से 39 सीटों पर कांग्रेस को पांच प्रतिशत से कम वोट मिले थे। कांग्रेस को 2021 के विधानसभा चुनाव में 2.93 प्रतिशत मत मिले थे। पार्टी को 2016 में 12.25 फीसदी वोट मिले थे। ऐसे में कांग्रेस नेतृत्व को स्वीकारना होगा कि बंगाल में वो कमजोर पार्टी है।



### सब ठीक हो जायेगा : नीतीश

वहीं पटना में जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस मसले पर उन तमाम चर्चाओं पर विराम लगाम लगा दिया। गुरुवार को पत्रकारों से बात करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि सब समय पर हो जायेगा, चिंता मत करिये। होने ही वाला है। नीतीश कुमार पटना में आयोजित इलेक्ट्रिक वाहन एक्सपो में शामिल होने पहुंचे थे। वहां मीडिया ने उनसे सीट शेयरिंग के उलझते मामले पर सवाल किया।

# कैबिनेट सचिव ने इडी को भेजा पत्र, कहा- समन में अस्पष्टता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव और मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू को किये गये समन पर कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने इडी को पत्र लिखा है। पत्र लिखकर उन मामलों की जानकारी मांगी है, जिनमें साहिबगंज के उपायुक्त राम निवास यादव को समन किया गया है। सूत्रों के अनुसार इडी को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि उस एफआइआर के बारे में अस्पष्टता है, जिसमें डीसी और सीएम के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू को समन किया गया था।

कुछ समय पहले भी डीजीपी ने इडी को ऐसा ही पत्र लिखा था, जब केंद्रीय एजेंसी ने अवैध खनन मामले में साहिबगंज में तैनात दो डीएसपी प्रमोद मिश्रा और राजेंद्र दुबे को तलब किया था। दूसरी ओर कैबिनेट की बैठक में गत 9 जनवरी को एक प्रस्ताव पास किया गया, जिसमें कोई भी बाहरी जांच एजेंसी के बुलावे पर अब झारखंड के पदाधिकारी को सीधा जांच एजेंसी के समक्ष उपस्थित होने को नहीं कहा गया है।

**इडी ऑफिस नहीं पहुंचे साहेबगंज डीसी :** 1250 करोड़ के अवैध खनन घोटाला मामले साहेबगंज डीसी रामनिवास यादव गुरुवार को ईडी ऑफिस नहीं पहुंचे। (शेष पेज 11 पर)

गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 59,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 76,000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख




# अयोध्या पहुंचा सोने-चांदी से मढ़ा 500 किलो का नगाड़ा

## हरियाणा की झालरों से दुल्हन की तरह सज रही राम की नगरी

अयोध्या राम मंदिर — रामलला आ रहे हैं...

एजेंसी

**अयोध्या।** श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा से पहले अयोध्या में उपहार पहुंचने का सिलसिला जारी है। गुरुवार को 500 किलो का नगाड़ा अयोध्या पहुंचा। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने नगाड़ा अयोध्या पहुंचने पर कहा कि यह भारत की एक कला है। हमारी कोशिश है कि यह जिंदा रहे और इसे प्रोत्साहन मिले। वहीं भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा से पहले अयोध्या को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। करनाल हरियाणा में बनायी जा रही बिजली की झालरों से भगवान की नगरी और मंदिर की सजावट हो रही है। यहां महिलाएं हजारों झालर तैयार कर रही हैं। (शेष पेज 11 पर)



### अहमदाबाद से पहुंचा विशाल नगाड़ा

यह नगाड़ा गुजरात के अहमदाबाद से अयोध्या लाया गया है। विशेष रथ से अयोध्या लाये गये नगाड़े को गुजरात विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्र मंत्री अशोक रावल ने पत्र लिखकर स्वीकारने का अनुरोध किया है। इस विशाल और भव्य नगाड़े पर सोने और चांदी की परत चढ़ायी गयी है। ढांचे में लोहे और तांबे की प्लेट का भी इस्तेमाल किया गया है। इस नगाड़े को डबगर समाज के लोगों ने बनाया है। नगाड़े को उचित स्थान पर रखने के लिए भी कहा है। इससे पहले श्री राम जन्मभूमि मंदिर में स्थापित होने वाला 2100 किलोग्राम का अष्टधातु से बना घंटा भी ट्रस्ट को सौंपा गया था। अष्टधातु से बने इस घंटे की आवाज 10 किलोमीटर दूर तक सुनायी पड़ेगी।

मोदी सरकार-2 का आखिरी बजट सत्र 31 से, 1 फरवरी को आम बजट

# आदिवासी, महिला, किसान व युवाओं पर रहेगा फोकस

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव करीब आने के साथ ही केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को 1 फरवरी को अंतरिम बजट पेश करने वाली है। केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा पेश किया जाने वाला छठा बजट होगा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से 9 फरवरी तक चलने वाला है। तकनीकी रूप से, प्रस्तुत बजट 1 अप्रैल, 2024 से शुरू होकर 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए है, लेकिन परंपरागत रूप से, ऐसा बजट आमतौर पर वित्त वर्ष 2024-25 के पहले कुछ महीनों के खर्च का विवरण देने वाला वोट ऑन अकाउंट होता है। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का आखिरी बजट सत्र होगा।

**बजट में इन वर्गों पर होगा फोकस :** जानकारी के अनुसार इस बार के बजट में केंद्रीय वित्त मंत्री पांच प्रमुख वर्गों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। इनमें महिला, गरीब, युवा, किसान और आदिवासी वर्गशामिल हैं। ये भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए का लक्ष्य है। समाज के इन वर्गों के लिए मौजूदा योजनाओं के आवंटन में वृद्धि देखने की संभावना है, जबकि नयी योजनाओं की घोषणा की जा सकती है।

# झारखण्ड सरकार
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

61वीं औपबंधिक सूची जिला–हजारीबाग (पार्ट–07)

| क्र0 | आवेदनकर्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :–आयोग के माननीय सदस्यों द्वारा स्थानीय जाँच तथा चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्रीराम प्रवेश सिंह एवं सुखदेव प्रजापति द्वारा द्वारा आयोग के माननीय सदस्यों के समक्ष दिये गये बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 256. | 1. आवेदन क्र0–421/23<br>2. आवेदक–राजेन्द्र प्रसाद मेहता, पिता–श्री लालो महतो<br>3. ग्राम–कालाद्वार, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने ललाट में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 257. | 1. आवेदन क्र0–422/23<br>2. आवेदक–राजेन्द्र प्रसाद मेहता, पिता–श्री बासुदेव महतो<br>3. ग्राम–कालाद्वार, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांये गाल में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 258. | 1. आवेदन क्र0–एन0/175<br>2. आवेदक–निर्मल प्रसाद मेहता, पिता–स्व0 प्रयाग महतो<br>3. ग्राम–कालाद्वार, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाया पैर में जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 259. | 1. आवेदन क्र0–एन0/170<br>2. आवेदक–घनश्याम प्रसाद मेहता, पिता– श्री लालो महतो<br>3. ग्राम–कालाद्वार, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह– बाया बाजु में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 260. | 1. आवेदन क्र0–423/23<br>2. आवेदक–अशोक कुमार मेहता, पिता– श्री गन्दोरी महतो<br>3. ग्राम–कालाद्वार, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–38 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 261. | 1. आवेदन क्र0–एन0/131<br>2. आवेदक–बालेश्वर प्रसाद मेहता, पिता– जगरनाथ महतो<br>3. ग्राम–कालाद्वार, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह– गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 262. | 1. आवेदन क्र0– 424/23<br>2. आवेदक–यमुना प्रसाद मेहता, पिता– जगरनाथ महतो<br>3. ग्राम–कालाद्वार, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–39 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 263. | 1. आवेदन क्र0–425/23<br>2. आवेदक–सरयु महतो, पिता–सिधार महतो<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में लहसन। | कंडिका–2(ix) |
| 264. | 1. आवेदन क्र0–426/23<br>2. आवेदक–हरिहर महतो उर्फ हरिहर प्रसाद मेहता, पिता–स्व0 डमर महतो<br>3. ग्राम–रतनपुर, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया तरफ नाक में कटा निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 265. | 1. आवेदन क्र0– 427/23<br>2. आवेदक–भिखारी प्रसाद मेहता, पिता– श्री हेमनाथ महतो<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह– बाया हाथ के बगल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 266. | 1. आवेदन क्र0– 428/23<br>2. आवेदक–सतीश कुमार, पिता– स्व0 भेखलाल प्रसाद मेहता<br>3. ग्राम–डुमरौन, पोस्ट–डुमरौन, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह– ललाट पर कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 267. | 1. आवेदन क्र0–429/23<br>2. आवेदक–अनिता देवी, पति– इंद्रदेव प्रसाद मेहता<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–महिला, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया हाथ में तील। | कंडिका–2(ix) |
| 268. | 1. आवेदन क्र0–430/23<br>2. आवेदक–बालेश्वर प्रसाद महतो, पिता–स्व0 बदन महतो<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाया हाथ के घुटना पर कटा निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 269. | 1. आवेदन क्र0–431/23<br>2. आवेदक–विश्वजीत सिंह, पिता–नन्द किशोर सिंह<br>3. ग्राम–मुसाई, पोस्ट–मुसाई, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 270. | 1. आवेदन क्र0–432/23<br>2. आवेदक–मुन्नी प्रसाद मेहता, पिता–स्व0 चरण महतो<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाया गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 271. | 1. आवेदन क्र0–433/23<br>2. आवेदक–सुनील कुमार मेहता, पिता–स्व0 तालेश्वर प्रसाद मेहता<br>3. ग्राम–मंगुरा, पोस्ट–करियातपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 272. | 1. आवेदन क्र0–434/23<br>2. आवेदक–कौशलनाथ प्रसाद मेहता, पिता–स्व0 सोना महतो<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे पर दाहिने तरफ तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 273. | 1. आवेदन क्र0–435/23<br>2. आवेदक–भेखलाल प्रसाद मेहता, पिता–स्व0 जुगल महतो<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाया पैर पर कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 274. | 1. आवेदन क्र0–436/23<br>2. आवेदक–मालती देवी, पति– सरयु महतो<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–महिला, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया आँख के नीचे तील। | कंडिका–2(ix) |
| 275. | 1. आवेदन क्र0–437/23<br>2. आवेदक–यशोदा देवी, पति– मुंशी प्रसाद मेहता<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–महिला, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया हाथ में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 276. | 1. आवेदन क्र0–438/23<br>2. आवेदक–हेमराज प्रसाद मेहता, पिता–हरि महतो<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथ पर चेचक का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 277. | 1. आवेदन क्र0–439/23<br>2. आवेदक–दुलाम प्रसाद मेहता, पिता–हरि महतो<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथा पर तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 278. | 1. आवेदन क्र0–440/23<br>2. आवेदक–बसंत प्रसाद मेहता, पिता–सिदारी महतो<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया अंगुली में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 279. | 1. आवेदन क्र0–441/23<br>2. आवेदक–मथुरा महतो, पिता–स्व0 गिधा महतो<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया हाथ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 280. | 1. आवेदन क्र0–442/23<br>2. आवेदक–मनोज प्रसाद मेहता, पिता–हरि महतो<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाया गर्दन में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 281. | 1. आवेदन क्र0–476/23<br>2. आवेदक–बिरेन्द्र प्रसाद मेहता, पिता–स्व0 नागेश्वर महतो<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाया आँख पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 282. | 1. आवेदन क्र0–477/23<br>2. आवेदक–विनोद प्रसाद महतो, पिता–रेवा महतो<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया पैर पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–आयोग के माननीय सदस्यों द्वारा स्थानीय जाँच तथा चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री चन्द्रनाथ भाई पटेल एवं सुखदेव प्रसाद यादव द्वारा द्वारा आयोग के माननीय सदस्यों के समक्ष दिये गये बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 283. | 1. आवेदन क्र0–443/23<br>2. आवेदक–राजेन्द्र साव, पिता–मुटर साव<br>3. ग्राम–खरकी (सिमरबेड़ा), पोस्ट–खरकी, थाना–विष्णुगढ़, प्रखण्ड–विष्णुगढ़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–आँख के पास मस्सा। | कंडिका–2(ix) |
| 284. | 1. आवेदन क्र0–444/23<br>2. आवेदक–प्रयाग महतो, पिता–ईश्वर महतो<br>3. ग्राम–खरकी (सिमरबेड़ा), पोस्ट–खरकी, थाना–विष्णुगढ़, प्रखण्ड–विष्णुगढ़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–आँख के पास मस्सा। | कंडिका–2(ix) |
| 285. | 1. आवेदन क्र0–445/23<br>2. आवेदक–अर्जुन साव, पिता–सोकन सुण्डी<br>3. ग्राम–खरकी (सिमरबेड़ा), पोस्ट–खरकी, थाना–विष्णुगढ़, प्रखण्ड–विष्णुगढ़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 286. | 1. आवेदन क्र0–446/23<br>2. आवेदक–तालेश्वर महतो, पिता–प्रसादी महतो<br>3. ग्राम–खरकी (सिमरबेड़ा), पोस्ट–खरकी, थाना–विष्णुगढ़, प्रखण्ड–विष्णुगढ़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 287. | 1. आवेदन क्र0–447/23<br>2. आवेदक–प्रयाग महतो, पिता–राम चन्द्र महतो<br>3. ग्राम–खरकी (सिमरबेड़ा), पोस्ट–खरकी, थाना–विष्णुगढ़, प्रखण्ड–विष्णुगढ़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 288. | 1. आवेदन क्र0–219<br>2. आवेदक–पहाड़ सिंह महतो, पिता–स्व0 झगरू महतो<br>3. ग्राम–सारगडीह, पोस्ट–बरलंगा, थाना–बरलंगा, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक के उपर कटींग का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 289. | 1. आवेदन क्र0–226<br>2. आवेदक–विद्याधर महतो, पिता–स्व0 काशीनाथ महतो<br>3. ग्राम–सोनडीमरा, पोस्ट–सोनडीमरा, थाना–बरलंगा, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया हथेली पर तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 290. | 1. आवेदन क्र0– 600/23<br>2. आवेदक–रामेश्वर प्रसाद मेहता, पिता–स्व0 देवा महतो<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये आँख में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 291. | 1. आवेदन क्र0– 601/23<br>2. आवेदक–प्रभु प्रसाद मेहता, पिता–स्व0 बीसो महतो<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये पैर में दाग का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 292. | 1. आवेदन क्र0– 602/23<br>2. आवेदक–सरयु मेहता, पिता–स्व0 टुकन महतो<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक के बाये तरफ कटा निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 293. | 1. आवेदन क्र0– 603/23<br>2. आवेदक–प्रदीप प्रसाद, पिता–बालेश्वर महतो<br>3. ग्राम–असिया, पोस्ट–ईचाक, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–39 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये अंगुली में कटा निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 294. | 1. आवेदन क्र0– 604/23<br>2. आवेदक–यमुना प्रसाद मेहता, पिता–चन्द्रनाथ प्रसाद मेहता<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाये हाथ में जला का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 295. | 1. आवेदन क्र0– 605/23<br>2. आवेदक–रामचन्द्र मेहता, पिता–स्व0 वंशी महतो<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाये आँख के उपर बड़ा तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 296. | 1. आवेदन क्र0– 606/23<br>2. आवेदक–छत्रधारी महतो, पिता–स्व0 जगरनाथ महतो<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द, पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक, प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये हाथ में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मू) सदस्य (दुर्गा उरांव) अध्यक्ष

PR.NO.315733 Home(23-24):D


## पथ एवं भवन निर्माण विभाग के प्रधान सचिव ने गिनायी उपलब्धियां, कहा

# चार साल में 525 योजनाएं की गयीं पूर्ण

### वर्ल्ड क्लास सड़कों के निर्माण से आवागमन और सुलभ होगा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने अगर आप झारखंड में रहते हैंए तो यहां वर्ल्ड क्लास सड़कों से गुजरने का मौका मिलेगा। श्री कुमार गुरूवार को राज्य सरकार की उपलब्धियां पत्रकारों के समक्ष गिना रहे थे। दरअसल, श्री कुमार सूचना भवन में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रांची में एयरपोर्टए रेलवे स्टेशन जाने वाले लोगों को आने वाले दिनों में जाम वाली सड़कों से राहत मिलेगी। बाहर से रांची आने वालों को सड़क मार्ग से अब कम समय में दूरी तय करने का अवसर मिल रहा है। पथ निर्माण विभाग प्रदेश में कई हाईवे और फ्लाई ओवर बना रहा है। जिससे आवागमन में बहुत कम समय लगेगा। सुनील कुमार ने जानकारी दी कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के साथ शहरी क्षेत्रों की सड़कों का भी विकास किया जा रहा है। रांची के इनर रिंग रोड के 10 पार्ट में से कुल तीन पार्ट को स्वीकृति दी जा चुकी है। 194 किलोमीटर लंबे आउटर रिंग रोड का डीपीआर तैयार कर लिया गया है। वहीं रिंग रोड की कनेक्टिविटी पर काम किया जा रहा है। कई कनेक्टिंग रोड की स्वीकृति भी प्रदान की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 2000 किलोमीटर सड़क नेशनल हाईवे के माध्यम से बनाई जा रही है। राज्य सरकार की ओर से कुल 5200 किलोमीटर सड़क निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। वहीं 4600 किलोमीटर की सड़क निर्माण जारी है। उन्होंने बताया कि 12503 करोड़ की 11 पथों के निर्माण से संबंधित डीपीआर बनाने की प्रक्रिया चल रही है। इसके तहत कुल 323 किलोमीटर सड़क का निर्माण होगा। उन्होंने बताया कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार सड़कों के चौड़ीकरण, मजबूतीकरण और सौंदर्यीकरण पर विशेष योजना के तहत काम कर रही है। पिछले चार सालों में विभाग ने 5207 किलोमीटर लंबाई के पथ परियोजनाओं को पूरा किया। जिसमें 39 पुल पुलियों का निर्माण हुआ। वहीं चार वर्षों में 525 परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई। जिनकी कुल लंबाई 6589 किलोमीटर है। चार वर्षों में 26 महत्वपूर्ण पथ परियोजनाओं को पूर्ण किया गया। अब तक विभाग की ओर से 398 बड़े पुल-पुलिया का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है।



### झारखंड भवन सहित कई अन्य भवन का निर्माण जल्द होगा पूर्ण

सुनील कुमार ने बताया कि भवन निर्माण विभाग की ओर से राज्य में और राज्य के बाहर भी कई भवनों का निर्माण किया जा रहा है। इनमे से ज्यादातर भवनों के निर्माण कार्य को पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य में 2 नये मेडिकल कॉलेज 500 शैय्या वाले अस्पताल, सामुदायिक केंद्र, क्रिटिकल केयर ब्लॉक, अनुमंडलीय अस्पताल, बोकारो मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक डिग्री कॉलेज के साथ–साथ पर्यटन, कला, संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के विभिन्न टूरिस्ट स्पॉटए कृषि पशुपालन विभाग के कोल्ड स्टोरेज का निर्माण कार्य भी कराया जा रहा है। मुख्य रूप से निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क विभाग राजीव लोचन बख्शी सहित पथ निर्माण एवं भवन निर्माण विभाग के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

### एनएचआई से 6213 करोड़ की योजनाओं को मिली स्वीकृति

राष्ट्रीय उच्च पथ उपभाग झारखंड के तहत गत चार वर्षों में कुल 6213 करोड़ की योजनाओं को स्वीकृति प्राप्त हुई। जिसकी कुल लंबाई 815 किलोमीटर है। चालू वित्तीय वर्ष 2023.24 के लिए 1021 करोड़ की कार्य योजना स्वीकृति के लिए मंत्रालय स्तर पर प्रक्रियाधीन है। दूसरी तरफ प्रदेश में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा 40 हजार करोड़ की लागत से 1414 किलोमीटर की सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। इसमें राज्य सरकार के प्रयास से भूअर्जनए वन भूमि आदि जैसी समस्याओं को दूर किया गया। जिससे 633 किलोमीटर सड़क का निर्माण पूरा हो सकाण 781 किलोमीटर पथों का निर्माण कार्य प्रगति में हैं। उन्होंने कहा कि कांटाटोली से सिरमटोली को जोड़ने की स्वीकृति दी जा चुकी है। वहीं, हरमू फ्लाईओवर के निर्माण को लेकर भी प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है। इसके साथ ही कई अन्य शहरों में भी फ्लाईओवर निर्माण पर काम किया जा रहा है। राज्य सरकार की पहल से राज्य में एक्सप्रेस–वे कॉरिडोर, टूरिस्ट एक्सप्रेस–वे कॉरिडोर भी पर काम किया जा रहा है। साथ ही, वर्ल्ड बैंक के सहयोग से भी सड़क बना रहे हैं। करमटोली एलिवेटेड रोड का डीपीआर लगभग तैयार है।

# भाजपा के कामों को अपना बता तारीफ बटोर रही गठबंधन सरकार : नीलकंठ

- भ्रष्टाचार में लिप्त सरकार काम पूरा होने के बाद कराती है टेंडर
- भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष ने झारखंड भवन, विधानसभा भवन, झारखंड उच्च न्यायलय, प्रेस क्लब भवन, हज हाउस जैसे भवनों का निर्माण भाजपा सरकार की देन बताया



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा ने पथ एवं भवन निर्माण विभाग की तथाकथित उपलब्धि पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। श्री मुंडा गुरूवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार राज्य की जनता को बेवकूफ बनाने में लगी है। राज्य सरकार द्वारा रघुबर काल के किये किये गये कामो को अपना बताकर वाहवाही लूटने में लगी है। उन्होंने कहा कि जिस झारखंड भवन को हेमन्त सरकार अपनी सरकार की उपलब्धियों में शामिल कर बताने में लगी है। साथ ही, झारखंड विधानसभा, झारखंड उच्च न्यायलय, रांची प्रेस क्लब भवन, हज हाउस जैसे भवनों का निर्माण कार्य भाजपा सरकार की देन है। उन्होंने कहा कि पिछले रघुबर सरकार के 5 वर्ष के कार्यकाल में 22865 किमी सड़क का निर्माण किया गया था। वहीं, राज्य सरकार ने बताया गया कि मात्र 5200 किमी सड़क ही हेमन्त सरकार में बन पाये है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त सरकार अपने चहेतों को काम दिलाने के कारण पहले संवेदक तय कर देती है और काम पूरा होने पर टेंडर निकालती है।उन्होंने कहा कि बीते चार वर्षो में झारखंड राज्य में भ्रष्टाचार ने सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले हैं। स्वाभाविक हैए भवन निर्माण विभाग और पथ विभाग इससे अछूता नहीं है। पूरे राज्य में विभागों में लूट मचा हुआ है। यह विभाग कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण विभाग में स्वीकृत 1749 पद के मुकाबले केवल 497 ही कार्यरत हैं। जबकि 1252 पद रिक्त है। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण विभाग में नियम कायदों को ताक पर रखकर टेंडर का खेल चलता रहा है।

जमशेदपुर सर्किट हाउस भवन की 6.76 लाख रुपये की मरम्मती, सर्किट हाउस चहारदीवारी की 4.98 लाख रुपये से मरम्मती 24.87 लाख की लागत से भालकी पंचायत भवन और इतनी ही लागत से सिंहपुरा पंचायत भवन की मरम्मति कार्य का मामला एक उदाहरण भर है। इन योजनाओं का टेडर काम होने के उपरांत निकाला गया। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण विभाग में अफसरशाही किस कदर हावी हैए इससे साफ समझा जा सकता है कि एमजीएम मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करने गए स्वास्थ्य मंत्री द्वारा दो-दो बार फोन करने के बावजूद भवन निर्माण विभाग के सचिव द्वारा नहीं उठाया जाता है।

विभाग में जेई तबादले के वर्षों बाद भी रिलीव नहीं होते। उनपर रजिस्टर्ड ठेकेदारों के साथ पार्टनरशिप में ठेकेदारी का आरोप लगता रहा है। उन्होंने कहा कि पथ निर्माण विभाग में स्वीकृत 3601 पद के मुकाबले केवल 1654 ही कार्यरत हैं, जबकि 1947 पद रिक्त है। उन्होंने कहा कि सुव्यवस्थित परिवहन व्यवस्था किसी भी राज्य में विकास का आईना मानी जाती है। लेकिन हेमंत सोरेन सरकार में सड़कों की बदहाल स्थिति जगजाहिर है। उन्होंने कहा कि राज्य में डीएमएफटी फंड का दुरूपयोग तो हो ही रहा हैए इसमें भारी लूट खसोट किया जा रहा है। कमीशन का खेल खुलेआम जारी है। जहां रास्ता भी नहीं वहां लाखों का पुल बनाया जा रहा है। जैसी सरकार वैसी ही उनकी योजनाएं। पूरी तरह दिशाहीन और लक्ष्य विहीन। उन्होंने कहा कि सड़कों की मरम्मति के नाम पर सरकारी पैसों की लूट जारी है।

वास्तव में जो सड़के खस्ताहाल हैए उस पर कोई ध्यान सरकार का नहीं है। उन्होंने कहा कि 2022 में हजारीबाग के केरेडारी में एक ही सड़क का एक साथ दो विभाग से टेंडर कर दिया जाता है। एक डीएमएफटी फंड से तो दूसरा टेंडर आरईओ द्वारा। दोनों का शिलान्यास विधायक अम्बा प्रसाद ने किया। उन्होंने कहा कि सड़क सहित विकास योजनाओं में जुड़ी कंपनियों को सुरक्षा देने में सरकार नाकाम रही है। चतरा में नक्सलियों के डर से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की 40 करोड़ की 4 योजनाएं बंद कर ठेकेदार भाग तक खड़े हुए हैं। निर्माण साइट पर उग्रवादी हमले और आपराधिक गतिविधियां तो आम बात हो चुकी है। इस अवसर पर प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी एवं प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अशोक बड़ाईक उपस्थित थे।

## खबरें अदालत की

### मनी लांड्रिंग के आरोपी राहुल यादव से इडी करेगी पांच दिन पूछताछ

**रांची।** साहिबगंज जिले में अवैध खनन से प्राप्त 1000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के मामले में फरार दाहू यादव उर्फ राजेश यादव का बेटा राहुल यादव को ईडी ने पांच दिनों की पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ प्रारंभ कर दी है। कोर्ट की अनुमति मिलने के बाद ईडी ने गुरुवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार से उसे अपने साथ ले गई। पुलिस रिमांड अवधि 15 जनवरी को पूरी हो रही है। इसके बाद उसे पुनरू जेल भेज दिया जायेगा। राहुल यादव ने झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में दो जनवरी को ईडी कोर्ट में सरेंडर किया था। जहां से उसे जेल भेज दिया गया था। बता दें कि ईडी ने अवैध खनन से जुड़े मामले में पूछताछ के लिए राहुल यादव को पांच बार समन भेजा था। जब वह पांच समन के बावजूद ईडी के समक्ष नहीं पहुंचा तो ईडी ने कोर्ट से उसके खिलाफ गैर जमानतीय वारंट प्राप्त किया था।

### सूचना भवन में आज होगी उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की समीक्षा

**रांची।** राज्य सरकार के निर्देश पर 29 जनवरी तक राज्य के विभिन्न विभागों में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन कर विकास की उपलब्धियां गिनायी जायेंगी। सरकार के स्तर पर इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया गया है। इसमें कहा गया है कि प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिव आम जनता को विभाग द्वारा कल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियां और विकासकार्यों की गति से अवगत करायेंगे। प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में अपराह्न 3 बजे से होगा। जारी आदेश के अनुसार 12 जनवरी को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ,16 जनवरी को महिला,बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, 17 जनवरी को कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग/खान एवं भूतत्व विभाग, 18 जनवरी को ऊर्जा विभाग,19 जनवरी को ग्रामीण विकास विभाग,22 जनवरी को खाद्य,सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग,24 जनवरी को श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग और अंत में 29 जनवरी को अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के उपलब्धियों की जानकारी दी जायेगी।

### जेजे बोर्ड, सीडब्ल्यूसी में नियुक्ति से संबंधित स्वतः संज्ञान मामला निष्पादित

**रांची।** जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड (जेजे बोर्ड), चाइल्ड वेलफेयर कमिटी (सीडब्ल्यूसी) व राज्य बाल संरक्षण आयोग में रिक्त पदों को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार द्वारा नियुक्ति से संबंधित उठाएंगे कदमों को देखते हुए कोर्ट के स्वतः संज्ञान मामले को निष्पादित कर दिया। हालांकि इस दौरान कोर्ट ने बचपन बचाओ आंदोलन की जनहित याचिका में बच्चों के अधिकार एवं पुनर्वास सं संबंधित वृहत विषय को देखते हुए उस पर अगली सुनवाई के लिए 23 फरवरी की तिथि निर्धारित की है। मामले में बचपन बचाओ आंदोलन की ओर से अधिवक्ता अमित कुमार तिवारी ने पैरवी की। बता दें कि इससे पूर्व हुई पिछली सुनवाई में मामले में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि रांची एवं जमशेदपुर में एक–एक अतिरिक्त जेजे बोर्ड के गठन को कैबिनेट ने स्वीकृति दे दी है और इसके लिए राज्यपाल से भी आवश्यक अनुमति मिल गई है।

# पथ निर्माण विभाग के 22 इंजीनियर बदले आईएम चौधरी बने प्रभारी मुख्य अभियंता एनएच

## विभाग के 25 एक्जीक्यूटिव इंजीनियरों को एसई में प्रोन्नति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने 22 इंजीनियरों का स्थानांतरण पदस्थापन किया है। वहीं, 25 एक्जीक्यूटिव इंजीनियरों को सुपरिटेंडिंग इंजीनियर के पद पर प्रोन्नति दे दी गयी है। इस संबंध में पथ निर्माण विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार इंद्र मोहन चौधरी को प्रभारी मुख्य अभियंता राष्ट्रीय उच्च पथ उप भाग झारखंड, रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है। इसके अलावा प्रवीण जयंत बांगरा, मुख्य अभियंता, यातायात के सचिव पद को स्थानांतरित करते हुए उनकी सेवा पर प्रभारी मुख्य अभियंता के पद पर पदस्थापन के लिए झारखंड राज्य आवास बोर्ड रांची को सौंपा गया है। आशीष कुमार सिंह को कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल दुमका के पद पर पदस्थापित किया गया है तो विनीत वत्सल को कार्यपालक अभियंता, उड़न दस्ता नियंत्रण निदेशालय, पथ निर्माण विभाग रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है।

**राजू किस्पोट्टा गये भवन निर्माण विभाग :** इसी प्रकार राजू किस्पोप्ता को अगले आदेश तक भवन निर्माण विभाग की सेवा में भेजा गया है। बालकृष्ण टुडू को स्थानांतरित करते हुए सहायक अभियंता, अवर पथ प्रमंडल संख्या एक गिरिडीह के पद पर स्थापित किया गया है। दिलीप कुमार को प्रभारी सहायक अभियंता के पद पर पदस्थापन के लिए सेवा ग्रामीण विकास विभाग को दी गई है। रामप्रसाद सिंह की सेवा ग्रामीण विकास विभाग, सिकंदर प्रसाद सिंह की सेवा ग्रामीण विकास विभाग और पंकज कुमार नाग की सेवा नगर विकास विभाग ,निमांशु चरण गागरे को सहायक अभियंता खूंटी, मोहम्मद मजहर हुसैन को पाठ अवर प्रमंडल पथ गढ़वा मनेश्वर हेंब्रम को ग्रामीण कार्य विभाग को दी गई है। सुरेंद्र कुमार को ग्रामीण कार्य विभाग ,जयप्रकाश सिंह सहायक अभियंता की सेवा पथ प्रमंडल गोड्डा, विजय कुमार मरांडी सहायक अभियंता पथ प्रमंडल हंसडीहा के पद पर पदस्थापित किया गया है। अभय कुमार को सहायक अभियंता पथ अवर संख्या एक पथ प्रमंडल हजारीबाग ,राजीव कुमार को पथ अवर प्रमंडल मधुपुर, इंद्र मोहन सिंह को सहायक अभियंता एनएच देवघर ,शैलेश कुमार को पथ अवर प्रमंडल दो दुमका, सत्येंद्र कुमार सिंह को पथ प्रमंडल संख्या 3 रांची, अशोक प्रसाद को पथ अवर प्रमंडल गिरिडीह के पद पर पदस्थापित किया गया है।

### उमेश कुमार को मुख्य अभियंता पद में प्रोन्नति

राज्य सरकार ने अधीक्षण अभियंता व प्रभारी मुख्य अभियंता केंद्रीय निरूपण संगठन पथ निर्माण विभाग के पद पर पदस्थापित उमेश कुमार को मुख्य अभियंता के पद पर प्रोन्नति देते हुए उन्हें उक्त पद पर ही पदस्थापित किया है। इस संबंध में पथ निर्माण विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।

### विभाग के 25 ईई को एसई का तमगा

राज्य सरकार ने रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट के 25 एक्जीक्यूटिव इंजीनियरों को सुपरिटेंडिंग इंजीनियर के पद पर प्रोन्नति दे दी है। इनमें संतोष कुमार, श्रवण कुमार,विजय रंजन कुमार, अनिल कुमार, कुंडल कुमार,जयकांत राम,सुनील कुमार रजक, सुबोध पासवान,विजय कुमार दास, बिहारी प्रसाद, कुमार कृष्णानंद दास, गणेश राम,माधव मार्डी, देवाशीष लहरी, रघुवंश चौधरी, प्रेम प्रकाश कुमार सिंह सत्येंद्र प्रसाद सिंह,अभिनेंद्र कुमार,नसीम अली, मनोज कुमार वर्मा ,सैफुल्लाह अंसारी,विनोद कुमार, रविंद्र कुमार, महेंद्र प्रसाद गुप्ता और सुरेश प्रसाद शामिल हैं।

## एचइसी में किसी भी दिन ठप हो सकते हैं तीनों प्लांट

# बकाया बिजली बिल का 180 करोड़ का नोटिस

- पहले से 250 करोड़ रुपये की देनदारी
- हर साल घाटे में रहता है एचइसी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची स्थित हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन (एचइसी) पर पहले से 250 करोड़ रुपये से अधिक की देनदारी है। अब इसे 180 करोड़ रुपये के बकाये बिजली बिल के भुगतान का नोटिस मिला है। 15 दिनों में भुगतान नहीं करता तो बिजली काटने का नोटिस है। ऐसा हुआ तो एचइसी के तीनों प्लांट ठप हो जायेगा। एचइसी के पास बिजली बिल चुकाने के पैसे नहीं हैं। एचइसी ने भारत सरकार के उद्योग मंत्रालय को इसकी जानकारी देते हुए एक बार फिर आर्थिक मदद की गुहार लगायी है।

हालांकि, केन्द्र सरकार पहले ही कंपनी को किसी तरह की आर्थिक मदद से इनकार कर चुकी है। सरकार का कहना है कि एचइसी को अपने ही संसाधनों के जरिए खड़ा होना होगा। एचइसी पर बिजली बिल के मद में झारखंड राज्य विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) का 180 करोड़ रुपए बकाया है। निगम ने एचइसी को जो नोटिस जारी किया है, उसमें कहा गया है कि 15 दिनों के भीतर बकाया का भुगतान नहीं होने पर कंपनी को बिजली की सप्लाई काट दी जाएगी। बिजली कटते ही एचइसी के तीनों प्लांट ठप हो जाएंगे।

पहले ही जबर्दस्त आर्थिक संकट से जूझ रही कंपनी में इस नोटिस को लेकर हड़कंप है। यहां के अफसरों और कामगारों का 19 महीने का वेतन बकाया है। कंपनी के पास आज की तारीख में 1,355 करोड़ का वर्क ऑर्डर है। लेकिन, वर्किंग कैपिटल की कमी के चलते समय पर प्रोडक्शन नहीं हो पा रहा है। हाल में आई एचइसी की वर्ष 2022-23 की एनुअल रिपोर्ट से भी पता चलता है कि इसकी माली हालत दिनों-दिन किस तरह बदतर होती जा रही है।

इस वर्ष एचइसी का कुल प्रोडक्शन महज 60.50 करोड़ रुपये का रहा, जबकि, कंपनी को 230.85 करोड़ का घाटा हुआ। इसी तरह वित्तीय वर्ष 2021-22 में उत्पादन 203.84 करोड़ और घाटा 256.07 करोड़, वर्ष 2020-21 में उत्पादन 252.43 करोड़ और घाटा 175.78 करोड़, वर्ष 2019-20 में उत्पादन 158.29 करोड़ और घाटा 405.37 करोड़, वर्ष 2018-19 में उत्पादन 340.22 करोड़ और घाटा 93.67 करोड़ रुपये का हुआ था।

विभिन्न मदों में कंपनी की देनदारी 250 करोड़ रुपये से ज्यादा हो गयी है। सीपीएफ लोन और इंटरेस्ट में 6480.73 लाख, वॉलेंट्री पीएफ मद में 4616.12 लाख, एंप्लॉयर कंट्रीब्यूशन टू पीएफ में 1593.71 लाख, एंप्लॉय कंट्रीब्यूशन टू पीएफ में 2277.91 लाख, वाटर चार्ज में 5962.28 लाख, नगरपालिका कर में 173.47 लाख, झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में 4 लाख, जीएसटी रिवर्स चार्ज टैक्स में 215.67 लाख व प्रोफेशनल टैक्स मद में 7.36 लाख बकाया हैं। कंपनी पर वेंडरों के भी करोड़ों रुपए बाकी हैं।

गौरतलब है कि पंडित जवाहर लाल नेहरू के प्रधानमंत्रित्व काल में हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन (एचइसी) की स्थापना 1963 में हुई थी। एचइसी की स्थापना मदर ऑफ ऑल इंडस्ट्री (मातृ उद्योग) के रूप में की गयी थी। इसके तीन प्रमुख प्लांट हैं- फाउंड्री फोर्ज प्लांट, हेवी मशीन बिल्डिंग प्लांट और हेवी मशीन टूल प्लांट। इसने पिछले साठ वर्षों के इतिहास में स्टील, सीमेंट, एल्युमीनियम, खनन, खनिज प्रसंस्करण, डिफेंस, इसरो, रेलवे, कोल सेक्टर सहित विभिन्न उद्योगों के लिए अनगिनत संख्या में भारी मशीनरी और उपकरणों का उत्पादन किया है।

## जनजातीय कला एवं सांस्कृतिक समागम में युवाओं ने किया हुनर का प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** स्वामी विवेकानंद जयंती सह राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आरोग्य भवन-1, विकास भारती बिशुनपुर, बरियातु रांची में 11 एवं 12 जनवरी को दो दिवसीय राज्य स्तरीय जनजातीय युवा कला एवं सांस्कृतिक समागम 2024 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत पहले दिन सामुहिक सांस्कृतिक एवं जीवंत प्रदर्शनी के माध्यम से जनजातीय समुदाय के युवाओं द्वारा अपने-अपने हूनर का प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर पूरे राज्य से आये कुल 28 समुहों द्वारा अपने-अपने संस्कृति के अनुसार पारम्परिक नृत्य-गान एवं वाद्ययंत्र का मंच के माध्यम से प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही संस्था के अन्तर्गत विभिन्न परियोजनाओं के द्वारा (कृषि विज्ञान केन्द्र, जन शिक्षण संस्थान आदि) 17 स्टॉलों के माध्यम से जीवंत प्रदर्शनी को प्रस्तुत भी किया गया। इस अवसर पर झारखण्ड राज्य के दूर-दराज गांवों से लगभग 2500 जनजातीय युवा अपनी-अपनी कलाओं को प्रदर्शित करने निमित्त जिसमें विशेष जनजातीय समूह जो कि मुख्यतः पी०वी०टी०जी० समुदाय से हैं का भी आगमन इस कार्यक्रम के अन्तर्गत हुआ। कार्यक्रम के अतिथि सुदर्शन भगत, सांसद लोहरदगा के द्वारा सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्द्धन किया गया। यह जानकारी विकास भारती बिशुनपुर के मीडिया प्रभाग द्वारा दी गयी।

### रातू रोड ऑटो स्टैंड की आमसभा 31 को

**रांची।** रातू रोड ऑटो स्टैंड में यूनियन के कार्यकारी सदस्य एवं पदाधिकरियों की बैठक गुरूवार को यूनियन के अध्यक्ष अर्जुन यादव के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में वर्ष 2024-25 के कार्यकाल हेतु कार्यकारिणी सदस्य एवं पदाधिकारियों का चयन करने के लिए दिनांक 31.01.24 को सर्वसम्मति से आमसभा बुलाने का निर्णय लिया गया है। इस बैठक में मुख्य रूप से अर्जुन यादव, शैलेंद्र वर्मा, सुरेंद्र पांडे, सुनील सिंह, गोपाल सिंह, सुरेंद्र प्रजापति, शमीम अंसारी, शमाउन मंसूरी, महफूज आलम इत्यादि मौजूद थे।

### अब 3 फरवरी को रामगढ़ में होगी नीतीश कुमार की जनसभा

रांची। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब 3 फरवरी को रामगढ़ आयेंगे। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत उन्हें 21 जनवरी को नीतीश कुमार को जोहार जनसभा में शामिल होने के लिए रामगढ़ आना था। इसकी जानकारी जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने प्रदेश जदयू कार्यालय में गुरुवार को प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि 24 जनवरी को जननायक कपूर्री ठाकुर जी की जयंती है। उसके 100 वर्ष पूर्ण होने पर पार्टी इसे शताब्दी समारोह के रूप में मना रही है।

### 22 को ड्राई डे घोषित हो : दीपक प्रकाश

**रांची।** भाजपा के राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को पत्र लिख कर 22 जनवरी को राज्य में शराब एवं मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। श्री प्रकाश ने अपने पत्र में लिखा है कि अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा का भव्य कार्यक्रम निर्धारित है। भगवान श्री राम अपने स्वभाव, गुणों और कर्मों के कारण आदर्श पुरुष एवं मयार्दा पुरुषोत्तम कहलाते थे। उन्होंने राजपाट छोड़ 14 साल वनवास में बितायें। फिर भी एक श्रेष्ठ राजा कहलाते थे। क्योंकि उन्होंने सत्य, दया, करुणा, धर्म और मयार्दा के मार्ग पर चलते हुए राज किया। आज भी संस्कृति और सदाचार की बात होने पर हम सभी भगवान श्री राम का ही नाम लेते हैं।

## नगर निगम ऑफिस के बाहर सब्जी विक्रेताओं का प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जाकिर हुसैन पार्क स्थित नागा बाबा खटाल के सब्जी विक्रेता नगर निगम कार्यालय के बाहर विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। सब्जी विक्रेता मार्केट के बाहर अवैध तरीके से लगाये जा रहे दुकानों का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि बिना अनुमति मार्केट के बाहर सब्जी विक्रेता अपनी दुकान लगा रहे हैं। ऐसे में ग्राहक बाहर से ही सब्जी खरीद कर चले जाते हैं। इससे उनको हर दिन काफी नुकसान हो रहा है। नगर निगम से सब्जी मार्केट के बाहर अवैध दुकान लगाये जाने की शिकायत कई बार की गयी। लेकिन निगम ने इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

**जब से मार्केट बना है, तब से कोई न कोई विवाद हो रहा खड़ा :** दुकानदारों का कहना है कि जब से मार्केट बना है, तब से कोई न कोई विवाद खड़ा होता रहता है। कभी छत जर्जर होने के कारण पानी का रिसाव होता है तो कभी गंदगी की समस्या उत्पन्न होती है। खटाल के दाहिने तरफ अपर बाजार जाने वाली सड़क पर भी सब्जी दुकान लगे रहते हैं। जिसकी वजह से वहां अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। बाहर दुकान लगाने वाले कचरा को वहां फैला के चले जाते हैं।

**आवंटन के बाद भी दुकानदार के परिवार वाले बाहर में लगाते हैं दुकान :** दुकानदारों का यह भी कहना है कि आवंटन के बाद दुकानदार वेजिटेबल मार्केट में दुकान लगा रहे हैं। वहीं उनके परिवार के सदस्य मार्केट के बाहर दुकान लगाते हैं। रांची नगर निगम ने कई बार चेतावनी दी है कि आवंटित विक्रेता के घर का कोई सदस्य कहीं और दुकान नहीं लगा सकता है। ऐसा करते हुए पाये जाने पर उनका आवंटन रद्द किया जायेगा।

# रांची विवि के पीजी युवा महोत्सव कल्पतरू का समापन आज

### इवेंट्स के दूसरे दिन युवाओं की देखते बन रही थी मस्ती



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय पीजी युवा महोत्सव- 2024 कल्पतरू के दूसरे दिन आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्रों ने बढ़ -चढ़ कर भाग लिया। सभी इवेंट्स परफॉर्मिंग फाइन आर्ट्स विभाग और मास कॉम विभाग में आयोजित हो रहे हैं। 11 जनवरी को मास कॉम में क्विज का आयोजन किया गया, जिसमें कई राउंड के बाद पंद्रह छात्रों ने फाइनल में जगह बनायी। इन चुने गये छात्रों की क्विज प्रतियोगिता संपन्न हुई। क्विज प्रतियोगिता में विजेताओं का चयन डा. पूनम निगम सहाय, डा.समीरा सिन्हा, डा.सोनी तिवारी और डा. लाडली रानी की निर्णायक मंडली ने किया। मास कॉम में स्पॉट फोटोग्राफी इवेंट भी आयोजित किये गये, जिसमें 32 छात्रों ने एक भारत विकसित भारत विजन 2047 थीम पर बेहतरीन फोटोग्राफी की। परफामिंग एंड फाइन आर्ट विभाग में फोक डांस, क्लासिकल डांस एवं अन्य नृत्य विधाओं की प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। डांस प्रतियोगिताओं में कुल 25 ग्रुप ने भाग लिया। इसके अलावा गायन ,अभिनय , मिमिक्री जैसे इवेंट भी आयोजित किये गये जिसमें छात्रों ने उत्साह से भाग लिया। इन इवेंट्स में जज के रूप में डॉ स्मृति सिंह, विपुल नायक ,डॉ नियति कल्प, डा.किशोर सुरीन,डॉ सविता केसरी, सुजीत कुमार शर्मा , मनीष कुमार और विवेक दास ने विजेताओं का चुनाव किया। इस युवा महोत्सव का समापन समारोह 12 जनवरी को बेसिक साइंस स्थित आर्यभप्त सभागार में तीन बजे से होगा। इसकी अध्यक्षता कुलपति रांची विश्वविद्यालय डॉ अजीत कुमार सिन्हा करेंगे।

## खबर एक नजर में

### 14 व 21 को चार घंटे देर से चलेगी पुणे हटिया एक्सप्रेस

**रांची।** मध्य रेलवे के सोलापुर मंडल के अंतर्गत आने वाले तीन स्टेशनों विकास कार्य किया जा रहा है। विकास कार्य निंबलक, विलद और वम्बोरी स्टेशन पर किया जा रहा है। जिसके कारण हटिया स्टेशन से चलने वाली ट्रेन के समय में बदलाव किया गया है। रांची रेल मंडल की ओर से इस संबध में जानकारी दी गयी है। जिसमें बताया गया है ट्रेन संख्या 22845 पुणे हटिया एक्सप्रेस ट्रेन के निर्धारित प्रस्थान समय में परिवर्तन किया गया है। यह ट्रेन 14 जनवरी और 21 जनवरी को अपने निर्धारित प्रस्थान समय 10ः 45 बजे के स्थान पर 04 घंटे विलंब से चलेगी। ऐसे में ट्रेन 14ः 45 बजे पुणे से चलेगी।

### भ्रष्टाचार को ढकने को संघीय ढांचे पर प्रहार कर रही हेमंत सरकार : भाजपा

**रांची।** प्रदेश के भाजपा प्रवक्ता कुणाल षाडंगी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अगुवाई में कैबिनेट ने भ्रष्टाचारियों को शेल्टर देने का सरकारी उपाय ढूंढ लिया है। इससे ईडी और केंद्रीय जांच एजेंसियों की कार्रवाई को लटकाया, अटकाया और भटकाया जा सके। उन्होंने कहा कि केंद्र की भ्रष्टाचार रोधी एजेंसियों की कार्रवाई का भय सरकार पर हावी है। इसका प्रतिफल है कि उपटांग प्रस्ताव कैबिनेट में पारित की जा रही है। केंद्र की ईडी, सीबीआई सरीखे एजेंसियों से इतना ही परहेज है तो हेमंत सोरेन नित झारखंड सरकार को केंद्र सरकार की योजनाओं और करोड़ों-अरबों रुपये के फंड से भी दूरी और परहेज रखनी चाहिये। उन्होंने कहा कि केंद्र की यूपीए गठबंधन सरकार के शासन में वर्ष 2012 में पीएमएलए एक्ट पारित हुई था। इस कानून में यह स्पष्ट प्रावधान है कि ईडी को यह विशेष शक्तियां दी गई है कि वह वित्तीय गड़बड़ियों और भ्रष्टाचार के मामलों में सीधे जांच कर सकती है। इसे किसी से अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है। इसलिये संघीय ढांचे में संवैधानिक परिवर्तन कि जो नियम लोकसभा में पारित हुआ हो, उसको राज्य के स्तर पर बदला जाना न केवल पहली घटना है। बल्कि निहायत ही हास्यास्पद और दुर्भाग्यपूर्ण भी है।

### युवा दिवस पर विजेताओं को दिया गया नकद पुरस्कार

**रांची।** पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग अन्तर्गत खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय के तत्वाधान में राज्य स्तरीय राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें झारखंड राज्य के 5 प्रमण्डलों से चयनित 75 प्रतिभागियों ने पेंटिंग, युवा संसद, निबंध लेखन, क्विज एवं भाषण प्रतियोगिताओं में भाग लिया। उद्घाटन सत्र में मनीष कुमार, उप निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, राजेश तिवारी, अवर सचिव, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय शिवेन्द्र कुमार सिंह, जिला खेल पदाधिकारी, संतोष कुमार, जिला खेल पदाधिकारी, देवघर, अमित कुमार, जिला खेल पदाधिकारी, सरायकेला-खरसावां तुषार राय, जिला खेल पदाधिकारी, चतरा तथा प्रो० डॉ कमल बोस, संचालक ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग के सचिव मनोज कुमार एवं विशिष्ट अतिथि निदेशक खेल सुशांत गौरव थे। प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 20, 000 द्वितीय पुरस्कार 15,000 एवं तृतीय पुरस्कार 10,000 दिया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में मनीष कुमार, राजकिशोर खाखा, राजेश तिवारी, ब्रजेश कुमार, शिवेन्द्र कुमार सिंह, एसपी सिंह, प्रो डॉ० कमल बोस,एसएन झा आदि ने उल्लेखनीय योगदान दिया।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले चंद्रप्रकाश-लंबोदर

# छह जातियों को एसटी सूची में शामिल कराने को लेकर किया आग्रह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं गोमिया के विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने आज राष्ट्रपति भवन जाकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इन नेताओं ने संयुक्त रूप से राष्ट्रपति को झारखंड सरकार द्वारा 19 वर्ष पूर्व कुरमी/कुड़मी, घटवार , घटवाल, तेली, कोल्ह, व चंद्रवंशी/कहार जाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने के लिए गए निर्णय व इससे संबंधित केन्द्र सरकार को भेजे गये अनुशंसा से अवगत कराया और उनसे इस विषय पर समुचित कार्रवाई करने का आग्रह किया। साथ ही उनसे बोकारो हवाई अड्डा का नामकरण झारखंड आंदोलन के भीष्म पितामह बिनोद बिहारी महतो के नाम पर करने और झारखंड की सभी जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने को लेकर की दिशा में भी आवश्यक निर्देश देने का आग्रह किया। नेताओं ने सबसे पहले राष्ट्रपति को बताया कि झारखंड में निवास करने वाले कुरमी/कुड़मी, घटवार, घटवाल, तेली, कोल्ह, चंद्रवंशी/कहार जाति को अनुसूचित अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने को लेकर विगत कई दशकों से आंदोलन चल रहा है।

यह जातियां अनुसूचित जनजाति में शामिल होने की सभी अहताओं को पूरा करती है। इनके पास अपनी भाषा, संस्कृति परंपरा, लोक प्रथाएं रीति-रिवाज आदि आदिवासियों के समकक्ष है।

### लंबोदर का स्वागत

**रांची।** नई दिल्ली में आदिवासी कुरमी समाज के तत्वाधान में आयोजित एक समारोह में गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो को सम्मानित किया गया। उन्हें कुड़मालि भाषा व कुरमी /कुड़मी जाति के विषयों को झारखंड विधानसभा सभा में पुरजोर तरीके से उठाने व इसको लेकर बराबर मुखर रहने पर सम्मानित किया गया। उनको आदिवासी कुरमी समाज, नई दिल्ली के अध्यक्ष प्रसेनजीत महतो कचिमा ने सम्मानित किया।

## अमृत कुमार पासवान को सीएम ने दी ट्राईसाइकिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गुरूवार को राजधानी के रातू रोड निवासी अमृत कुमार पासवान को ट्राई साइकिल प्रदान कर उसका हौसला बढ़ाया । उन्होंने कहा कि दिव्यांग जनों का सशक्तिकरण सरकार का संकल्प है ।दिव्यांग जनों को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के लिये सरकार की कई योजनायें हैं । इसी कड़ी में यूनिवर्सल पेंशन स्कीम के माध्यम से दिव्यांग जनों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दिव्यांग जनों की हौसला अफजाई के लिए समाज आगे आएए ताकि वे भी विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ चढ़कर अपना योगदान कर राज्य के विकास में भागीदार बन सकें।

## राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव के पांचवे दिन गुरूवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने महोत्सव में आए लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। जहाँ एक तरफ झारखंड के पारंपरिक नृत्य और गीतों ने लोगों को झूमया तो वहीं दूसरी तरफ वर्षा ऋतु और उनके दल ने नाग पूरी गानों में नृत्य पेश कर लोगों का दिल जीता ,सांस्कृतिक कार्यक्रम में बॉलीवुड सिंगर ऋतुराज ने भी लोगों को झूमने पर मजबूर किया। महोत्सव में आए लोग खादी के परिधानों में मिल रहे छूट का पूरा लाभ उठाते नजर आए जहाँ एक तरफ लोग खादी के वस्त्रों को पसंद कर रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ सरस के उत्पाद अपने साथ घर ले जा रहे हैं चाहे वो रागी के लड्डू हो, मड़वा का ठेकुवा, शुद्ध सरसों का तेल, शुद्ध हल्दी या फिर दाल के आइटम्स।

### फूड स्टॉल में अनेक खाने-पीने के विकल्प मौजूद

पलाश के द्वारा 5 से 6 फूड स्टाल लगाए गए हैं जहां पर धुस्का ,पकौड़ी ,गुजिया ,ठेकुआ जैसे अनेक व्यंजन उपलब्ध हैं। नाश्ते में पूरी सब्जी ,दोपहर के खाने में दाल चावल पापड़ मशरूम और सलाद , खाने में रोटी, छिलका ,सब्जी मात्र 40 रुपए में उपलब्ध है।जिसमे छात्रों के लिए 10 रुपए की छुट हैं। चाट के लिए बनारसी चाट भंडार, राजस्थानी स्पेशल चाट जैसे स्टॉल है।

### समापन आज

राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2023-24 का समापन आज अपराह्न तीन बजे संपन्न होगा। कार्यक्रम के समापन के मौके पर माननीय राज्यपाल झारखंड सी पी राधाकृष्णन मौजूद रहेंगे।

# मास्टर के सीटी बजाते ही शहरी क्षेत्र में कचरा लेकर घर से निकले लोग

- ग्रामीण क्षेत्रों में भी सीटी बजाने पर मास्टर साहब का बना रहे मजाक
- राज्य के शिक्षकों ने शहर से गांव तक बजायी सीटी, बच्चों को बुलाया स्कूल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी समेत राज्य के विभिन्न जिलों में गुरुवार को सिटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कई अजीबो-गरीब चीजें देखने को मिली। एक तो बाजार से सिटी गयाब हो गयी। दूसरे शहर में जब मास्टर साहव सिटी बजाने निकले तो लोग अपने घरों से कचरा लेकर बाहर निकलने लगे। बाहर आते ही कचरे की गाड़ी की जगह मास्टर साहब को देख थोड़े शार्माये, और हंसते हुए कहने लगे कि उन्हें लगा कि कचरा गाड़ी आाया है। वहीं, ग्रामीण इलाकों में गांव की महिलाएं मास्टर साहब को सिटी बजाते देख काफी अचंभित थीं। उनका कहना था कि मास्टर साहब को क्या हो गया है सिटी बजाते चल रहे हैं। गांव में लोग सिटी बजाने को दूसरे अर्थ में लेते हैं। इन सभी के बीच मास्टर साहब सिटी बजा बजाकर बच्चों और उनके अभिभावकों को बुलाते रहे। उनके जागरुक करते रहे। इसी क्रम में रामिव तिलता की प्राचार्य बबीता कुमारी ह्रषिकेष पाठक समेत अन्य शिक्षकों ने भी सिटी बजाकर बच्चों के स्कूल भेजने के लिए उनके अभिभावकों को प्रेरित किया।

**जीपीएस उर्दू खिजुरटोली पहुंचे अधिकारी :** इधर जीपीएस उर्दू खिजुरटोली कांके रांची में सुबह 8.35 बजे में दीप्ति कुमारी,अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी रांची, सुरेश चौधरी बीईईओ कांके, कृष्णा प्रसाद बीआरपी,नसीम अहमद प्रभारी प्रधानाध्यापक शिक्षक सुभाष उरांव, शहजाद, शमासाद बेगम के द्वारा स्कूल के विभिन्न पोषक क्षेत्र महतो टोला,जमा मस्जिद गली खिजुरटोली ,ऊपर टोला और पारटांड़ में भ्रमण कर सिटी बजाते हुए किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चो की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करना है। औसतन प्रतिदिन की उपस्थिति 85 टू 90 प्रतिशत रहता है , जिसे बढ़ाकर शत प्रतिशत करना है साथ ही सभी बच्चे नियत समय पर स्कूल आए । स्कूल के सभी शिक्षक /बाल संसद के सदस्य/ सरस्वती वाहिनी संचालन समिति की सदस्य द्वारा टैग टोला के अनुसार सिटी बजाते हुए बच्चो को स्कूल लाया गया। बाद में छात्रों द्वारा प्रार्थना सभा में जेनरल नॉलेज, प्रशन उत्तर आज के अखबार पढ़ना, नेल चेक,सफाई जांच किया गया फिर बाद में सभी अधिकारी निरीक्षण में वर्ग कक्ष में छात्रों से धन पठन-पाठन श्यामपट में शब्दों को लिखकर जांच किया और छात्रों से कई तरह के सवाल में विषय पर्यावरण पाठ से अंतरिक्ष से व चढ़ाई पहाड़ की बारे में छात्रों से प्रशन पूछा गया। एसडीईओ एवं बीईईओ छात्रों के उतर से संतुष्ट हुए और छात्रों को उस्ताहित किया।

### रामवि चंदवे में 'सीटी बजाओ स्कूल बुलाओ' अभियान

चंदवे राजकीय मध्य विद्यालय में भी गुरुवार की सुबह में सभी बच्चों के साथ गांव में घूम घूम कर सीटी बजा कर बच्चों को जागरूक किया जा रहा है। सभी बच्चों को नियमित स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान गांव के अभिभावकों से आग्रह किया गया है कि वह अपने बच्चे स्कूल पढ़ने के लिए जरूर भेजें। प्रिंसिपल शांति एक्का के नेतृत्व में चलाये गये इस अभियान में चंदवे के मुखिया गुरुचरण मुंडा, स्कूल समिति अध्यक्ष सलउद्दीन समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

# अन्याय को न्याय में बदलने की कोशिश है भारत जोड़ो न्याय यात्रा : जीए मीर

## कांग्रेस पार्टी के झारखंड प्रभारी ने कहा- मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में लोकतंत्र का गला घोंटने में कोई कसर नहीं छोड़ी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारी बैठक की समीक्षा के उपरांत झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि अगर मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों की कहानी लिखी जाए तो वह अन्याय से शुरू होकर अन्याय पर खत्म होगी। इस तानाशाही सरकार ने अन्याय और अत्याचार की सारी सीमाएं लांघ कर एक ऐसी क्रूर और निर्मम व्यवस्था को जन्म दिया है, जहां देश का गरीब स्वाभिमान के साथ दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष करने को मजबूर है। गुलाम अहमद मीर गुरुवार को मोरहाबादी स्थित संगम गार्डेन में मीडिया से बात कर रहे थे।

इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के प्रवक्ता ज्योति सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष गीता कोड़ा, बन्धु तिर्की, जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, मंत्री-बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख मौजूद थे।

गुलाम अहमद मीर ने कहा कि हमारे देश में रोजगार के लिए चार करोड़ युवा भटक रहे है। 75 साल में पहली बार बेरोजगारी दर इतनी तेजी से बढ़ी है। खाने के समान दूध, दल, चावल, आटा पर जीएसटी लगा कर चीजें महंगी कर दी गई। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदाय के हक अधिकार को खत्म किया जा रहा हैं। देश की महिलाओं को सुरक्षा की गारंटी दी गई थी लेकिन वैसा वातावरण नहीं दिया जा रहा है। देश के अलग अलग राज्यों में चुनी राज्य सरकारों को किस तरह से तोड़ा गया। इससे सब वाकिफ है। कुछ इसी तरह की कार्रवाई कर झारखंड के लोगो के यह महसूस कराया जा रहा है कि यहां पर सब कुछ ठीक नहीं है।



गुलाम अहमद मीर ने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में न सिर्फ आम इंसान का जीवन मुश्किल कर दिया बल्कि लोकतंत्र का गला घोंटने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। जहां एक तरफ बेतहाशा बेरोजगारी युवाओं के सपनों को चकनाचूर कर रही है, तो वहीं दूसरी तरफ कमरतोड़ महंगाई गरीबों और मध्यम वर्ग का जीवन बेहद मुश्किल बना रही है। आज जहां देश में किसानों को उनकी मेहनत का मोल नहीं मिल रहा, तो वहीं मजदूर अपना खून पसीना जलाकर भी परिवार का पेट नहीं भर पा रहे। उन्होंने कहा कि बेटियां अपने सम्मान और सुरक्षा के लिए सड़कों पर बैठी हैं और तानाशाह सरकार के खिलाफ लड़ाई लड़ने को मजबूर हैं।

गुलाम अहमद मीर ने कहा कि इससे पहले भी राहुल गांधी की यात्रा कन्याकुमारी से कश्मीर तक चली और इस यात्रा के माध्यम से देश में भाईचारा जोड़ने का काम किया गया। 14जनवरी से मणिपुर से मुंबई तक भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत की जा रही है। इस यात्रा का मकसद सिर्फ अन्याय को न्याय में बदलने के लिए शुरू की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड का सबसे बड़ा हिस्सा इस यात्रा के दौरान कवर होगी। वहीं 2024 के लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन बड़ी जीत हासिल करेगी।

गुलाम अहमद मीर ने कहा कि देश में ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि मोदी सरकार नहीं चाहती कि देश की जनता उनका सच जाने, उनसे जरूरी मुद्दों पर सवाल पूछे, लेकिन अब जनता जाग चुकी है, अपने अधिकारों की बात कर रही है, अन्याय के खिलाफ आवाज उठा रही है, न्याय का हक मांग रही है। हम जनता की यह लड़ाई, जनता के साथ आगे ले जा रहे हैं। इस देश की जनता के समर्थन से हम तानाशाह केन्द्र सरकार से डरने वाले नहीं हैं, अन्याय के खिलाफ हमारी लड़ाई थमने वाले नहीं हैं। अन्याय के खिलाफ न्याय की यह लड़ाई जारी रहेगी-न्याय का हक मिलने तक।

### सभी वादे पूरा करेगी राज्य सरकार : आलमगीर

कांग्रेस विधायक दल नेता आलमगीर आलम ने कहा कि पार्टी की ओर से 2019 में विधानसभा चुनाव के दौरान जारी चुनावी घोषणा पत्र को पूरा करने का काम किया गया है। आने वाले समय में वह सभी वादे पूरे करने का काम किया जाएगा। सरकार के पास एक वर्ष का समय है। आने वाले चुनाव में भी जानता इंडी गठबंधन पर विश्वास करेगी और बड़े अंतर के साथ जीत दर्ज करायेगी।

## आज का राशिफल 12 जनवरी 2024

विक्रम संवत 2080, शक संवत 1945। ऋतु : हेमंत। सूर्य दक्षिणायन। मास : पौष, पक्ष : शुक्ल, तिथि : प्रतिपदा 14:24 बजे समाप्त। नक्षत्र : उत्तराषाढ़ा 15:18 बजे समाप्त। योग : हर्षण 14:05 बजे समाप्त। करण : बव 14:24 बजे तक, तदनंतर बालव 00:48 बजे रात्रि में समाप्त। चंद्रायु 0.5 घंटे। दिशाशूल : पश्चिम।

**मेष** : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्यवसायिक स्थितियां पैदा होंगी।

**वृष** : परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है।

**मिथुन** : विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। नये आगंतुकों से लाभ होगा।

**कर्क** : पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से कार्य सफल होगें। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**सिंह** : दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें।

**कन्या** : रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। हित के काम सुबह में निपटा लें।

**तुला** : संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं।

**वृश्चिक** : कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे।

**धनु** : मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं।

**मकर** : शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

**कुंभ** : विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

**मीन** : क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती है। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेगी। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा।

# जेपीएससी इस बार फिर एक साथ लेगी 3 सिविल सेवा परीक्षाएं

## 11वीं, 12वीं और 13वीं संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा अप्रैल-मई में संभव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) ने एक बार फिर से एक साथ तीन सिविल सेवा परीक्षाएं लेने का फैसला लिया है। नियुक्ति के लिए आयोग की ओर से एक बार फिर से 11वीं, 12वीं और 13वीं (सिविल सेवा -2021, 2022 और 2023) संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। कार्मिक विभाग से प्रस्ताव मिलने के बाद आयोग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। वहीं परीक्षा के लिए आवेदन को लेकर जल्द ही विज्ञापन भी जारी किया जायेगा।

बताते चलें कि इस परीक्षा के माध्यम से आयोग कुल 349 पद (342 नियमित व 7 बैकलॉक पद) की रिक्तियों पर नियुक्ति करेगा। इससे पहले भी जेपीएससी ने 7वीं, 8वीं, 9वीं, 10वीं (सिविल सेवा-2017, 2018, 2019, 2020) संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा का आयोजन किया था।

बताते चलें कि इस बार सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा (पीटी) संशोधित नियमावली 2021 के तहत ली जाएगी। कार्मिक विभाग की ओर से आयोग को भेजे गए प्रस्ताव के अनुसार सभी रिक्त पदें साल 2022 के 31 दिसंबर तक के हैं। जेपीएससी द्वारा आयोजित होने वाली 11वीं, 12वीं और 13वीं (पीटी) सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा को अप्रैल और मई 2024 में लेने की संभावना जताई गई है। वाणिज्यकर विभाग में कुल 63 खाली पदें हैं। इनमें 56 रेगुलर और 7 पद बैकलॉग के हैं। इसे ही सिविल सेवा प्रंरभिक परीक्षा में शामिल किया गया है, जबकि झारखंड सामाजिक सुरक्षा सेवा, झारखंड सूचना सेवा, झारखंड निबंधन सेवा, झारखंड नियोजन सेवा व झारखंड नगरपालिका सेवा के अंतर्गत 31 दिसंबर 2022 के शून्य रिक्ति रहने के कारण इसे प्रस्ताव में शामिल नहीं गया है।

**दो पाली में आयोजित की जाएगी परीक्षाएं :** प्रारंभिक परीक्षा (पीटी) दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर के 12 बजे तक आयोजित होगी। इसमें सामान्य अध्ययन प्रथम पत्र की परीक्षा होगी। वहीं द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे शुरू होगी जो शाम के 4 बजे तक चलेगी। इसमें सामान्य अध्ययन द्वितीय पत्र की परीक्षा होगी। इस परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड डाक के जरिए नहीं भेजा जाएगा। इसके लिए अभ्यर्थियों को स्वयं आयोग की वेबसाइट में जाकर डाउनलोड करना होगा। इसके साथ ही अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर आवेदन के समय दी गई रंगीन फोटो की दो प्रति, जो स्वहस्ताक्षरित हो, लाना अनिवार्य है। अभ्यर्थियों को फोटोयुक्त वैध पहचान पत्र लाना जरूरी है। अभ्यर्थी को ओएमआर शीट पर ब्लू बॉल प्वॉइंट पेन का ही उपयोग करेंगे। परीक्षा केंद्र में अभ्यर्थियों को मोबाइल फोन के अलावे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, बैग, खाद्य सामग्री, किताब और अस्त्र-शस्त्र लाने पर प्रतिबंध है।

**निर्धारित समय से आधा घंटा पहले पहुंचना होगा परीक्षा केंद्र :** अभ्यर्थियों को परीक्षा के लिए निर्धारित समय से आधा घंटा पहले परीक्षा केंद्र पहुंचना होगा। परीक्षा केंद्र में प्रवेश के पहले आवश्यक जांच के बाद ही अंदर जाने की इजाजत दी जाएगी। परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट देर से अगर कोई अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र पहुंचता है, तो उसे प्रवेश नहीं दिया जाएगा। दिव्यांग कोटे के परीक्षार्थी श्रुतिलेखन के लिए प्रमाण पक्ष के साथ परीक्षा शुरू होने से तीन दिन पहले उपस्थित होकर केंद्राधीक्षक के पास आवेदन जमा करेंगे।

### सिविल सेवा बैकलॉग की प्रारंभिक परीक्षा 21 को

करीब 7 साल के बाद कुल 10 पदों के लिए जेपीएससी द्वारा सिविल सेवा (बैकलॉग) प्रारंभिक परीक्षा (पीटी) का आयोजन 21 जनवरी 2024 किया जा रहा है। इसके लिए राजधानी रांची 8 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। इस परीक्षा के लिए 7661 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। 4261 अभ्यार्थियों के आवेदनों को विभिन्न कारणों से रद्द कर दिया गया है। वहीं, इस परीक्षा में 3400 योग्य अभ्यर्थियों के लिए एडमिट कार्ड जारी किया गया है।

# पीजी इतिहास की इंटरनल परीक्षा में 78 फीसदी फेल रजिस्ट्रार से मिले स्टूडेंट्स

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार विनोद नारायण से मिला। इस दौरान उन्हें पीजी इतिहास विभाग के छात्र छात्राओं की समस्याओं से अवगत कराया। मौके अभिषेक शुक्ला ने कहा की पीजी इतिहास विभाग मे सत्र 22-24 के सेमेस्टर 2 की परीक्षा में 140 छात्र छात्राओं में से 106 छात्र-छात्राओं को इनटरनल परीक्षा में विभाग द्वारा फेल कर दिया गया है, जबकि वे सभी एक्सटर्नल परीक्षा में पास हैं। दो दिन पूर्व रांची विश्वविद्यालय के कुलपति ने इतिहास विभाग के विभाग अध्यक्ष से बात कर उन्हें रिजल्ट में सुधार संबंधी सुझाव दिया था, लेकिन इतिहास विभाग द्वारा इस मामले में अभी तक कोई भी निर्णय या नोटिफिकेशन जारी नहीं किया गया है। वहीं मौके पर मौजूद कुल सचिव विनोद नारायण ने इतिहास विभाग में डॉ कंजीव लोचन से बात कर उनसे कहा कि निर्धारित समय सीमा के अंदर छात्र छात्राओं के हक में फैसला लिया जाये।

## खबर एक नजर में

### सीएम से मिले कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी जीए मीर

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को झारखंड कांग्रेस प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने औपचारिक मुलाकात की । यह मुलाकात कांके रोड स्थित सरकारी आवास में हुई। झारखंड कांग्रेस प्रभारी बनाये जाने के बाद मुख्यमंत्री के साथ श्री मीर की यह पहली मुलाकात थी। इस अवसर पर राज्य के ताजा राजनीतिक हालात और जनहित से जुड़े मुद्दों एवं विषयों पर विचार विमर्श हुआ। मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम और कृषि मंत्री बादल भी मौजूद थे।

### राज्यपाल से मिले मेजर जनरल विकास चौधरी

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से गुरुवार को मेजर जनरल विकास चौधरी मिले। राजभवन में हुई दोनों की इस मुलाकात को राजभवन ने शिष्टाचार भेंट बताया है।

### झारखंड केंद्रीय विवि में रक्तदान शिविर

**रांची।** स्वामी विवेकानंद जयंती की पूर्व संध्या पर झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय में गुरुवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास ने विवि के युवाओं से आह्वन किया कि स्वामी विवेकानंद के जीवन को आदर्श मानकर राष्ट्रहित में महत्वपूर्ण योगदान दें। राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) रांची द्वारा सभी रक्तदाताओं, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं, के रक्त समूह की जांचकर उसे रिम्स में जमा कर दिया गया। विश्वविद्यालय के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ जितेंद्र कुमार, डॉ सुभाष कुमार बैठा, केडी तिवारी, यादवेंद्र कुमार यादव, आशीष कुमार, ज्वाला कुमार गौतम, ओम निवास शर्मा एवं अनंत कुमार के अथक प्रयास से कुल 100 यूनिट रक्तदान किया गया।

### श्रीश्याम मंदिर में 22 को 11 हजार लड्डुओं का लगेगा भोग

**रांची।** रामनगरी अयोध्या में 550 वर्षों के बाद 22 जनवरी को रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में विशेष महोत्सव पर कई धार्मिक अनुष्ठान होंगे। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने गुरुवार को बताया कि मंदिर में विराजमान देवी-देवताओं को विशेष पोशाक पहनाकर दिव्य श्रृंगार किया जायेगा। विशेष पूजन अनुष्ठान के बाद हवन का कार्यक्रम होगा। विशेष आरती कर 11,000 लड्डू का भोग अर्पित कर आतिशबाजी और दीपोत्सव मनाया जायेगा। कार्यक्रम के संयोजक अजय मारू और उपसंयोजक गौरव अग्रवाल मोनू ने बताया कि अयोध्या में होने वाले कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बड़ी एलइडी स्क्रीन से किया जायेगा। मंदिर को रंग-बिरंगी लाइट से सजाया जायेगा। इधर, गुरुवार को श्रीश्याम मंदिर जय जय खाटू के वासी जय जय बाबा श्याम शरणागत हम आए आपके दर्शन आदि भजनों से गूंजता रहा। खाटूनरेश को महास्नान कराकर नवीन बागा (पोशाक) पहनाकर उन्हें फूल व तुलसीदल से सजाया गया था।

### नयासराय कूटे में सामुदायिक भवन का शिलान्यास

**रांची।** राज्यसभा सदस्य और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने नयासराय कुटे में बननेवाले सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया। इस मौके पर हटिया विधायक नवीन जायसवाल भी थे।

### डीएवी स्वर्णरेखा को मिली प्लस टू की मान्यता

**रांची।** डीएवी स्वर्णरेखा पब्लिक स्कूल विद्यानगर हरमू को सीनियर सेकेंडरी तक की मान्यता केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली से मिल गई है। इस ह की जानकारी स्कूल के प्राचार्य डॉक्टर मंजू सिंह एवं सचिव डॉक्टर गंणेश गुंजन झा ने दी। मौके पर स्कूल के सचिव ने कहा कि विगत 10 वर्षो से यह स्कूल शिक्षा की ज्योत जला रहा हैं।

### आर्यभट्ट सभागार में आज सांस्कृतिक विचार गोष्ठी

**रांची।** राष्ट्रीय युवा दिवस सह स्वामी विवेकानंद जयंती को लेकर रांची में सांस्कृतिक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है। नेहरू युवा केंद्र और राष्ट्र प्रथम के संयुक्त तत्वाधान में इस विचार गोष्ठी का आयोजन शुक्रवार को मोराबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में किया जा रहा है। सुबह 10 :30 बजे से आयोजित इस विचार गोष्ठी में मुख्य रूप से उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता अश्वनी उपाध्याय मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहेंगे।

### इनर व्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा ने मनाया सेंटेनियल डे

**रांची।** इनर व्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा रांची ने अध्यक्ष माला श्रीवास्तव और सचिव सोमा भादुड़ी के नेतृत्व में गुरुवार को इनर व्हील के आदर्श वाक्य को निभाते हुए भव्यता, मित्रता और सेवा की सच्ची भावना के साथ सेंटेनियल इनर व्हील डे मनाया। इसका आयोजन होटल कांके रिसॉर्ट में किया गया था।

### राजधानी टुसू महोत्सव का आयोजन

**रांची।** झारखंडी भाषा खतियान संस्कृति समिति टीम ने गुरूवार को राजधानी के बीचों बीच अल्बर्ट एक्का चौक में राजधानी टुसू महोत्सव का आयोजन किया गया। मौके पर देवेन्द्र नाथ महतो ने बताया कि टुसू महोत्सव का उद्घाटन पारम्परिक रीति रिवाज के साथ हुआ। महोत्सव में पूरे झारखंड प्रदेश से आदिवासी मूलवासी शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से देवेंद्र नाथ महतो, फलींद्र करमाली, सुमित खतियानी समेत सैकड़ों लोगों का अहम योगदान रहा।

### प्रोफेसर इंचार्ज बनीं डॉ रानी प्रगति प्रसाद

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के प्रोफेसर इंचार्ज का डॉ रानी प्रगति प्रसाद ने पद संभाला। उन्होंने 11 जनवरी, 2024 को पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 38 वर्ष के कार्य अनुभव को पूर्ण रूप से उपयोग में लाने का प्रयास रहेगा। समय पर क्लास का अच्छे से संचालन और गुणवत्ता पूर्ण शोध कार्य को आगे बढ़ाना उनका मुख्य उद्देश्य रहेगा।

### अशोक नगर से ड्रग्स सप्लायर गिरफ्तार

**रांची।** अशोक नगर से ड्रग्स सप्लायर गिरफ्तार हुआ है। अरगोड़ा थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक ड्रग्स सप्लायर अशोक नगर रोड नंबर 4 में ड्रग्स बेचने के लिए घूम रहा है। इसके बाद मौके पर पीसीआर की टीम पहुंची और ड्रग्स सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से पुलिस ने ब्राउन शुगर समेत कई अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### सेंट्रल एकेडमी स्कूल ने मनाया खेल महोत्सव

**रांची।** सेंट्रल एकेडमी स्कूल बरियातू का खेलकूद महोत्सव गुरूवार को मनाया गया। इस मौके पर 100 मीटर रेस, बाधा दौड़, गोला फेक सहित अन्य खेलों का आयोजन किया गया।

### डीपीएस के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

**रांची।** डीपीएस के 12 छात्रों ने आईएपीटी (इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजिक्स टीचर्स) द्वारा आयोजित नेशनल स्टैंडर्ड एग्जामिनेशन इन फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी एवं एस्ट्रोनॉमी में सफलता हासिल किया है। सफल विद्यार्थियों में तमन्ना कुमारी (कक्षा बारहवीं), देवोवनकर गिरि (कक्षा बारहवीं), समृद्धि केडिया (कक्षा बारहवीं), अशहद हुसैन (कक्षा बारहवीं), रोहित राज (कक्षा बारहवीं), रूहान श्रीवास्तव (कक्षा बारहवीं), हर्षल राज (कक्षा बारहवीं), श्रेयम झा (कक्षा बारहवीं), अनंदिता गुप्ता (कक्षा बारहवीं), लावण्या श्रीवास्तव (कक्षा बारहवीं), आदित्य कुमार (कक्षा ग्यारहवीं) और अर्नव सिन्हा (कक्षा ग्यारहवीं) शामिल है। प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने छात्रों की उपलब्धियों पर बहुत गर्व व्यक्त किया।

### शिकागो न्यूमेटिक और पीआरडी रिग्स ने ग्राहकों को सौंपी चाभी

**रांची।** जेएमबी इंफ्रा सेल्स एंड सर्विस ने शिकागो न्यूमेटिक कंस्ट्रक्यूकेशन इक्विपमेंट के नये मॉडल सीपीएस 575-225 की चाभी सीपी कंपनी के एरिया मैनेजर गौरव पांडेय के द्वारा कस्टमर मां भवानी बोरवेल के पार्टनर सुभाष प्रसाद एवं बालेश्वर सिंह को संयुक्त रूप से दिया गया। यह पूर्वी भारत और रांची की पहली मशीन है। मौके पर जेएमबी के बिजनेस हेड सत्या प्रकाश पांडेय समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# पीएलएफआइ सुप्रीमो के सहयोगी निवेश से इडी पांच दिन तक करेगी पूछताछ

**रांची।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआइ के सुप्रीमो दिनेश गोप के सहयोगी निवेश कुमार से ईडी पांच दिनों तक पूछताछ करेगी। इसके लिये ईडी ने रांची प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट की स्पेशल कोर्ट से अनुमति मांगी थी। ईडी ने जो रिमांड पिटीशन दाखिल की थी, उसमें निवेश से पांच दिनों तक पूछताछ करने की अनुमति मांगी गई थी। गुरुवार को ईडी की रिमांड पिटीशन पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने पूछताछ की अनुमति दे दी है। निवेश की ओर से उपस्थित अधिवक्ता वीरेंद्र प्रताप ने पांच दिनों की रिमांड मांगे जाने का विरोध किया। वहीं ईडी की ओर से उपस्थित विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने कहा कि निवेश से पूछताछ जरूरी है। मालूम हो कि निवेश धुर्वा का रहने वाला है। फिलहाल निवेश कुमार न्यायिक हिरासत में है।

# आनंद मोहन पहुंचे रांची, बूटी मोड़ पर वीर शिवाजी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पूर्व सांसद गुरुवार को राजधानी पहुचें। क्षत्रिय परिवार के द्वारा बूटी मोड़ चौक पर उनका स्वागत किया गया। पूर्व सांसद ने बूटी मोड़ पर स्थित वीर शिवाजी के मूर्ति पर माल्यार्पण किया साथ ही यहां के क्षत्रिय परिवार की सराहना की।

इस स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षत्रिय परिवार के नंद किशोर सिंह चंदेल, गोपाल सिंह, संजीत सिंह, श्याम सिंह, डीके सिंह, मनोज सिंह,अजय सिंह, रवि सिंह पिंटू, मुकेश सिंह, गुड्डू सिंह संतोष सिंह, बंटी सिंह राजपूत, सन्नी सिंह, बसंत सिंह, जितेंद्र सिंह,राकेश कुमार सिंह, सुबोध सिंह आदि सैकड़ो की संख्या में क्षत्रिय परिवार के लोग सम्मिलित थे। इस के बाद पूर्व सांसद प्रेस क्लब पहुचें जहां क्लब के सदस्यों ने स्वागत किया।

# न्यू बांधगाड़ी स्थित मंदिर को चोरों ने बनाया निशाना, लोगों में आक्रोश

**रांची।** राजधानी के बरियातू स्थित मंदिर में चोरी की घटना से राजधानी पुलिस उबर भी नहीं पायी थी कि चोरों ने घटना के तीन दिन बाद एक बार फिर सदर थाना क्षेत्र के न्यू बांध गाड़ी स्थित एक मंदिर में बुधवार देर रात चोरी की घटना का अंजाम देकर पुलिस को सोचने पर मजबूर कर दिया है। हालांकि पुलिस ने मंदिर से चोरी किये गये सभी सामानों को बरामद कर लिया है। चोरी की घटना होने के बाद लोगों में खासा आक्रोश देखने को मिल रहा है। गुरुवार सुबह लोगों ने देखा कि मंदिर से सामान गायब है। इसके बाद सभी आसपास के इलाकों में सामान को ढूंढने लगे। पुलिस को भी घटना की जानकारी दी गयी। पुलिस ने मंदिर के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला। करीब एक घंटे के प्रयास के बाद पता चला कि चोरी का सामान अटल मोहल्ला क्लीनिक और पार्षद भवन में रखा है। इसे पुलिस ने बरामद कर लिया है।

# नाकामी छिपाने को केंद्र सरकार ले रही है धर्म का सहारा : डॉ भालचंद्र



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाकपा के राष्ट्रीय सचिव डॉ भालचंद्र कांगो ने कहा कि देश में बेकारी, भुखमरी, लाचारी, बेरोजगारी, महंगाई चरम पर है। इसके बावजूद केंद्र की मोदी सरकार दस 10 वर्षों की नाकामी को छिपाने के लिए धर्म के सहारा ले रही है। जबकि देश में 80 फीसदी लोग 5 किलो अनाज के लिए मजबूर हैं। देश में आम लोगों की क्रय क्षमता समाप्त हो चुकी है। लेकिन मंदिर मस्जिद के नाम पर भारतीय जनता पार्टी राजनीति कर रही है। डॉ भाल चंद्र कांगो गुरुवार को पार्टी नेताओं के साथ बैठक करने के बाद पार्टी ऑफिस में मीडिया से बात कर रहे थे।

डॉ कांगो ने कहा कि भाजपा को लोकसभा के चुनाव में जनता सत्ता से बेदखल करेगी। राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए कई सीटों पर तैयारी की जा रही है। इंडिया गठबंधन के घटक होने के नाते इंडिया गठबंधन के तहत पार्टी चुनाव लड़ना चाहती है। अबिलंव गठबंधन की बैठक कर सीट शेयरिंग पर विचार करना चाहिए। इसके पूर्व हुए राज्य परिषद् बैठक की जानकारी देते हुए कांगो ने कहा कि सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से बेदखल करने के लिए इंडिया गठबंधन के तहत चुनाव लड़ा जायेगा।

# डोरंडा कॉलेज में यूथ फेस्टिवल का आगाज



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** डोरंडा कॉलेज में तीन दिवसीय यूथ फेस्टिवल की शुरुआत गुरुवार को हुई। मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत सिन्हा, विश्वविद्यालय के एग्जाम कंट्रोलर डॉ आशीष कुमार झा, मास कम्युनिकेशन के डायरेक्टर डॉ बीपी सिन्हा, केविन राय डेविड, कॉलेज के प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा द्वारा दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने विजन 2047 पर बच्चों को उत्साहित किया। उन्होंने कहा कि विजन 2047 इन बच्चों के लिए है उनके सोच के लिए है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ बीपी ने कहा कि हमारा कार्यक्रम युवाओं के लिए युवा महोत्सव विशेष रूप से स्वामी विवेकानंद की जयंती के रूप में प्रारंभ की गई है। इस कार्यक्रम का नामकरण हिलोर रखा गया है। कार्यक्रम में कॉलेज की डॉ रजनी टोप्पो, डॉ मंजू लाल, डॉ मलई भारती, डॉ शिल्पी सिंह, डॉ मंजू मिंज, शालिनी आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन रितिका विजय श्रीवास्तव व रोहिणी द्विवेदी ने किया।

# सीएम के प्रधान सचिव से मिला सहायक अध्यापक मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल

**रांची।** झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे से मिला। उनसे मिलकर गत दिनो आंदोलन के क्रम में सहायक अध्यापक के विभिन्न मांगों से अवगत कराया। प्रधान सचिव ने मेडिकल, ईपीएफ, अनुकम्पा, आकलन उत्तीर्ण प्रमाण पत्र एवं आकलन संबंधित विभिन्न समस्याओं पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। आकलन परीक्षा के विभिन्न त्रुटियों की सूची तैयार कर उपलब्ध कराने को कहा गया है। वेतनमान एवं सेवानिवृत्त सेवाकाल 60 से 65 वर्ष की मांग पर सीएम के स्तर से विचार कर वार्ता कराने का भरोसा दिया। नगर निगम एवं अधिसूचित क्षेत्रों के सहायक अध्यापकों की सेवा संपुष्टि एवं 4% वार्षिक वृद्धि को नियमावाली में संशोधन प्रस्ताव भेजा जाएगा।

# टुसू पर्व हमारी संस्कृति का प्रतीक : डॉ शांडिल्य

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में गुरूवार को एक दिवसीय टुसू मिलन समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) तपन कुमार शांडिल्य ने टुसू पर्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि टुसू धान का स्वरूप है, जिसे पांच परगना में लखी मां का प्रतीक माना जाता है। इसकी उत्पति कृषि सभ्यता के विकास के साथ जुड़ा हुआ है जो हमारे अर्थव्यवस्था के प्रमुख आधार के रूप में माना जाता। टुसू रांढ़ क्षेत्र के सभ्यता एवं संस्कृति का प्रतीक है।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने वर्तमान पीढ़ी को कृषि की गरीमा को समझने की बात कही। विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष डॉ. एस. एम. अब्बास ने इस तरह के पर्व-त्योहार के माध्यम से राष्ट्रीय एकता का परिचय मिलता है और किस प्रकार भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति विविधताओं से भरा है, इसका यह टुसु के रूप में देखने को मिलने की बात कही। टुसू कथावाचक के रूप में कुड़मालि विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. निताई चंद्र महतो ने प्रस्तुत करते हुए कहा कि टुसू पर्व की शुरूआत वर्ष के जेठ महीने के रहइन दिन प्रारंभ हो जाती है जब किसान घर से खेत में धान का बीज डालने के लिए शुभारंभ करते हैं। धान की फसल तैयार होने के बाद इसको खलिहान में समेटने के बाद अघहन महीने के अंतिम दिन यानी अघहन सांकराइत के दिन इस धान को डिनि बुढ़ि के रूप में खेत से खलिहान तक लाते हैं और खलिहान से टुसु रूप में अपने घर में स्थापित करते हैं। मिलन समारोह की शुरूआत टुसू के स्वरूप चौड़ल का स्वागत एवं स्थापना पारंपरिक विधि-विधान से की गई। इसमें भुषण कुमार महतो ने टुसु का परछन पाठ प्रस्तुत किया। फिर अतिथियों द्वारा टुसू के चौड़ल पर पुष्पार्पण एवं चुमावन किया गया। इसका अयोजन जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग एवं हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

स्पीड न्यूज

## बुंडू : स्वामी विवेकानंद स्कूल का स्थापना दिवस आज

**बुंडू।** स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल बुंडू का 26वां स्थापना दिवस 12 जनवरी को मनाया जाएगा। जिसमें स्थानीय पुर्व मंत्री सह विधायक स्वण्प्रमेश सिंह मुंडा की धर्म पत्नी वसुंधरा देवी एवं पूर्व प्राचार्य स्व शशिभूषण प्रमाणिक की धर्म पत्नी स्नेलता देवी को मरोणोपरांत विवेकानंद स्मृति से सम्मानित किया जाएगा। वहीं शिक्षा से जुड़े विद्वान, साहित्यकार एवं कलाकार को भी सम्मानित किया जाएगा। स्कूल दिवस के 26वां वर्षगांठ पर विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

## सुकुरहुटू में पीसीसी पथ का शिलान्यास

**कांके।** प्रखंड के सुकुरहुटू आइटीबीपी के समीप राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश ने गुरुवार को अपने मद से पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास किया। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल महतो उप प्रमुख अजय बैठा जिप सदस्य सुषमा देवी राजकुमार महतो प्रभात भूषण हरे कृष्णा महतो तुलसी महतो शुत्रुघन महतो राजेश कुमार सहित कई थे।

## सिर धड़ से अलग शव मुरी स्टेशन से बरामद

**मुरी।** मुरी स्टेशन के रेलवे लाइन से सिर धड़ से अलग शव को मुरी जीआरपी ने बरामद किया, जिसे अपने कब्जे में लेते हुए पहचान के लिए छानबीन शुरू कर दी। जीआरपी मौत के कारणों का पता लगा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना के समय हटिया-टाटा पैसेंजर सुबह-सुबह पहुंची थी। इसके जाने के बाद ही पता चला कि शव का सर कट चुका है। अभी तक पहचान नहीं होने के कारण मामला संदिग्ध लग रहा है।

## उरुगुटू लैंपस में खुला धान क्रय केंद्र

**ठाकुरगांव।** कांके प्रखंड के उरुगुद्ध लैंपस में गुरुवार को धान क्रय केंद्र का उद्घाटन किया गया। केंद्र का उदघाटन बीएओ, बीसीओ, जिप सदस्य सुषमा देवी, सांसद प्रतिनिधि रंजनलाल शाहदेव, विधायक प्रतिनिधि प्रभात भूषण, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपाल महतो, पंस सदस्य तारा देवी, लैंपस अध्यक्ष वासदेव पाहन सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। लैंपस के रजब अंसारी ने कहा कि इस वर्ष किसानों से 23 रुपये प्रति किलो की दर से धान खरीद की जाएगी। मौके पर दर्जनों किसान मौजूद थे।

## घर-घर पहुंचाया गया राम जन्मभूमि का निमंत्रण पत्र

**ठाकुरगांव।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के सदस्यों ने गुरुवार को श्रीराम जन्मभूमि के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण पत्र उरुगुटू, पतरातू मेढ़ी, बागदा और बेंती गांव में घर घर पहुंचाया। इस दौरान सभी सरना सनातनियों से आग्रह किया जा रहा है की 22 जनवरी को अपने-अपने घरों में दीपक जलाकर उत्सव मनाएंग सामूहिक रूप से मंदिर में भजन कीर्तन का आयोजन रखें और प्रसाद भोग का वितरण करें। मौके पर विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष रणविजय शाहदेव, अनिल महतो, संजू देवी, गोपाल महतो, पिंटू पांडे, प्रकाश महतो, दीपक महतो लक्ष्मी नाथ पांडे, अंजली देवी, हरि कृष्ण, रीना कुमारी, रामदयाल मौजूद थे।

# स्कूटी-ऑटो की भिड़ंत में प्रधानाध्यापक की मौत

### शोक की लहर

खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** रांची पुरुलिया सड़क पर थाना क्षेत्र के हेसल रूप सोना नर्सिंग कालेज के निकट बुधवार की रात करीब साढ़े आठ बजे स्कूटी चालक मध्य विघालय हेसल के प्रधानाध्यापक बैजनाथ महतो और ऑटो के बीच टक्कर हो जाने से प्रधानाध्यापक बैजनाथ महतो गम्भीर रूप से जख्मी हो गए थे। आस पास के लोगों ने तत्काल इलाज के लिए उसे रिम्स ले जा रहे थे कि रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। बताया गया कि प्रधानाध्यापक अपनी स्कूटी से रांची से वापस हेसल संजीवनी क्लोनी स्थित अपना घर लौट रहे थे। इसी बीच नशे में घूत ऑटो चालक अजय लोहरा ने उसे जोरदार धक्का मार दिया। मृतक की पत्नी के बयान पर अनगड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। पुलिस ने ऑटो चालक अजय लोहरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रधानाध्यापक की असमायिक मौत पर अनगड़ा में शोक की लहर व्याप्त है। उनका अन्तिम संस्कार हेसल स्वर्णरेखा घाट में किया गया। इधर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षा संघ के उपाध्यक्ष हरेकृष्ण चौधरी गोर्वधन महतो शैलेस सिंह भीम सिंह मुन्डा आजसू नेता राजेन्द्र शाही मुंडा वनमाली मंडल पंकज महतो समाजसेवी जयराम महतो सहित शिक्षकों ने उनकी असमायिक मौत पर गहरी संवेदना प्रकट की है।



### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**बुंडू।** एक नाबालिक किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी सुमित सेठ उम्र 19 वर्षीय युवक को बुंडू महिला थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।महिला थाना प्रभारी ने बताया पिछले 6 जनवरी को तमाड़ में नाबालिक किशोरी के साथ सुमित सेठ ने दुष्कर्म किया था। पीड़िता किशोरी के बयान पर महिला थाना में प्राथमिक की दर्ज किया गया है। आरोपी युवक को उनके गांव हिंद्रिडीह से गिरफ्तार से किया गया।

## जन्मदिन के बहाने नाबालिग को रूक्का डैम बुलाया, किया दुष्कर्म

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** अपने नाबालिग गर्ल फ्रेंड को जन्मदिन मनाने के बहाने रूक्का डैम बुलाया और अपने दोस्त के साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म करने के दौरान युवती का अश्लील वीडियो भी बना और वीडियो वायरल भी कर दिया, जिसकी जानकारी होने पर युवती द्वारा ओरमांझी थानाा में मामला दर्ज कराई गई। बताया गया कि करमा टोली लालपुर रांची की 17 वर्षीय युवती के साथ मायापुर निवासी 23 वर्षीय युवक दिलीप उरांव का ढाई वर्ष से प्रेम संबंध चल रहा था। 31 दिसंबर को दिलीप उरांव ने युवती फोन कर बुलाया था। युवती ऑटो से पहुंची तो वह अपने गांव के दोस्त मुकेश कुमार गंझु 26 वर्ष के साथ अपने स्कूटी में बैठा कर उसे पहले रूक्का डेम ले गया। वहां साथ में केक काटने के बाद साथ में घुमाया। बाद में शराब भी पी और शाम होने पर घर छोड़ने के बहाने युवती को दोस्त मुकेश कुमार गंझु के घर ले गए। रात में दोनो ने युवती का जबरन कपड़े उतराने लगे। युवती द्वारा विरोध करने व चिलाने पर मारपीट कर व जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म किए। सुबह चार बजे भोर में रिंग रोड़ में छोड़कर फरार हो गए। जब युवती को वीडियों वायरल होने की जानकारी हुई तो तो ओरमांझी थाना में मामला कराई। मामला दर्ज होते ही पुलिस द्वारा दोनो आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।



दुष्कर्म के आरोपित दोनो युवक।

### नाबालिग के अपहरण के आरोपी को जेल

**इटकी।** नबालिग लड़की के अपहरण का आरोपी साजीक आलम उर्फ अंसारी को इटकी पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। जबकि नबालिग को मेडिकल चेकअप के लिए सदर अस्पताल रांची लेजाया गया है। अभियुक्त साजीक थाना क्षेत्र के बारीडीह गांव का निवासी है। थाना प्रभारी अमित प्रशांत के अनुसार कांड गत सात जनवरी की है। आरोपी के विरुद्ध इटकी थाना में कांड संख्या 2-24 के तहत अपहरण का मामला दर्ज है। नबालिग के पिता इम्तियाज अंसारी द्वारा आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था।

### चान्हो : कुआं में डूबने से युवक की मौत

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के रानीचांचो गांव निवासी पैंतालीस वर्षीय सुकरा उरांव की गुरुवार सुबह कुएं में डूबने से मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुकरा अपने घरवालों से कहा कि वह नहाने जा रहा है और घर से बाल्टी लेकर निकल गया। काफी देर बाद तक जब वह घर वापस नहीं लौटा तब लोगों ने उसकी तलाश शुरू की। लगभग ग्यारह बजे खेत में पटवन करने गये एक ग्रामीण ने देखा कि गांव से आधा किलोमीटर दूर स्थित एक कुएं के पास रस्सी बाल्टी पड़ा हुआ है और सुकरा उरांव कुएं के पानी में डूबा हुआ है। सूचना मिलने पर चान्हो पुलिस ने सुकरा उरांव के शव बाहर निकालकर कब्जे में ले लिया है।

### बाइक चोर को सीसीएल कर्मी ने पकड़ा

**खलारी।** डकरा रेस्क्यू स्टेशन के पास खड़ी बाइक की चोरी करते हुए चोर को सीसीएल कर्मी ने पकड़ा। मिली जानकरी के अनुसार सीसीएल कर्मी रविन्द्र कुमार सिंह बंसत बिहार कॉलोनी बचरा के रहने वाला है। वह सीसीएल पिपरवार में ओवर मैन के पद पर कार्यरत है। वे रेस्क्यू स्टेशन चुरी के गेट के पास बाइक लगाकर ट्रेनिंग के लिए चले गये। जब लौटे तो देखा कि एक व्यक्ति उनकी बाइक को ढकेलकर ले जा रहा था। चोर को मोटरसाइकिल चोरी करते देख तुरन्त शोर मचाते हुए दौड़ा कर उक्त लड़के को पकड़ लिया।

## खलारी में 'सीटी बजाओ स्कूल बुलाओ' अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

खलारी। उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीर नगर ऊपर टोला में प्रधानाचार्य रंथु साहु के नेतृत्व में विद्यालय के विभिन्न पोषक क्षेत्र कमाती धौड़ाएमहुआ धौड़ाएपीपल धौड़ाएइमली धौड़ाए अमृत नगरएजी टाइपएबलथरवाएचुरी बस्ती एवं बरवा टोला में सीटी बजाओएस्कूल बुलाओ उपस्थित बढ़ाओ अभियान चलाया गया स इस महाअभियान में विद्यालय के बाल संसद मंत्रियों सहित 25 मॉनिटर का समूह बनाया गया। जिसमे विद्यालय के शिक्षकएमाता समिति एवं विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों को भी जोड़ा गया। इस दौरान विद्यालय के प्रार्थना सभा में डकरा संकुल संसाधन सेवी मनोज मिश्रा ने सभी बच्चों की उपस्थिति हेतु संकल्प लिया गया। अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मॉनिटर के समूह को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सहायक शिक्षक राजेश कुमार साहु अरुण उरांव सहित बाल संसद मंत्रियों को सराहनीय योगदान रहा।

### रातू में भी चलाया गया अभियान

**रातू।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के राज्यव्यापी सीटी बजाओ स्कूल बुलाओ कार्यक्रम के तहत प्रखंड में जागरूकता अभियान चलाया गया। विद्यार्थी भी इसके हिस्सा बने। अनामांकित और ड्रॉपआउट बच्चों को विद्यालय लाने के उद्देश्य से पोषक क्षेत्र में चलाये गये अभियान का नेतृत्व विद्यालयों के प्राचार्य ने किया। इसमें पंचायत प्रतिनिधि, सीएमसी सदस्य और शिक्षा प्रेमियों का साथ मिला। अभिभावकों ने भी अभिरुचि ली। ग्रामीणों ने बच्चों को स्कूल भेजने का संकल्प लिया। बीपीओ हिना नाज ने विद्यालयों का भ्रमण कर कार्यक्रम का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने शिक्षक- शिक्षिकाओं को कई जरूरी निर्देश भी दिये।



## रातू के होचर पतराटोली में 28 जनवरी को होगा वनभोज

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती निर्मला भगत की ओर से 28 जनवरी को होचर पतराटोली में वनभोज सह मिलन समारोह आयोजित किया जायेगा। इसमें जिप सदस्य, प्रमुख, उप प्रमुख, मुखिया, सरपंच, उप मुखिया, वार्ड सदस्य, प्रखंड व अंचलकर्मी तथा थाने के पुलिस पदाधिकारी आदि शामिल होंगे। उन्हें न्योता देने का काम युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। नया साल को शानदार तरीके से सेलिब्रेट किया जायेगा। गीत-नृत्य का दौर चलेगा। लोग लजीज व्यंजन का स्वाद भी चखेंगे। यह जानकारी राजीव रंजन उर्फ चिंटू मिश्रा ने दी है। उन्होंने बताया कि तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### वार्ड सदस्यों की बैठक आज

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव जीतकर आये प्रखंड के वार्ड सदस्यों की बैठक शुक्रवार को दिन के 11 बजे होचर ईद जतरा टिकरा में होगी। जिप अध्यक्ष निर्मला भगत खास मेहमान होंगी। यह जानकारी तारूप के उप मुखिया बंधु महतो ने दी। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक महकमे में मान-सम्मान नहीं मिलने से वार्ड सदस्य नाराज हैं। बैठक के दौरान आंदोलन की रणनीति बनायी जायेगी।

एक नजर में

## कांके : झामुमो कार्यकर्ताओं ने मनाया शिबू सोरेन का 80वां जन्मदिन



**कांके।** गुरुवार को शिबू सोरेन के 80वें जन्मदिन के अवसर पर झामुमो कांके प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी की अध्यक्षता में कार्यकताओं ने केक काटकर एक दूसरे को बांटा औ? उनके दीघार्यु होने की कामना की। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी खुर्शीद आलम सज्जाद अंसारी रवि अनमोल साँचा विनोद मुंडा रजनीचन्द्र पाहन शेख सहाबुद्दीन सबीबुल रहमान मोहम्मद असलम लालचंद सोनी शंकर उराँव कलीम खान मोहम्मद चांद होजैफ अंसारी नसीम अंसारी करण गाड़ी आजाद अंसारी रंथू उराँव नूरमोहम्मद अंसारी अजीजुल अंसारी शाहदेव सिंह मुंडा सागर मुंडा मोतीलाल उराँव मुन्ना मुंडा हुसैन अंसारी नीलकंठ मुंडा नाजिर आलम सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एटक की बैठक में जीएम ऑफिस के समक्ष 17 को धरना का निर्णय

**खलारी।** यू सी डब्ल्यू यू एटक के क्षेत्रीय कार्यालय में असंगठित मजदूरों की लंबित समस्याओं लेकर एक आवश्यक बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता मनोज कुमार ने किया गया। इस बैठक में असंगठित मजदूरों की लंबित कई समस्याओं पर गहन विचार विमर्श किया गया। जिसमे असंगठित मजदूरों का एनके क्षेत्र में ट्रांसपोटर कंपनियों के द्वारा कई वर्षों से लंबित सीएमपीएफ भुगतान जो एक भारी ज्वलंत समस्या है। यहाँ तक सीएमपीएफ भुगतान 2021 में भी विभिन्न कंपनियों में असंगठित मजदूरों का समस्या लंबित है। वही एनके एरिया में असंगठित मजदूरों का ज्वलंत समस्या सिर्फ एनके प्रबंधन के लचर लापरवाही के कारण एन के प्रबंधन एवं ट्रांसपोर्ट कंपनियों की लापरवाही से भुगतान नहीं हो रहा है। प्रबंधन व ट्रांस्पोटर कंपनियों की मिलीभगत का खेल देख कर मजदूरों में काफी रोष है। वर्षो से अंसगठित मजदूरों की समस्या को लेकर एन के प्रबंधन एवं मजदूर यूनियन के प्रतिनिधि से कई बार वार्ता हुई है जिसमें प्रबंधन द्वारा बार.बार समय लेती है। लेकिन समाधान नहीं हो पाया है।

## जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** राज्य सरकार की ओर से निबंधित संस्था प्रगति मानव सहयोग समिति ने गुरुवार को महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद शेख भिखारी व टिकैत उमराव सिंह के 166वें शहादत दिवस और झारखंड अलग राज्य के प्रणेता पूर्व मुख्यमंत्री, राज्यसभा सांसद व झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन का जन्मदिन के उपलक्ष्य में दरियादिली दिखाते हुये सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। मदद पाकर लोगों ने खुशी का इजहार करते हुए अध्यक्ष असलम अंसारी, सचिव वसीम मल्लिक, कार्यकारी अध्यक्ष मुंतजिर खान, महासचिव सैय्यद फिरोज आलम, उपाध्यक्ष अहतेशमुल हक, उप सचिव शाहिद अंसारी व कोषाध्यक्ष वसीम अंसारी के प्रति आभार जताया।



### समारोह में लिया हिस्सा

अलकमर एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष कमरुल हक, झारखंड आंदोलनकारी और जिला झामुमो अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष शमीम मंसुरी, अल्वीन लकड़ा, शकुंतला देवी, प्रदीप किस्पोट्टा, बबलू मिंज, सोमा उरांव, मेराज अंसारी, महताब आलम व समिति के सदस्य आदि।

**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**

**शुद्धि पत्र**

हजारीबाग नगर निगम कार्यालय द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना संख्या UDD/HMC/HZB/SBD/04/2023-24, जिसका PR No. 314770 है, Rejuvenation/Renovation of Dhobia Talab in Ward No. 12 Under Hazaribagh Municipal Corporation, Hazaribag में निम्नलिखित रूप से संशोधन किया जाता है।

| Sl. No. | Last Date of | Dates as per NIT | Amended Dates |
|---|---|---|---|
| 1. | Last Date/Time for receipt of online bids | 13.01.2024 up to 05:00 PM | 16.01.2024 up to 05:00 PM |
| 2. | Date/Time of Opening bids | 16.01.2024 at 05:00 PM | 17.01.2024 at to 11:00 AM |

शेष सभी शर्तें पूर्ववत् रहेंगी।

ह०/-
कार्यपालक अभियंता
नगर निगम, हजारीब

PR 315800Urban Development and Housing(23-24)#D

## स्वर्णरेखा नदी पर 9.35 करोड़ की लागत से बनेगा उच्चस्तरीय पुल

खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू।** रांची सांसद संजय सेठ और विधायक सुदेश महतो ने गुरुवार को सोनाहातू प्रखंड के स्वर्णरेखा नदी के मारांकिरी घाट पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण का शिलान्यास किये। ग्रामीण विकास विभाग के मुख्यमंत्री ग्रामसेतु योजना के तहत 9 करोड़ 35 लाख से पुल का निर्माण किया जायेगा। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए सांसद संजय सेठ ने कहा कि पुल दिलों को जोड़ने वाला होगा। बंगाल के साथ संबंध मजबूत होंगे। इन्होंने 22 जनवरी को दीपावली मनाने का आह्वान किये। विधायक सुदेश महतो ने कहा कि स्वर्णरेखा नदी पर यह तीसरा पुल एक माइल स्टोन साबित होगा। पुल के माध्यम से हम ग्रामीणों का संघर्ष को पूरा करने का काम कर रहे हैं। पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य पर वृहत पैमाने पर काम किये जा रहे है। हर घर मे शुद्ध पेयजल पहुंचाने का काम किया जा रहा है। गांव में राजनीतिक जागरूकता लाने का काम किया गया है। योजनाओं के माध्यम से हम गांव में भरोसा देने का काम कर रहे हैं। मौके पर मंजू सिंह मुंडा, ए सुकरा सिंह मुंडा, बीणा मुंडा, जयपाल सिंह, संजय सिद्धार्थ, चितरंजन महतो, श्याम महतो, गौतम सिंह देव, अशोक महतो, मुखिया सुभद्रा देवी, भाजपा के मनोज महतो मौजूद थे।



## अनगड़ा प्रखंड में खुलेगा आजसू पार्टी का हेल्प डेस्क

**अनगड़ा।** प्रखंड के डाक बांगला में गुरुवार को आजसू पार्टी की ग्राम प्रभारियों एवं पंचायत प्रभारियों की प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो की अध्यक्षता में हुयी। बैठक में पार्टी सुप्रीमों सुदेश कुमार महतो के निर्देश पर आजसू पार्टी हेल्फ डेस्क सेन्टर का गठन करने पर बिचार विमर्श किया गया इस मौके पर आजसू पार्टी केन्द्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने कहा कि आजसू पार्टी सुप्रीमो के निर्देश पर हेल्प डेस्क बनेगा। बैठक में राजेन्द्र शाही मुण्डा बनमाली मण्डल जलनाथ चौधरी साहेबराम महतो जगदीश भोक्ता महाबीर महतो अनिल मुंडा सोहन मुंडा योगेंद्र महतो आशाराम महतो कृष्ण कन्हैया मौजूद थे।

**जिला पशुपालन कार्यालय, कोडरमा**
द्वितीय तल्ला, लेफ्ट विंग, कोडरमा समाहरणालय भवन, कोडरमा - 825410
Email - ahdkoderma@gmail.com

**-: आम सूचना :-**
**(निःशुल्क टीकाकरण)**

केन्द्रीय योजना पशु स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम (LHDCP) अन्तर्गत गौवंशीय पशुओं एवं भैंस में होने वाले **FMD (खुरहा एवं मुहपका रोग)** एवं **Brucellosis (4 से 8 माह की बाछी के लिए)** बीमारी के रोक-थाम हेतु **दिनांक 16 जनवरी 2024 से 31 मार्च 2024** तक निःशूल्क **FMD (खुरहा एवं मुहपका रोग)** टीकाकरण कार्यक्रम 2023-24 Round 3 एवं **Brucellosis (4 से 8 माह की बाछी के लिए)** टीकाकरण कार्यक्रम 2023-24 Round 2 चलाया जाएगा। जिसमें कोडरमा जिला अन्तर्गत सभी गाय एवं भैंस में उक्त टीकाकरण करना आव यक है।

आप सभी पशुपालक भाईयों से अनुरोध है कि अपने आधार एवं मोबाईल नंबर से अपने पशुओं को पंजीकरण कराते हुए टैगिंग एवं टीकाकरण करवाना सुनिश्चित करेंगे। इस कार्य हेतु विभाग द्वारा प्रत्येक गाँव/पंचायत के लिए टीकाकर्मी घर - घर जाकर पशुपालकों से संपर्क कर निःशूल्क टीकाकरण करेंगें। उक्त टीकाकरण का ऑनलाईन एंट्री **"Bharat Pashudhan app"** में टीकाकर्मी द्वारा किया जाना है। जिसके लिए आपके मोबाईल नंबर पर गये OTP को टीकाकर्मीयों को देना अति आवश्यक है। जिसके बाद टकाकर्मीयों के द्वारा आपके पशुओं का ऑनलाईन एंट्री **"Bharat Pashudhan app"** में किया जा सकगा।

अतः सभी पशुपालक भाई - बहनों एवं जनप्रतिनिधियों (प्रमुख, मुखिया वार्ड सदस्य) का सहयोग आपेक्षित है।

PR 315719Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(23-24)#D

विश्वासभाजन
जिला पशुपालन पदाधिकारी, कोडरमा

# ग्रामीणों ने लिया विकसित भारत निर्माण का संकल्प

### इटकी में चला हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** प्रखंड के गढ़गांव पंचायत सचिवालय में गुरुवार को हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूरए बीडीओ गौतम प्रसाद साहू, मुखिया रजनी उरांव व भाजपा मंडल अध्यक्ष राजकुमार तिर्की ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार अनेकों जनकल्याणकारी योजना चला रही है। हम सभी योजनाओं से जुड़कर लाभ उठायें और स्वावलंबी बने। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार महिलाए युवा, किसान व गरीबों के हित को देखते हुए विकास योजना चला रही है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का 2047 तक विकसित भारत का जो लक्ष्य है उसे साकार करने के लिए हमे केंद्र सरकार के द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना होगा। उन्होंने उपस्थित लोगों को 2047 तक विकसित भारत का संकल्प दिलाया।



### योजनाओं की दी गयी जानकारी

कार्यक्रम में एलईडी वाहन के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा संचालित उज्जवला योजना, स्वच्छ भारत योजना, पीएम किसान समृद्धि योजना पीएम आवास योजना नलजल योजना आयुष्मान योजना सहित अन्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम को बीडीओ गौतम प्रसाद साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजकुमार तिर्की, मुखिया रजनी उरांव सहित अन्य ने संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत योजना, किसान सम्मान निधि योजना व मनरेगा योजनाओं के लाभुकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया।

### कार्यक्रम में थे शामिल

कार्यक्रम में बीपीआरओ धनेश्वर राम, बीपीओ संजय कुमार, बीएसओ हेमंत, एक्का, प्रखंड आवास समन्वयक धीरज लकड़ा, पंचायत सचिव रहीस मालिक, बबलू गुप्ता, विकास कुमार, रंजन कुमार, धर्मदास टोप्पो, रूपचंद कुमार, जेएसएलपीएस सुजाता सोनी, सीएचसी प्रभारी डॉ सुमित्रा कुमारी, बीपीएम अमिता लाल, मनोज महतो सहित ग्रामीण मौजूद थे।

**DISTRICT AYUSH SOCIETY, KODERMA**

Advt,...............

**Recruitment Notice**

**Recruitment for DPMU cell on contract basis at district AYUSH Society, koderma**

**National AYUSH Mission (NAM), Jharkhand,** is committed to provide accessible, affordable and accountable quality health service to the last person of the last household at the last village

**NAM, Jharkhand** is seeking online application from eligible candidates for the following position for District AYUSH Society, KODERMA, Government of Jharkhand:-

| Sl no | Name of post | No. of post | Remuneration (rs./month) | Qualification & Eligibility Criteria |
|---|---|---|---|---|
| 01 | District Programme Manager | 1(UR) | Rs. 50,000/- | **Essential Minimum Qualification:** Graduation degree in any discipline including AYUSH and MBA in Healthcare Management/Masters in health/hospital administration/post graduation diploma in hospital & healthcare management (Two Years) from AICTE recognized institute. **Essential Minimum Experience:** Minimum 1 year working experience in public health programme exposure in social schemes/missions at national, state and district level. **Required Minimum Competencies:** Computer knowledge including MS Office, MS Excel, MS Word, and MS Power point would be desirable. **Note:** preference will be given to person having experience of working in Health sector including AYUSH |

Terms of Engagement: For more details, please visit koderma.nic.in

District Ayush Medical Officer
Koderma

PR 315748 Health Med Edu and Family Welfare(23-24).D

खबर मन्त्र

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

रांची. शुक्रवार .12 जनवरी 2024

# वाइब्रेंट गुजरात

देश में गुजरात में हुए वाइब्रेंट गुजरात कार्यक्रम में 25 लाख करोड़ के निवेश पर सहमति बनी है। केवल अडानी समूह ने दो लाख करोड़ के निवेश की बात कही है। वहीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कहा कि भारत वित्त वर्ष 2027-28 तक पांच लाख करोड़ डॉलर से अधिक के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। रुढ़िवादी अनुमानों के हिसाब से भी भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार वर्ष 2047 तक 30 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा। हम वित्त वर्ष 2027-28 तक तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे और हमारी जीडीपी उस समय तक पांच लाख करोड़ डॉलर से अधिक हो जाएगी। एक रुढ़िवादी अनुमान है कि वर्ष 2047 तक हमारी अर्थव्यवस्था कम-से- कम 30 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगी। इस समय भारत लगभग 3.4 लाख करोड़ डॉलर के जीडीपी के साथ दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। अभी अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी उससे आगे हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष में 7.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है जबकि पिछले वित्त वर्ष में इसकी वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रही थी। इस मौके पर सीतारमण ने कहा कि भारत को वर्ष 2023 तक 23 वर्षों के दौरान 919 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) मिला है। इसमें से 65 प्रतिशत यानी 595 अरब डॉलर एफडीआई नरेन्द्र मोदी सरकार के पिछले आठ-नौ वर्षों के कार्यकाल में आया है। उन्होंने वित्तीय समावेशन का जिक्र करते हुए कहा कि बैंक खाता रखने वाले लोगों की संख्या 50 करोड़ हो गई है जबकि 2014 में 15 करोड़ लोगों के पास ही बैंक खाते थे। निश्चित तौर पर भारत विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में अग्रसर है।

# भारत-चीन संबंध

वर्ष 1949 में साम्यवादियों द्वारा चीन पर आधिपत्य स्थापित करने के पश्चात कैटोग्रफिक विस्तार का आगाज कर दिया। चीन के सर्वोच्च साम्यवादी नेता कामरेड माओ ने पॉम एंड फाई फिंगर्स का फलसफा पेश करते हुए तिब्बत को पॉम करार दिया और इस पॉम की फाई फिंगर्स लद्दाख, सिक्किम, भूटान, नेपाल और अरुणाचल को करार दिया गया। सामंत शाही दौर के आक्रमक राष्ट्रवाद पर अमल करते हुए सबसे पहले साल 1962 में और उसके पश्चात चीन की लालफौज का भारतीय सेना के साथ वर्ष 1967 में भारत के सिक्किम प्रांत में नाथूला और चोला इलाकों में स्थानीय युद्ध हुआ। इन दोनों स्थानीय युद्धों भारतीय सेना ने लालफौज को हरा दिया। साल 1969 में चीन का सोवियत रूस से भीषण युद्ध हुआ, जिसमें रूस की लालफौज ने चीनी लालफौज को पराजित कर दिया। कामरेड माओ के पश्चात चीन में की सरजमीन पर सबसे शक्तिशाली बनकर उभरे नेता राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने भारत को चारों तरफ से घेरने के लिए स्ट्रिंग ऑफ पर्ल की रणनीति अख्त्यार की है, जिसमें भारत पड़ोसी देशों नेपाल, श्रीलंका, भूटान, म्यांमार, मालदीव, पाकिस्तान आदि को भारत के विरुद्ध खड़ा करने की रणनीति को अंजाम दिया जा रहा है। चीन के सरकारी अखबार में अचानक पीएम मोदी की तारीफ की पुल बांध दी। इस पर विशेष सावधानी की जरूरत है। वाताओं के दौरान गलवान घाटी की सैन्य झड़प ने गंभीर सबक दिया कि चीन अपनी विस्तारवादी फितरत का परिचय देता रहता है। ब्रिटेन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री जयशंकर ने जिस प्रकार चीन पर करारा हमला किया है और कहा है कि भारत अब वह देश नहीं रहा जिसे चीन आंख दिखाता रहे। गलवान में हमारे जवानों ने बता दिया है कि भारत अब जबाव देता है।

# युवाओं के उज्जवल भविष्य को प्रतिबद्ध टाटा समूह



संयुक्त राष्ट्र विश्व जनसंख्या संभावनाओं के अनुसार, भारत में 18 से 35 वर्ष की आयु के 600 मिलियन से अधिक लोग हैं, जिनमें से65% लोग 35 वर्ष से कम आयु के हैं। यह राष्ट्र को विकास और वैश्विक नेतृत्व की अपनी विशालमहत्वाकांक्षाओं को साकार करने की एक अद्वितीय क्षमता प्रदान करता है। यह सभी नागरिकों पर युवाऊर्जा के इस विशाल भंडार को सही दिशा में पुनर्निर्देशित करने की जिम्मेदारी भी डालता है।टाटा स्टील ने अपने पूरे इतिहास में विभिन्न पहलों के माध्यम से भारत की युवा पीढ़ी को प्रोत्साहित औरविकसित किया है। टाटा समूह के संस्थापक, जमशेदजी टाटा, खेलों के प्रति उत्साही व्यक्ति थे। जमशेदजीखेलों में छुपी अच्छाई की ताकत में विश्वास करते थे, जिसने विभिन्न खेलों और उनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले एथलीटों का समर्थन करने की टाटा संस्कृति को जन्म दिया। जमशेदजी टाटा ने 1902 में अपने बेटेसर दोराबजी टाटा को एक पत्र लिखकर जमशेदपुर के लिए अपने ब्लूप्रिंट में फुटबाल आगे बढ़ने और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए निरंतर एवं सतत प्रोत्साहन के माध्यम से खेल को आगे बढ़ान का प्रयास किया। 1920 में, चूँकि उस समय कोई आधिकारिक भारतीय ओलंपिक निकाय अस्तित्वमें नहीं था, सर दोराबजी ने 1920 के एंटवर्प ओलंपिक के लिए व्यक्तिगत रूप से चार एथलीटों और दोपहलवानों को वित्तपोषित किया। 1924 में वे ओलंपिक एसोसिएशन के पहले अध्यक्ष बने। एक सदी बादभी, कंपनी ने 2020 टोक्यो ओलंपिक में भाग लेने वाले टाटा तीरंदाजी अकादमी में प्रशिक्षित तीरंदाजों केसाथ इस सहयोग को जारी रखा। जिस तरह, कंपनी भारतीय खेलों के अग्रणी कॉर्पोरेट प्रमोटरों में से एकबनी हुई है, यह परंपरा आज भी जारी है - जिसने फुटबॉल, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, हॉकी और स्पोर्ट्सक्लाइम्बिंग के लिए अकादमियों का निर्माण किया है।स्थानीय समुदाय हमेशा हमारी गतिविधियों के केंद्र में रहा है। टाटा स्टील के परिचालन के आसपास रहनेवाले समुदायों के लिए, स्टील कंपनी द्वारा खेलों के लिए पेश की गयी बुनियादी संरचना एक बड़ा अवसरहै, जो छोटे बच्चों को बेहतर भविष्य की ओर बढ़ने के लिए आवश्यक प्रोत्साहन प्रदान करता है। 3500 सेअधिक बच्चों और युवाओं को विभिन्न खेल गतिविधियों में प्रशिक्षित किया गया है और 1500 से अधिकप्रशिक्षुओं ने विभिन्न क्षेत्रीय, राज्य और राष्ट्रीय खेल आयोजनों में भाग लिया है। समाज के सबसे वंचित वर्गोंतक पहुंचने के अपने प्रयासों में, हम बाल श्रम के सबसे बुरी स्थितियों को खत्म करने के लिए ;मस्ती कीपाठशाला जैसे कार्यक्रम का संचालन करते हैं। अब तक, यह पहल 1500 से अधिक बच्चों तक पहुंच चुकी है और लगभग 400 बच्चों को विभिन्न स्कूलों में शिक्षा की मुख्यधारा में शामिल किया गया है। टाटा स्टीलछात्रवृत्ति और विशेष कोचिंग के माध्यम से शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सामुदायिक पहल भी संचालित करती है - जैसे ज्योति फेलोशिप, टाटा स्टील स्कॉलर्स, आकांक्षा कार्यक्रम और ग्रीन स्कूल प्रोजेक्ट आदि।टाटा स्टील जनजातीय समुदायों की विशिष्ट बारीकियों के प्रति भी सचेत रहती है, जो इसके संचालन केभौगोलिक क्षेत्रों में जनसंख्या का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और वृहद् अखिल भारतीय स्तर पर - संवाद पारिस्थितिकी तंत्र जिसमें इसके ट्राइबल लीडरशिप प्रोग्राम के माध्यम से जनजातीय युवा नेतृत्व कताओं को शामिल करने के लिए जनजातीय नेतृत्व कार्यक्रम और संवाद फेलोशिप जैसे मंच भी शामिल है। राष्ट्र-निर्माण कार्यबल में भारत की युवा ऊर्जा को शामिल करने के लिए, टाटा स्टील द्वारा संचालित जेएन टाटा वोकेशनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (जेएनटीवीटीआई) योग्य और इच्छुक युवाओं को मांग और उद्यमिता के अवसरों के आधार पर रोजगार के लिए विभिन्न क्षेत्रों में कौशल-आधारित व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करता है।यह स्टील मैन्युफैक्चरिंग, खनन और निर्माण के क्षेत्र में 27 पूर्णकालिक व्यावसायिक पाठ्यक्रम और 100 सेअधिक अल्पकालिक पाठ्यक्रम संचालित करता है। ऋ2016 में अपनी स्थापना के बाद से, 14,000 से अधिक छात्रों को प्रशिक्षित किया है। हम विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों मेंनामांकित स्कूली बच्चों और युवा वयस्कों से जुड़ने की पहल भी संचालित करते हैं।टाटा स्टील यंगएस्ट्रोनॉमर टैलेंट सर्च (अळर) अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में स्कूली छात्रों की प्रतिभा की पहचान करने और भारत के प्रमुख बी-स्कूलों के लिए एक एनुअलबिजनेस चैलेंज है। यह छात्रों को वास्तविक जीवन की व्यावसायिक चुनौतियों पर काम करने का मौका देताहै और साथ ही टाटा स्टील के वरिष्ठ नेतृत्व और प्रबंधन द्वारा मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवसर भी प्रदान करता है। हम यह सुनिश्चित करते हैं कि टाटा स्टील में शामिल होने वाले युवाओं को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने मेंसक्षम बनाने के लिए कार्यस्थल अनुकूल और आकर्षक लगे। लंबे समय से, अपनी संरचना के कारण, इस्पातउद्योग एक पुरुष-प्रधान उद्योग बना हुआ है। हालाँकि, समय के साथ, कार्यबल की प्रकृति बदलती रही है। जैसे-जैसे युवा कार्यबल का अनुपात बढ़ रहा है, हम महिलाओं और विविध पृष्ठभूमि के लोगों की मजबूतभागीदारी देख रहे हैं। एक न्यायसंगत संस्कृति और एक विविध नेतृत्व टीम का निर्माण एक जिम्मेदारी हैलक्ष्य है कि वर्ष 2025 तक हमारे 25% कार्यबल में विविध समूह शामिलहों। वर्तमान में, हमारे प्रबंधन प्रशिक्षु बैचों में से 50% और हमारे वर्तमान ट्रेड अपरेंटिस बैच में 40 प्रतिशत महिलाएं शामिल हैं। टाटा स्टील खदानों में सभी शिफ्टों में महिलाओं को तैनात करने वाली भारत की कार्यक्रम के तहत एचईएमएम ऑपरेटरों के रूप में 38 महिलाओं को भी शामिल किया है। एक अनूठा छात्रवृत्ति कार्यक्रम है जिसमें महिला इंजीनियरिंग छात्रोंको संगठन के लिए संभावित युवा महिला अधिकारी बनाने के लिए कंपनी के साथ छात्रवृत्ति और इंटर्नशिप के अवसर प्रदान किए जाते हैं।हमें अपने खनन कार्यों में हेवी अर्थ मूविंग मशीनरी (एचईएमएम) ऑपरेटरों के रूप में ट्रांसजेंडर व्यक्तियोंको नियुक्त करने वाली पहली भारतीय कंपनी होने पर भी गर्व है।

(व्यूरो चीफ खबर मन्त्र जमशेदपुर)



- सत्येन्द्र सिंह

**संवाद पारिस्थितिकी तंत्र जिसमें इसके ट्राइबल लीडरशिप प्रोग्राम के माध्यम से जनजातीय युवा नेतृत्व कताओंको शामिल करने के लिए जनजातीय नेतृत्व कार्यक्रम और संवाद फेलोशिप जैसे मंच भी शामिल है। राष्ट्र-निर्माण कार्यबल में भारत की युवा ऊर्जा को शामिल करने के लिए, टाटा स्टील द्वारा संचालित जेएन टाटावोकेशनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (जेएनटीवीटीआई) योग्य और इच्छुक युवाओं को मांग और उद्यमिता के अवसरों को विस्तार देते हैं।**

## खास बात

### बात बराबरी की

**अनुष्का राज चौधरी**

केन्द्र सरकार ने एक टास्क फोर्स को शिशु मृत्यु दर, मातृ मृत्यु दर, कुल प्रजनन दर, जन्म के समय लिंग अनुपात, बाल लिंग अनुपात समेत पोषण और स्वास्थ्य से संबंधित तमाम अन्य मुद्दों पर विचार करना था। टास्क फोर्स की सिफारिश डॉक्टरों की उस राय पर आधारित है, जिसके मुताबिक पहले बच्चे के जन्म के समय, महिला की उम्र कम से कम 21 साल होनी चाहिए। रिपोर्ट में कहा गया है कि शादी में देरी से परिवारों, महिलाओं, बच्चों और समाज पर सकारात्मक आर्थिक, सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी असर पड़ते हैं। टास्क फोर्स ने दावा किया है कि उसकी रिपोर्ट कम तथा मध्यम आय वाले पचास से ज्यादा देशों से जुटाए गए आंकड़ों पर आधारित है। टास्क फोर्स ने माना है कि मां बनने की आदर्श आयु 21 से 35 वर्ष के बीच की होती है। इसके बावजूद इस प्रस्तावित कानूनी बदलाव के बाद एक सवाल मुंह बाए खड़ा रहेगा। दरअसल, सहमति से शारीरिक संबंध की कानूनी उम्र सीमा 18 साल है। जाहिर है कि जब शादी की न्यूनतम उम्र 21 साल की जाएगी तो सहमति वाला यह प्रावधान भी आड़े आएगा। दरअसल, अभी लड़कियों की शादी की वैधानिक उम्र 18 साल है, जबकि लड़कों की 21 साल निर्धारित है। वैसे 1872 के पहले तक विवाह के लिए अपने देश में कोई कानून नहीं था। इस कारण बाल विवाह भी खूब होते थे। समाज सुधारकों की मांग पर अंग्रेज सरकार ने 1872 में नेटिव मैरिज एक्ट पारित किया। इस कानून के मुताबिक 14 वर्ष से कम उम्र वाली लड़कियों की शादी पर पाबंदी लगा दी गई। इसके बाद साल 1891 में सम्मति आयु अधिनियम पारित किया गया, जिसके तहत 12 वर्ष से कम आयु वाली लड़कियों के विवाह पर रोक लगा दी गई। बहुचर्चित शारदा अधिनियम 1930 में पारित हुआ। इस अधिनियम ने पहली बार शादी की उम्र को स्वास्थ्य के आधार पर तार्किक बनाने की कोशिश की। इसके तहत 18 वर्ष से कम आयु के लड़कों और 14 वर्ष से कम आयु की लड़कियों की शादी को अवैध घोषित कर दिया गया।

# लंकाधिपति विभीषण

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**जैसा** हनुमानजी बताये थे भगवान शांत मुद्रा में बैठे हुए थे।विभीषण हाथ जोड़ कर खड़ें हो गये। परिचय दिया प्रभु रावण का छोटा भाई विभीषण हूं। मैं मंत्री की हैसियत से उसके पास सलाह देने गया था। मैने अपने भाई लंकाधिपति रावण को सलाह दिया था कि वे माता सीता को लौटा दें और आपसे क्षमा मांग लें। लेकिन उन्होंने मेरी बात नहीं मानी उल्टे मुझे निर्वासित कर दिया। मुझे पैर से ठोकर मार कर बाहर कर दिया। मुझे मालूम है कि त्रिलोक में किसी में हिम्मत नहीं है कि रावण के डर से मुझे शरण दें एक मात्र प्रभु आप ही है जहां आकर मैं निर्भय होकर रह सकता हूं। ऐसा कहकर विभीषणजी धरती पर गिर पड़ें और बोले प्रभु मैं शरण चाहता हूं। विभीषण की आप्त वचन सुनकर श्रीराम द्रवित हो गये। विभीषणजी आपने नीतियुक्त सलाह दिया था। आपने धर्म का वचन वोला था लेकिन वह धर्म से विधर्मी हो गया है। उसने धर्म सेअलग पांव रख दिया है। अतः अब उसका लंका का राज्य समाप्त हुआ। वह राजा नहीं रहेगा। उसकी जगह मैं आपको राजा बनाता हूं। आज के बाद मेरे यहां जो कुछ भी लोग है ये लोग आपको लंकापति कहेंगे। ऐसा कहकर उन्होंने विधिव सुग्रीव , जामवंत और दूसरे सभी लोगों से टीका लगवाकर विभीषण को लंका पति घोषित कर महाराज विभीषणका जयकारा लगवाया। उसके बाद से विभीषण को सभी लंकेश कहकर संबोधित करने लगे। विभीषण से श्रीराम ने अपनी समस्या कही। मुझें अभी लंका जाना है। ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम

**अपनी** गलतियों पर हम बहुत अच्छे वकील हैं, और
दूसरों की गलतियों पर
बहुत अच्छे न्यायाधीश !!

**-अनुपम खेर अभिनेता**

## आपके ट्वीट

राज्य के विभिन्न जेलों में आजीवन कारावास की सजा काट रहे बंदियों की रिहाई के बिंदु पर झारखण्ड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 30वीं बैठक की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को कई जरूरी निर्देश दिया है।

**- हेमंत सोरेन**





शुभ कर्म तभी फलीभूत होते हैं जब उनके पीछे लोकहित और पारमार्थिकता का भाव हो। जिनके नेत्र अन्य के अभाव देखकर द्रवित होते हैं।

**- स्वामी अवधेशानंद गिरी**

## कॉर्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडीटर

### जिम्मेदार बनायें

**देश-** राज्यों में चुनाव हो रहे हैं। सभी राजनीतिक पार्टियों में जनता के लिए लुभावने घोषणा पत्र लाने की होड़ मची हुई है। चुनाव जीतने के लिए सभी राजनीतिक पार्टियां प्रयत्न करती हैं लेकिन हकीकत के धरातल पर हर वादा पूरा करना संभव नहीं होता। जनता इन घोषणा पत्रों के जाल में फंस कर अपने को ठगा-सा महसूस करती है। निश्चित तौर पर यह बड़ा खतरा है।

**-पूनम, रांची**

### नेताओं को छूट

**हर** राज्य की सरकार ने आम जनता के लिए कोरोना गाइडलाइन बनाई है, ताकि संक्रमण नहीं बढ़े। मध्य प्रदेश में भी आम जनता के लिए गाइडलाइन बनी है। लेकिन मंगलवार को मध्य प्रदेश के दमोह उपचुनाव के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में जनसभा को सम्बोधित किया। नेताओं के लिए कौन गाइडलाइन बनाएगा।

**- प्रदीप दुबे, जमशेदपुर**

# युवाओं के उत्थान के रास्ते ही विश्व गुरु बनेगा भारत

**एनके मुरलीधर**

**इतिहास** गवाह है कि आज तक दुनिया में जितने भी क्रांतिकारी परिवर्तन हुए, चाहे वे सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक, आर्थिक या वैज्ञानिक रहे हों, उनके मुख्य आधार युवा ही रहे हैं। भारत में भी युवाओं का एक समृद्ध इतिहास है। प्राचीनकाल में आदिगुरु शंकराचार्य से लेकर गौतम बुद्ध और महावीर स्वामी ने अपनी युवावस्था में ही धर्म एवं समाज सुधार का बीड़ा उठाया था। पुनर्जागरण काल में राजा राममोहन राय, स्वामी दयानंद सरस्वती के साथ विवेकानंद जैसे युवा विचारक ने धर्म एवं समाज सुधार आंदोलन का नेतृत्व किया। यदि वर्तमान भारत की बात की जाए तो यह दुनिया का सबसे युवा देश है। जनसंख्या के आंकड़ों के मुताबिक भारत में पच्चीस वर्ष तक की आयु वाले लोग कुल जनसंख्या का पचास फीसदी हैं, वहीं पैंतीस वर्ष तक वाले कुल जनसंख्या का पैंसठ फीसदी हैं। यही कारण है कि इसे दुनियाभर में उम्मीद की नजरों से देखा जा रहा है और इक्कीसवीं सदी की महाशक्ति होने की भविष्यवाणी की जा रही है। युवा आबादी ही देश की तरक्की को रफ्तार प्रदान कर सकती है। जैसा कि भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ने कहा था कि हमारे पास युवा संसाधन के रूप में अपार संपदा है और यदि समाज के इस वर्ग को सशक्त बनाया जाए तो हम बहुत जल्द महाशक्ति बनने के लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। वहीं दुनिया की लगभग 25 प्रतिशत आबादी युवा है। जनसंख्या का इतना बड़ा हिस्सा

## युवा दिवस

राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। ऐसे में यह प्रश्न महत्वपूर्ण है कि युवा शक्ति वरदान है या चुनौती? महत्वपूर्ण इसलिए भी यदि युवा शक्ति का सही दिशा में उपयोग न किया जाए तो इनका जरा सा भटकाव राष्ट्र के भविष्य को अनिश्चित कर सकता है। आज बहुत से ऐसे विकसित और विकासशील राष्ट्र हैं, जहां नौजवान ऊर्जा व्यर्थ हो रही है। कई देशों में शिक्षा के लिए जरूरी आधारभूत संरचना की कमी है तो कहीं प्रछन्न बेरोजगारी जैसे हालात हैं। इन स्थितियों के बावजूद युवाओं को एक उन्नत एवं आदर्श जीवन की ओर अग्रसर करना वर्तमान की सबसे बड़ी जरूरत है। यह सच है कि जितना योगदान देश की प्रगति में कल-कारखानों, कृषि, विज्ञान और तकनीक का है, उससे बड़ा और महत्वपूर्ण योगदान स्वस्थ और शक्तिशाली युवाओं का होता है। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ युवाओं से ही राष्ट्र को मजबूती मिलती है। ऐसे में देश के युवाओं को शिक्षित करने, रोजगार प्रदान करवाने के साथ-साथ संस्कारित करना भी जरूरी है, क्योंकि देश के नवनिर्माण में युवाओं का अमूल्य योगदान होता है। भले आज युवा पीढ़ी शायद इन बातों से अनजान है। शायद आज की युवा पीढ़ी को अपनी इस शक्ति का अंदाजा नहीं है। देश की युवा शक्ति ही समाज और देश को नई दिशा देने का सबसे बड़ा औजार है। वह अगर चाहे तो इस देश की सारी रूप-रेखा बदल सकती है। अपने हौसले और जज्बे से समाज में फैली विसंगतियों, असमानता, अशिक्षा, अपराध आदि बुराइयों को जड़ से उखाड़ फेंक सकती है। अर्नाल्ड टायनबी ने अपनी पुस्तक 'सरवाइविंग द फ्यूचर' में नौजवानों को सलाह देते हुए लिखा है 'मरते दम तक जवानी के जोश को कायम रखना, इसलिए नया भारत निर्मित करते हुए हमें अब युवा पीढ़ी के सपनों को टूटते-बिखरते हुए नहीं रहने देना है, बल्कि देश निर्माण में उनकी भागीदारी को सुनिश्चित किया जाना चाहिए। मूल प्रश्न है कि क्या हमारे आज के नौजवान भारत को एक सक्षम देश बनाने का स्वप्न देखते हैं? या कि हमारी वर्तमान युवा पीढ़ी केवल उपभोक्तावादी संस्कृति से जन्मी आत्मकेंद्रित पीढ़ी है?

# निष्क्रिय बैंक अकाउंट को चालू करने के नियम



**अजयदीप बाधवा**

भारतीय रिजर्व बैंक ने निष्क्रिय बैंक खाते, जिनका खातेदारों ने बहुत दिनों से उपयोग नहीं किया है, को चालू करने के नियम जारी किए हैं। ऐसे बैंक खाते जिन से दो वर्षों तक कोई लेन देन नहीं किया जाए, वो बैंक द्वारा डोरमेंट या निष्क्रिय बैंक खाते मान लिए जाते हैं। एक बार खाता निष्क्रिय हो जाए तो जब तक यह सक्रिय नहीं होगा, इस में लेन देन नहीं किया जा सकता है। और आम आदमी यह मानता है कि ऐसे खातों को सक्रिय करने के लिए बैंक के बहुत चक्कर लगाने पड़ते हैं। पर ऐसा नहीं है। अगर कोई बैंक खाता निष्क्रिय हो गया है तो इसे सक्रिय करना बेहद आसान है। भारतीय रिजर्व बैंक ने इस प्रक्रिया को बहुत आसान कर दिया है ताकि आम व्यक्ति को कष्ट न हो। खातादार को अपने निष्क्रिय अकाउंट को सक्रिय करने के लिए संबंधित बैंक में अपने केवाईसी विवरण, जैसे पैन वा आधार आदि जमा करना पड़ता है और अनुरोध करना होता है। केवाईसी पेपर जमा करने के बाद बैंक उस खाते को तुरंत सक्रिय कर देता है और इसका कोई शुल्क भी नही लेता है। सबसे अच्छी बात यह है कि बैंक खाते की निष्क्रियता समयावधि में अगर उसमें आवश्यक न्यूनतम जमा राशि जमा नहीं भी थी तो भी बैंक उस पर कोई आर्थिक दंड नहीं लगाएगा। इसके विपरित उस खाते में जो भी राशि जमा थी, बैंक उस पर नियमित रूप से ब्याज देता रहेगा।

यह भी ध्यान देने योग्य बात है कि बैंक किसी भी सूरत में निष्क्रिय खाते की जमा राशि को जब्त नहीं कर सकता है और उसे उस खाते की जमा राशि पर नियमित रूप से ब्याज जमा करते रहना है। अगर इस बीच खातेदार की मृत्यु हो जाए, तो उसके कानूनी वारिस आवश्यक कागजात जमा कर बैंक से वह पैसा ले सकते हैं। यहां यह भी ध्यान रखना है कि बैंक बिना खातेदार को सूचित किए उसके खाते को निष्क्रिय नहीं कर सकता है। अगर किसी बैंक खाते में कोई लेन देन एक साल तक न हो, तो बैंक ग्राहक को पहले ईमेल या एसएमएस से इसकी जानकारी देता रहेगा। यदि ग्राहक उसके बाद भी उतर नहीं देता है तब ही बैंक उस खाते को निष्क्रिय कर सकता है। मेरी सलाह है कि अगर आपका कोई बैंक खाते निष्क्रिय है तो उसे पहले सक्रिय करवाएं वा बाद में, अगर उसकी आवश्यकता नहीं है, तो बैंक से अनुरोध कर उस को बंद करवा दें।

(कॉस्ट एवम मैनेजमेंट अकाउंटेंट, वित सलाहकार

### यह भी ध्यान देने योग्य बात

है कि बैंक किसी भी सूरत में निष्क्रिय खाते की जमा राशि को जब्त नहीं कर सकता है और उसे उस खाते की जमा राशि पर नियमित रूप से ब्याज जमा करते रहना है।
अगर इस बीच खातेदार की मृत्यु हो जाए, तो उसके कानूनी वारिस आवश्यक कागजात जमा कर बैंक से वह पैसा ले सकते हैं। मान लें अ ापने किसी बैंक में 1990 में खाता खोला उसके बाद आपके कुछ पैसे उसमें शेष हैं या नहीं है लेकिन किसी कारण से आप खाता चला नहीं पाये। इस स्थिति में आपका खाता निष्क्रिय रह सकता है न तो समाप्त होगा और न ही आपके बिना अनुमति से बंद ही किया जा सकता है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### नीतीश की जोहार रैली में मांडू से सैकड़ों कार्यकर्ता होंगे शामिल : जगदीश महतो



**कुजू।** जनता दल यूनाइटेड के द्वारा गुरुवार को आरा उत्तरी पंचायत के कुंदरिया बांध मल्हार टोला में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शंकर मल्हार ने किया। बैठक में जदयू प्रदेश महासचिव जगदीश महतो शामिल हुए। बैठक के दौरान ग्रामीणों के द्वारा अपना विचार व्यक्त किया। महतो ने कहा कि टोला की समस्याओं को जल्द ही दूर किया जाएगा। साथ ही उन्होंने ने जानकारी दिया कि रामगढ़ में आगामी 21 जनवरी को जोहर नितीश, महारैली आयोजित होना है। रैली में भाग लेने के लिए अधिक से अधिक संख्या में रामगढ़ फुटबॉल ग्राउंड पहुंचने का आह्वान किया गया। वही ग्रामीणों ने अधिक से अधिक संख्या में रामगढ़ फुटबॉल ग्राउंड पहुंचने का भरोसा दिया। महतो ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सभा को संबोधित करेंगे। जिसे लेकर पार्टी के द्वारा जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर रोशन लाल महतो, देवनारायण महतो, जय किशन मल्हार, मान भारत मल्हार, टुकटुक मल्हार, नागदा मल्हार, गंगा देवी, फोगनी देवी, सोमरी देवी, बिंदिया देवी, मूंगा देवी, गोरिया देवी, इत्यादि लोग भारी संख्या में उपस्थित थे।

### परवरिश में रामायण प्रतियोगिता



**कुजू।** परवरिश एजुकेयर स्कूल ने हाल ही में महाकाव्य रामायण पर आधारित एक मनमोहक ड्राइंग और कलरिंग प्रतियोगिता की मेजबानी की। गुरुवार को आयोजित इस कार्यक्रम में रचनात्मकता का आनंददायक प्रदर्शन देखा गया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक अपनी जीवंत कलाकृति के माध्यम से रामायण के पात्रों और कहानियों को जीवंत कर दिया। इस कार्यक्रम को अलग करने वाली बात बच्चों द्वारा प्रदर्शित संक्रामक उत्साह था। जिन्होंने न केवल अपनी रचनात्मकता को कागज पर व्यक्त किया, बल्कि रामायण के प्रिय पात्रों की भूमिका भी निभाई। स्कूल छोटे राम और सीताओं से जीवंत हो उठा। प्रिंसिपल नेहा राज बनर्जी, निदेशक शैलेन्द्र कुमार, प्रबंध निदेशक विकाश कुमार सिंह ने छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस कार्यक्रम ने रचनात्मक गतिविधियों में सांस्कृतिक विषयों को एकीकृत करने, गर्व और जुड़ाव की भावना को बढ़ावा देने के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता का उदाहरण दिया है। हमारी विरासत की सांस्कृतिक समृद्धि में डूबते हुए अपनी कलात्मक प्रतिभा दिखाने का मौका दिया।

### भुरकुंडा में वैश्य मोर्चा की बैठक आज

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** उत्सव मैरेज हॉल में शुक्रवार को झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के रामगढ़, हजारीबाग एवं बोकारो जिला अंतर्गत निवास करने वाले केंद्रीय पदाधिकारियों, सदस्यों, जिलाध्यक्ष/संयोजक, प्रखंड अध्यक्ष/महासचिव की बैठक होगी। पतरातू प्रखंड अध्यक्ष मुकेश लाल सिंदुरिया ने बताया कि बैठक में 30 जनवरी से प्रस्तावित भूख हड़ताल कार्यक्रम की सफलता के लिए कोर कमिटि में लिये गए निर्णयों के आलोक में आगे की रणनीति एवं कार्यक्रम तय किये जायेंगे। साथ ही तैयारी समिति का गठन भी किया जायेगा।

### जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित




**मांडू।** मांडू चट्टी पंचायत में गुरुवार को मांडू चट्टी पंचायत सचिवालय में सामाजिक संस्था लीड्स द्वारा जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किय गया। जिसमे मांडू प्रखंड के कई पत्रकार शामिल हुए । कार्यशाला में प्रवासी मजदूर परियोजना के तहत कोविड -19 के प्रभाव से भारत में बनी/आर्थिक स्थिति सुधर के लिए सामुदायिक संगठनों की क्षमता विकास परियोजना पर एक परिचर्चा किया गया। जिसमें बताया गया की संस्था प्रवासी मजदूर और भविष्य में पलायन करने वाले मजदूर को कौशल विकास प्रशिक्षण संस्थाओं से जोड़कर उन्हें प्रशिक्षण दिलाना,कृषि, पशुपालन,सिलाई, ब्यूटीशियन,फूड प्रोसेसिंग अन्य विषयों पर अलग अलग ट्रेडों में प्रशिक्षित कर रोजगार से जोड़ने का काम कर रही है साथ हीं साथ वैसे ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से वंचित है उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़कर उनका लाभ दिलाने का काम कर रही है ।अभी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भी भाग लेकर काफी योजनाओं में लोगों का फार्म भराया गया । साथ हीं उसका फॉलोअप लेने का भी काम कर रही है। मौके पर संस्था के अनुराग,प्रकाश,तिथि, और सत्येंद्र प्रसाद उपस्थित थे।

### बीडीओ ने बूथों का किया निरीक्षण

**रजरप्पा।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गुरुवार को चितरपुर बीडीओ ज्ञानमनी एक्का द्वारा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मिली जानकारी के अनुसार राजबल्लभ$2 हाई स्कूल सांडी चितरपुर, केबी$2 हाई स्कूल लारी आदि विद्यालय अवस्थित विभिन्न बूथ केंद्र का निरीक्षण किया। बीडीओ ने बूथ का निरीक्षण किया तथा बूथ की वर्तमान स्थिति का आकलन भी किया। बीडीओ ने बताया कि वर्तमान स्थिति में बूथ पर बिजली, पानी, शौचालय आदि की क्या व्यवस्था है इस बात की जानकारी ली गईं है। कुछ स्थानों पर आवश्यक के अनुसार सुधार के लिए निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान मनरेगा बीपीओ कुमार विवेक मौजूद थे।

सदर विधायक ने कटकमसांडी प्रखंड में चार धान क्रय केंद्र का किया उद्घाटन

# धान पैक्स में ही बेचें किसान : जायसवाल

खबर मन्त्र संवाददाता



**कटकमसांडी।** सदर विधायक मनीष जायसवाल ने गुरुवार को कटकमसांडी प्रखंड में चार धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन फीता काटकर किया। उन्होंने कटकमसांडी के बसंतपुर मोड़ पर जेएसएलपीएस के पीजी ग्रुप के नए बलबल कुंड फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का उद्घाटन किया। इस केंद्र में जहां किसान अपने धान को सरकार द्वारा निर्धारित दर पर बेच सकेंगे वहीं यहां खाद, बीज और दवाइयां भी उचित मूल्य पर उपलब्ध होगा। यहीं पर कटकमसांडी और कटकमदाग के नोडल बाझा पैक्स के धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन किया। तत्पश्चात बांझिया मोड पर कारीवासन के ग्रामीणों की समस्या से रूबरू हुए और उनके समस्या के यथाशीघ्र निदान का भरोसा जताया । यहां से रेबर पहुंचे। रेबर पैक्स के धान अधिप्राप्ति केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया और फिर ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाकर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए। तत्पश्चात आराभुसाई पहुंचे और आराभुसाई पैक्स के धान अधिप्राप्ति केंद्र का भी फीता काटकर उद्घाटन किया ।

जायसवाल ने कहा कि इस साल धान की उपज अच्छी हुई है और बिचौलिए किसानों से धन औने-पौने दाम में खरीद रहें हैं जिससे किसानों को उचित दर नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में ये पैक्स सरकार द्वारा निर्धारित दर 2300 रुपये प्रति क्विंटल धान की खरीददारी करेगा और किसानों को इसका लाभ मिलेगा ।इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, पूर्वी मंडल अध्यक्ष जीवन प्रसाद मेहता, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रीत लाल यादव, पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मनीष ठाकुर,पाबरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रंजीत रजक, आगरा पंचायत के पूर्व मुखिया सरयू राम, पाबरा पंचायत के पूर्व मुखिया सरयू लूपुंग पंचायत के पूर्व मुखिया दिलीप रवि, गदोखर मुखिया नारायण साव, कंडसार पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रामकुमार मेहता,महामंत्री राकेश कुमार सिंह,यूवा मोर्चा के अध्यक्ष दीपक मेहता,सुमन राय, आराभुसाई के मुखिया आदित्य दांगी, रेबर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि हलधर यादव, पंचायत समिति सदस्य परमोद यादव,बिरेंद्र कुमार बीरू,कैलाश यादव,कपिल दांगी , ढौठवा पंचायत के पूर्व मुखिया राजकुमार यादव, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामचन्द्र यादव,खिरोधर यादव,महामंत्री अरविंद यादव,प्रकाश कुशावाहा,रामू राम,श्यामदेव यादव, सरयू सिंह, गंगध पांडे,मनोज पांडेय,अमित सिंह, एवं सैंकड़ो गनमान्य लोग उपस्थित थे।

# गरीबों को अधिकार दिलाते रहे हैं शिबू सोरेन : संजीव बेदिया

झामुमो सुप्रीमो दिशोम गुरू शिबू सोरेन का भुरकुंडा में मना 80वां जन्मदिन, कटा केक व बंटी मिठाईयां

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा पतरातू प्रखंड कमेटी के तत्वावधान में गुरूवार को झामुमो कार्यालय भुरकुंडा में झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक सह दिशोम गुरू शिबु सोरेन का 80वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ झारखंड परिवहन प्राधिकार सदस्य सह झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया ने केक काटकर किया। बेदिया ने कहा कि जुल्म व शोषण के खिलाफ शिबू सोरेन ने आजीवन लड़ाई लड़कर गरीब-गुरबों को उनका हक-अधिकार दिलाने का काम किये हैं। उन्हीं के दिशा-निर्देश पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी पार्टी को सींचने का काम बखूबी कर रहे हैं। उन्होंने कहा की झामुमो का उद्देश्य क्षेत्र का चहुंमुखी विकास व जन समस्याओं का समाधान करना है। बेदिया ने कार्यकर्ताओं से सरकारी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की बात कही। लोगों के बीच केक व मिठाईयां बांटकर शिबू सोरेन के सुखद जीवन व दीर्घायु होने की कामना की गई। साथ ही शिबु सोरेन के संघर्षों को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया। मौके पर आजाद अंसारी, चरेंद्र बेदिया, हरिलाल बेदिया, संजय वर्मा, उदय मालाकार, झलकू बेदिया, जयराम बेदिया, उदय अग्रवाल, मुकेश राउत, अलीम अंसारी, मुन्ना अंसारी, परमोद ठाकुर, सौकत अंसारी, सत्यनारायण यादव सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### विधायक अंबा प्रसाद ने कई योजनाओं की अनुशंसा की



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातू प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में विधायक अंबा प्रसाद के अनुशंसा पर विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन डीएमएफटी मद से होना है। शीघ्र ही निविदा प्रक्रिया संबंधित विभाग द्वारा पूर्ण कराकर विकास कार्यों को धरातल पर उतारने का कार्य किया जाएगा। विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह ने बताया किजयनगर में भिखू मुंडा के घर से लेकर सुरेश ठाकुर के घर तक 43 लाख की लागत से नाली का निर्माण होगा। ललकी पुल में 60 लाख से पुलिया निर्माण, चिकोर में पंचायत भवन का 15 लाखकी लगात से चारदीवारी निर्माण, तालाटांड पंचायत के ग्राम पलानी स्कूल से आगे नकटीगड़ा में लगभग 55 लाख से पुल निर्माण व सिंधवार कला सरना के समीप लगभग 60 लाख की लागत से पुलिया का निर्माण होगा।

# मजदूरों के हक-अधिकार के लिए जारी रहेगी लड़ाई : रमेंद्र कुमार

सयाल में रमेन्द्र कुमार का 83 वां जन्मदिन धूमधाम से मना

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व सांसद रमेन्द्र कुमार के सम्मान में सयाल में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता यूनियन के बरका-सयाल क्षेत्रीय सचिव विंध्याचल बेदिया व संचालन विनोद मिश्रा ने की। कार्यक्रम में सीसीएल के विभिन्न प्रक्षेत्रों से आये यूनियन पदाधिकारियों ने एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष का फूल माला से जारदार स्वागत किया। साथ ही रमेन्द्र कुमार का 83वां जन्मदिन भी धूमधाम से मनाया गया। मौके पर रमेन्द्र कुमार ने केक काटा। इसके बाद लोगो के बीच केक व मिठाई का वितरण किया गया। मौके पर रमेंद्र कुमार ने कहा की वर्तमान की केंद्र सरकार श्रम कानूनो में लगातार संसोधन कर मजदूरों का हक-अधिकार छीनते जा रही है। पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण किया जा रहा है। इनसभी मुद्दों को ले एकजुट होकर लड़ाई लड़नी होगी। उन्होंने कहा की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। श्री कुमार ने अपने जन्मदिन पर कहा कि भगवान व आपसबों के प्रेम के कारण ही मैं स्वस्थ हूं और इतनी दिनों तक मजदूरों की सेवा कर सका हूं। मौके पर झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, एटक के लखनलाल महतो, बरका-सयाल जीएम अजय कुमार सिंह, उरीमारी पीओ दिलीप कुमार, बिरसा पीओ डी शिवादास, सयाल पीओ सुबोध कुमार, भुरकुंडा पीओ मनोज पाठक, एसओ ईएंडम अमरेंद्र कुमार, बिरसा मैनेजर रामेश्वर मुंडा, यूनियन नेता विकास कुमार, नरेश मंडल, लखेंद्र राय, महादेव मांझी, सुदेश प्रसाद, नारायण शर्मा, राजीव कुमार सिन्हा, जेपीएन सिन्हा, वरूण कुमार, डीपी मेहता, रामचंद्र नोनिया, अशोक राम, शंकर साव, नारायण कुमार, मिंटू साव आदि ने रमेन्द्र कुमार को बधाई देते हुए उनके दीघार्यु होने की कामना की।

### दोतल्ला पंचायत में ‘ सीटी बजाओ स्कूल बुलाओ’ अभियान का शुभारंभ



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बुधबाजार दोतल्ला पंचायत में गुरूवार को सीटी बजाओ स्कूल बुलाओ अभियान की शुरूआत हुई ।मुखिया सत्यवंती देवी के नेतृत्व में पंचायत प्रतिनिधियों, स्कूल के सदस्य और अभिवाहको ने सिटी बजाते हुए पूरे पंचायत का भ्रमण कर लोगो को जागरूक करने का काम किया। जिसमें राजकीय कन्या मध्य विद्यालय भुरकुंडा के छात्र-छात्राओं को ग्राम दुंदुवा के आजाद नगर, शिवनगर, बीटीटीआई कॉलोनी, सरना टोला, मांझी टोला, भुंइया टोला, हरिजन टोला, नायक टोला, रोल टोला, धोबी टोला, पुराना थाना मोहल्ला, रीजनल कॉलोनी, बरगाछ मोहल्ला, बिरसा नगर सहित सभी मोहल्ले टोलों से मुखिया सत्यवंती देवी, प्रधानाध्यापक रवीश कुमार, मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो, जल सहिया छुबी देवी, सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब की अध्यक्ष शेरोफेना एक्का, विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष ज्योति लकड़ा, वार्ड सदस्य सह जेएसपीएलएस की सक्रिय महिला दयामुनि मुर्मू, रेणुका देवी, नीतू सिन्हा, शहजाद हुसैन, वीना देवी, सेविका किरण सिंह, एलिजाबेथ डोडराय, प्रेमी सलोमि तिर्की, सहिया रंजू सिंह, मंजू देवी, तिलोतमा तिवारी, पंचायत स्वयंसेवक सिहंता कुमारी, सहायिका शकुंतला देवी, अभिषेक करमाली, विशाल मुंडा के साथ सीटी बजाते हुए विद्यालय पहुंचे। जहां सभी प्रतिनिधियों का प्रधानाध्यापक रवीश कुमार ने सीटी बजाकर स्वागत किया।

# समाज के उत्थान के लिए एकजुटता जरूरी : संजय पासवान

खबर मन्त्र संवाददाता

पासवान कल्याण समिति का 44वां वनभोज सह मिलन समारोह संपन्न





**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बासल थाना क्षेत्र के हरिहरपुर इंटरनिटी रिसोर्ट के समीप बुधवार को पासवान कल्याण समिति पतरातू प्रखंड का 44वां वनभोज सह मिलन समारोह हुआ। इसकी अध्यक्षता खजांची पासवान और संचालन उपेंद्र पासवान, इंद्रदेव पासवान, प्रभु पासवान, बिरेंद्र पासवान, बिजेंद्र पासवान, सुरेंद्र पासवान, शशि पासवान ने संयुक्त रूप से किया। समारोह का उद्घाटन संजय लाल पासवान अध्यक्ष झारखण्ड आवास बोर्ड झारखंड, जर्नादन पासवान पूर्व विधायक चतरा, शंभु पासवान रांची पूर्व निदेशक श्रम मंत्रालय भारत सरकार, पूर्व आइजी राम चंद्र राम, पूर्व पार्षद अर्चना देवी, माधव प्रसाद, रमेश पासवान, प्रकाश पासवान, लखन पासवान, गुप्तेश्वर पासवान, कौशल किशोर, रंजन पासवान, सीमा पासवान, धीरज पासवान, प्रकाश पासवान, जयश्री पासवान, बबल पासवान, राजू राम, सुनील पासवान, आरएन पासवान, अयोध्या पासवान, अनिल कुमार पासवान, दिलीप पासवान, दीपक पासवान, कुंदन पासवान, जय प्रकाश, बैजू गहलोत ने बाबा चौहर मल के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया।अतिथियों ने शिक्षा, एकजुटता पर बल देते हुए समाज में फैले कुरीतियों को दूर करने की बात कही। कहा कि बेटियों की शिक्षा वर्तमान समय में सबसे ज्यादा जरूरी है। बेटी आगे बंढेंगी तभी समाज का उत्थान संभव है। पासवान ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए हमसबों को एकजुट होकर रहना होगा।श्री पासवान ने कहा कि अब हमारा समाज एक होकर आगे बढ़ रहा है इस बात की बहुत गर्व है। हमारा समाज शिक्षित हो रहा है और देश-विदेश में भी नाम रोशन कर रहे हैं। लोगों ने एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनों का सामुहिक रूप से आनंद उठाया। पूर्व विधायक जर्नादन पासवान ने कहा कि पासवान समाज की महिलाएं भी देश के विकास में अहम भूमिका निभा रही है। उन्होंने समाज के लोगों से एकजुटता बनाए रखने की अपील की।

## एक नजर में

### बरही : भामाशाह सरस्वती विद्या मंदिर में पाठ्य सामग्री का किया गया वितरण



**बरही।** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के द्वारा हरिला में संचालित सरस्वती संस्कार केन्द्र में अध्यनरत भैया बहनों के बीच आचार्या जूली कुमारी के द्वारा पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। साथ में बच्चों को बैठने हेतु कक्षा अष्टम एवं दशम के भैया द्वारा दरी भी प्रदान किया गया। भैया बहनों को योग करवाते हुए आचार्या विनीता ने शरीर को चुस्त दुरुस्त रखने की बात कही। आचार्या जूली कुमारी ने वंदना का अभ्यास करवाया और अपने माता- पिता को प्रातः चरण स्पर्श करने की बात कही। संस्कार केन्द्र प्रमुख प्रिंस प्रियदर्शी ने कहा कि बच्चों का समग्र विकास हमारा लक्ष्य है। प्रधानाचार्य रजनीश पांडेय ने बच्चों के विकास की पूर्ण जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि भामाशाह सरस्वती विद्या मंदिर बच्चों को पढ़ाई के अलावा संस्कारवान बनाने की दिशा में काम करता है। कहा कि राष्ट्र के विकास को लेकर छात्र छात्राओं को आदर्श नागरिक बनाने का भी प्रयास किया जा रहा है ।उन्होंने बताया कि मनुष्य में संस्कार की शिक्षा ज्ञान देने पर मनुष्यता का गुण समाहित हो जाता है ।जिससे जबाबदेह मनुष्य के विकास के साथ देश का भविष्य उज्ज्वल होता है।

### सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ के तहत बेसिक स्कूल पंचमाधव में निकाली गयी रैली



**बरही।** शिक्षा के विकास के लिए सरकार द्वारा निरन्तर प्रयास किया जाता रहा है ।इसलिए स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य में शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा संचालित अनूठी पहल सीटी बजाओ, उपस्थिति बढ़ाओ अभियान की शुरूआत बरही प्रखंड के कई सरकारी विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने व ड्रॉप आउट पर अंकुश लगाने के लिए सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ कार्यक्रम के तहत रैली निकाली गई। सिटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ कार्यक्रम के तहत बेसिक स्कूल पंचमाधव विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने व ड्रॉप आउट पर अंकुश लगाने के लिए सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ कार्यक्रम के तहत विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्राओं के साथ भ्रमण किया। प्रधानाध्यापक संजय कुमार दुबे ने बताया कि विद्यालय में बच्चों की टोली बनाकर भ्रमण के दौरान सीटी बजाने पर बच्चों को विद्यालय आने के लिए घर से निकलते देखा गया तथा बच्चों में उत्साह भी देखने को मिला। बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्यों छात्रों की नियमित उपस्थिति बढ़ाना, ड्रॉप आउट के मामलों को कम करना, स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या में कमी लाना, छात्रों में जिम्मेदारी की भावना पैदा करना और माता-पिता को अधिक जागरूक और जिम्मेदार बनाना है। अध्यक्ष नीलम देवी ने कहा कि यह सरकार की महत्वकांक्षी कार्यक्रम है। इस अभियान से बच्चों के अभिभावक भी जागरूक हो रहे हैं। पहले बच्चों द्वारा गलत जानकारी या स्कूल बंद होने की जानकारी देकर स्कूल नहीं जाने का बहाना बनाया जाता था। अब सीटी बजते ही माता पिता यह समझ जाते हैं कि स्कूल खुला है और उन्हें अपने बच्चों को समय पर तैयार करके स्कूल भेजना है। मौके पर प्रधानाध्यापक संजय कुमार दुबे, अध्यक्ष आई नीलम देवी, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, शिक्षक मनोज कुमार घोष, सरफराज खान, दामोदर साव, बिंदिया देवी, गायत्री देवी, सरस्वती देवी आदि उपस्थित रहें।

### टाटीझरिया में निकला आमंत्रण यात्रा

**टाटीझरिया ।** प्रखंड के बाबा बालक नाथ मंदिर परिसर से राम मंदिर अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा हेतु पूजित अक्षत वितरण सह आमंत्रण यात्रा विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल टाटीझरिया प्रखंड सह संयोजक भोला शर्मा,महेश शर्मा के नेतृत्व में राम भक्त समिति बौधा के बैनर तले अयोध्या से आया पूजित अक्षत को बौधा,केसडा, डहरभंगा, टाटीझरिया, समेत अन्य गांव के राम भक्त श्रद्धालुओ ने गाजे बाजे के साथ जय श्री राम के जय घोष करते हुए घर घर अक्षत पहुंचाएंगे की संकल्प लेकर भक्तो के बीच अक्षत वितरण कर आमंत्रण यात्रा के लिए जागरूक करते हुए लोगों से राम भक्तो ने कहा की 22 जनवरी को सभी भक्त गण अपने अपने घरों में श्री राम की तस्वीर के समीप दीप प्रज्वलित करे । एवं नजदीकी राम मंदिर ,हनुमान मंदिर, देवालयों में जाकर भगवान श्री राम के नाम का श्रद्धा युक्त होकर धूप दीप प्रज्वलित कर संगीतमय कीर्तन भजन कर मयार्दा पुरुषोत्तम का गुण गान कर आशीर्वाद प्राप्त करे। अयोध्या राम जन्म भूमि में प्रभु श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का होना सम्पूर्ण भारत के सनातन हिन्दू धर्म के लिए कई वर्षो का स्वप्न का साकार हुआ। आमंत्रण यात्रा के दौरान अमीर महतो,भोला राणा ,सरजू महतो,पोखन महतो,जगदीश मिस्त्री,सन्नी राणा,अनुरोध संगम,बुधन प्रसाद,मानकी ठाकुर,संग कई महिला पुरुष श्रद्धालु भक्त गण शामिल थे।

### राधा गोविंद विवि में खेल प्रतियोगिता संपन्न



**रामगढ़ ।** राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के प्रांगण में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का गुरुवार को समापन हो गया । दूसरे दिन भी विभिन्न विभागों के छात्रों ने खेल में शानदार प्रदर्शन किया और सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया । विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन. साह ने कहा कि हमे आपकी उपलब्धियों पर गर्व है और हम उम्मीद करते हैं की आप अगले वर्ष भी ऐसे ही उत्साह के साथ विभिन्न खेलो में हिस्सा लेंगे । कुलपति प्रो. (डॉ.) शुक्ला मोहंती ने विभिन्न खेलों में भाग लेने वाले विधार्थियो को बधाई देते हुए कहा की हम आपकी खेल भावना से उत्साहित है तथा आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। राधा गोविन्द शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट के सचिव प्रियंका कुमारी ने सभी विजेताओ को बधाई दी ।कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल ने वार्षिक खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह में कहा की दो दिवसीय खेल दिवस में खेल भावना व उत्साह अपनी चरण सीमा पर था । खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा खेल का भरपूर आनंद उठाया। विधार्थियो को अपनी मेहनत एवं शिक्षा के बल पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



# निडर, चरित्रवान युवा बनायें पराक्रमी भारत

**एनके मुरलीधर**

**आज** समाज और राष्ट्र के बिखरे हुए ऊर्जा के स्त्रोत युवाओं को संगठित और अनुशासित करके उनकी ऊर्जा को किसी सकारात्मक लक्ष्य और समाज उत्थान के कार्य हेतु अगर प्रयोग में लिया गया तो यह युवा शक्ति हर लक्ष्य को भेदती हुई सफलता के नए आयाम गढ़कर देश और समाज को हिमालय की बुलंदियों तक पहुचा सकेगें। इसके लिए उचित शिक्षा, सही मार्गदर्शन एवं अभिभावक, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ताओं व सरकारी तंत्र के पारस्परिक समन्वय की महती आवश्यकता है। अतएव शिक्षा को रोजगारपरक, हिंसामुक्त, क्रियाशील, मूल्यपरक एवं प्रकृति से सम्बन्धित करके ही निर्भय, स्वानुशासित, अहिंसात्मक जीवन दृष्टि वाले, आत्मनिर्भर, सहकारप्रिय एवं गीता में विंणत 'आत्मन्येवात्मना तुष्ट (अपने भीतर स्वयं से तृप्त) युवाओं का निर्माण किया जा सकता है। ऐसे युवकों के द्वारा ही देश में सामाजिक सौहार्द्र ,सुख-शान्ति व



समृद्धशाली समाज की स्थापना की जा सकती है जिसके द्वारा ही आधुनिक सभ्यता के उज्जवल भविष्य का सपना साकार हो सकेगा।

## कौन संभालेगा युवाओं को

आज प्रश्न यह है कि युवा शक्ति को संभालने और दिशा देने की सामर्थ्य किसमे है जबकि वर्तमान भारतवर्ष में 13 से 35 वर्ष की आयु वाले लगभग 42 करोड़ यूवाओं की मानवीय पूँजी है जो कि दुनिया के किसी भी अन्य देश की तुलना में बहुत अधिक है अर्थात हमारा देश इन दिनो सर्वाधिक युवा देश है जिसमें से 70 प्रतिशत (लगभग 29 करोड़) ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करते हैं। गॉव में रहने वाले युवाओं तथा शहरों में निवास करने वाले लगभग 13 करोड़ युवा दोनो के रहन-सहन, क्षमता, रूचि, परिवेश, शिक्षा आदि एकदम अलग है। गॉवो की शिक्षा व्यवस्था और शहरों की सुविधाए, दोनो में जमीन-आसमान का फर्क है। इसलिए ग्रामीण युवाओं को आज शिक्षा एवं रोजगाार के पर्याप्त अवसर प्राप्त नही हो पा रहे हैं और वे विकास की दौड़ में पीछे छूट रहे हैं। जबकि किसी भी राष्ट्र की युवा शक्ति उसके रचनात्मक कार्यो का आधार होती है परन्तु जब युवाओं को अपनी योग्यता व शक्ति का सदुपयोग करने का अवसर नही मिलता तो वह अपने वास्तविक मार्ग से भटक जाते हैं। ऐसी परिस्थितियों में युवा शक्ति रचनात्मक कार्यो में व्यस्त न रहकर विध्वंसक कार्यो की ओर अग्रसर होती है।

आज हमारे देश में ग्रामीण युवा शक्ति के सामने अनेक गम्भीर चुनौतियां हैं जिनमें आर्थिक विषमता, मूल्यरहित शिक्षा, शिक्षा का रोजगारोन्मुखी न होना, उचित मार्गदर्शन का अभाव एवं टेलीवीजन के द्वारा सेक्स और हिंसा का ग्लैमराइजेशन किया जाना आदि हैं। जिसके कारण उत्पन्न अमीरी-गरीबी की बढती खाई, बेरोजगारी, सामाजिक रिश्तों का अभाव, पारिवारिक विघटन, उपभोगवादी संस्कृति का प्रसार, टूटते सामाजिक-राजनैतिक मूल्यों ने इन युवाओं के भीतर निराशा पैदा कर दी है। आज हमारे देश में उचित मार्गदर्शन के अभाव में भारतीय युवा पीढी दिग्भ्रमित है और कुप्रवृत्तियों की पगडंडियो में भटककर अपराध और आतंकवाद पर चल रही है। कश्मीर में जारी आतंकवादी गतिविधियों तथा देश के कोने-कोने में पैर पसारते नक्सलवाद में गुमराह युवा वर्ग की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके अतिरिक्त देश की बढती जनसंख्या ने भी युवा वर्ग को दिशा से भटकने के लिए मजबूर कर दिया है। इन समस्याओं का निदान किए बिना युवा शक्ति को राष्ट्रिज विकास के कार्यो से संलग्न कर पाना संभव न हो सकेगा। आर्थिक विषमता भी युवाओं को मार्ग से भटकाने में प्रेरक तत्व है। आज देश में अधिकांश पूँजी चंद हाथों में है जबकि अधिकांश ग्रामीण युवा निर्धन व अशिक्षित परिवारों से संबन्धित है। धन के अभाव में ये ग्रामीण युवक शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं और इनकी प्रतिभा को उचित अवसर नहीं प्राप्त हो पाता है। इसके अतिरिक्त देश की जनसंख्या में तीव्र वृद्धि हो रही है। कृषि योग्य भूमि बढते परिवारों के साथ टुकड़ों में बंटती जा रही है। कृषि से जीवन-यापन संभव नहीं रह गया है। फलस्वरूप युवा वर्ग ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों की ओर पलायन करने पर मजबूर है। शहरो में आकर ये युवक मजदूरी कर अपना पेट भरते हैं। जहाँ पर वे शहरी चकाचैंध से परिचित होते है और भौतिक सुखसुविधाओं की प्राप्ति हेतु गलत रास्तों पर चल पड़ते हैं।

वर्तमान शिक्षा युवाओं को परिश्रम से दूर करती है। अल्प शिक्षा प्राप्त ये युवक कृषि व संबन्धित कार्य करने में शिंमन्दगी महसूस करते है। ह्लथोड़ा पढा तो गया हल से, ज्यादा पढा तो गया घर से ह्ल कहावत इन पर चरितार्थ होती है। ये युवक कृषि के बजाए नौकरी प्राप्त करने में अपने भविष्य को अधिक सुरक्षित महसूस करते हैं। जिन युवकों की ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त होता है, वे जल्द से जल्द शहरी क्षेत्रों में स्थानान्तरण कराने का प्रयास करते हैं ताकि शहरी जीवन का लाभ उठा सकें। वर्तमान शिक्षा युवाओं में नैतिक मूल्यों का विकास करने में असफल सिद्ध हो रही है। शिक्षा एक व्यवसाय नहीं, वरन संस्कार है। परंतु आज की शिक्षा व्यवसाय ज्यादा नजर आती है। युवा वर्ग कालेजो के माध्यम से ही दुनिया को देखता है। पर शिक्षा में सामाजिक व नैतिक मूल्यों कअभाव होने के कारण वह न तो उपयोगी प्रतीत होती है और न ही युवा वर्ग इसमें कोई खास रूचि लेता है। शिक्षा का सीधा संबंध नौकरी या रोजगार से जुड़ गया है। ऐसे में शिक्षा की व्यावहारिक उपयोगिता पर प्रश्नचिह्न लगने लगाा है।ऐसे में युवा वर्ग की सक्रियता हिंसात्मक कार्यों, उपद्रव, हड़तालों, अपराधों और अनुशासनहीनता के रूप में ही दिखाई देती है। शिक्षा में सामाजिक व नैतिक मूल्यों के अभाव ने युवाओं को नैतिक मूल्यों के सरेआम उल्लंघन की ओर अग्रसर किया है।मसलन मादक द्रव्यों व धूमपान की आदतें, यौन शुचिता का अभाव आदि ने विद्यालयों को विद्यास्थल के बजाए राजनीतिक अखाड़ा, असामाजिक व अनैतिक कार्यों की जन्मस्थली बना दिया है। दुर्भाग्यवश आज के गुरूजन भी प्रभावी रूप में सामाजिक व नैतिक मूल्यों को स्थापित करने में असफल रहे। युवाओं के समक्ष एक अन्य चुनौती उचित मार्गदर्शन का अभाव है। आदर्श नेतृत्व ही युवाओं को सही दिशा दिखा सकता है, पर जब नेतृत्व ही भ्रष्ट हो तो युवाओं का क्या? किसी दौर में युवाओं के आदर्श गांधी, नेहरू, विवेकानन्द, आजाद, सुभाष जैसे लोग या उनके आसपास के सफल व्यक्ति, वैज्ञानिक और शिक्षक रहे। पर आज के युवाओं के आदर्श वही हैं जो शार्टकट के माध्यम से ऊँचाइयों पर पहुँच जाते हैं। फिल्मी अभिनेता, अभिनेत्रियां, विश्वसुन्दरियां, भ्रष्ट अधिकारी, उद्योगपति, राजनीतिज्ञ और अपराध जगत के डान आदि उनके आदर्श बन गए हैं। फलस्वरूप अपनी संस्कृति के प्रतिमानो और उद्यमशीलता को भूलकर रातोरात ग्लैमर की चकाचैंध में वे शीर्ष पर पहुँचना चाहते हैं। पर वे यह भूल जाते हैं कि जिस प्रकार एक हाथ से ताली नहीं बज सकती, उसी प्रकार बिना उद्यम के ठोस कार्य भी नहीं हो सकता।

## विवेक कथन

राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद द्वारा कहे गये कथन निम्न प्रकार हैं :

उच्चतम आदर्श को चुनो और उस तक अपना जीवन जीयो। सागर की तरफ देखों न कि लहरों की तरफ।- कुछ सच्चे, ईमानदार और ऊर्जावान पुरुष और महिलाएं एक वर्ष में एक सदी की भीड़ से अधिक कार्य कर सकते हैं। धर्म आदमी में पहले से ही देवत्व की अभिव्यक्ति है। ह्लधन पाने के लिये कड़ा संघर्ष करों पर उससे लगाव मत करो

जो गरीबों में, कमजोरों में और बिमारियों में शिव को देखता हैं, वो सच में शिव की पूजा करता हैं।

प्रत्येक आत्मा संभावित परमात्मा है।

दिन में एकबार खुद से बात अवश्य करों......नहीं तो आप संसार के सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति से मिलने से चूक जाओंगे।

मेरा विश्वास युवा पीढी में है, आधुनिक पीढी से मेरे कार्यकर्ता आ जायेगें। ह्लकाम, काम, काम बस यही आपके जीवन का उद्देश्य होना चाहिये।

पृथ्वी का आनंद नायकों द्वारा लिया जाता हैं ये अमोघ सत्य हैं। एक नायक बनो और सदैव कहो मुझे कोई डर नहीं है।

महसूस करो कि तुम महान हो और तुम महान बन जाओगें। मेरी भविष्य की आशाएँ युवाओं के चरित्र, बुद्धिमत्ता, दूसरों की सेवा के लिए सभी का त्याग और आज्ञाकारिता खुद को और बड़े पैमाने पर देश के लिए अच्छा करने वालों पर निर्भर है।

मृत्यु तो निश्चित हैं, एक अच्छे काम के लिये मरना सबसे बेहतर हैं। ह्लहमारे देश को नायकों की जरुरत हैं, नायक बनों, तुम्हारा कर्तव्य हैं काम करते जाओ और फिर सभी तुम्हारा खुद अनुसरण करेंगे।ह्लझ स्वामी विवेकानंद

उठो, जागों और जब तक मत रुकों तब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हों। आप भगवान में जब तक विश्वास नहीं कर सकते जब तक कि आप खुद में विश्वास नहीं करते। जब एक विचार यदि मन में आये तो ये वास्तविक शारीरिक या मानसिक स्थिति में तब्दील हो जाता है। युवाओं के बीच काम करना सबसे अच्छा हैं जिनमें तुम्हारी आशाएँ रहती हैं झ धैर्य, व्यवस्थित रुप से और बिना शोर के।

एक बच्चा इंसान का पिता होता हैं । एक बूढे. आदमी के लिये ये कहना कहा तक उचित हैं कि बचपन पाप हैं या युवा अवस्था पाप है। स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय युवा नीति 2014 केंद्रीय मंत्रिमंडल ने फिलहाल लागू राष्ट्रीय युवा नीति 2003 के स्थान पर राष्ट्रीय युवा नीति 2014 के शुभरंभ की आज मंजूरी दे दी है। राष्ट्रीय युवा नीति 2014 का लक्ष्य युवाओं की पूर्ण क्षमता हासिल करने के लिए उन्हें सशक्त बनाने और उसके जरिए देश को राष्ट्रों के बीच सही जगह हासिल करने में समर्थ बनाना है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए नीति में पांच भली-भांति परिभाषित उदेश्यों और प्राथमिकता वाले 11 क्षेत्रों की पहचान की गई है। इसमें प्रत्येक प्राथमिक क्षेत्र में नीति के लिए भी सुझाव दिया गया है। प्राथमिक क्षेत्रों में शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार, उद्यमिता, स्वास्थ्य एवं स्वस्थ जीवनशैली, खेल, सामाजिक मूल्यों का संवर्द्धन, समुदाय से जोड़ना, रानीति एवं शासन में भागीदारी, युवाओं को संलग्न करना, समावेश और सामाजिक न्याय शामिल हैं। यह नीति 15 से 29 वर्ष के आयु वर्ग के सभी युवाओं की जरूरतें पूरी करेगी जो 2011 की जनगणना के अनुसार कुल आबादी का 27.5 प्रतिशत हैं।

## राष्ट्रीय युवा नीति 2014

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने फिलहाल लागू राष्ट्रीय युवा नीति 2003 के स्थान पर राष्ट्रीय युवा नीति 2014 के शुभरंभ की आज मंजूरी दे दी है। राष्ट्रीय युवा नीति 2014 का लक्ष्य युवाओं की पूर्ण क्षमता हासिल करने के लिए उन्हें सशक्त बनाने और उसके जरिए देश को राष्ट्रों के बीच सही जगह हासिल करने में समर्थ बनाना है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए नीति में पांच भली-भांति परिभाषित उदेश्यों और प्राथमिकता वाले 11 क्षेत्रों की पहचान की गई है। इसमें प्रत्येक प्राथमिक क्षेत्र में नीति के लिए भी सुझाव दिया गया है। प्राथमिक क्षेत्रों में शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार, उद्यमिता, स्वास्थ्य एवं स्वस्थ जीवनशैली, खेल, सामाजिक मूल्यों का संवर्द्धन, समुदाय से जोड़ना, रानीति एवं शासन में भागीदारी, युवाओं को संलग्न करना, समावेश और सामाजिक न्याय शामिल हैं। यह नीति 15 से 29 वर्ष के आयु वर्ग के सभी युवाओं की जरूरतें पूरी करेगी जो 2011 की जनगणना के अनुसार कुल आबादी का 27.5 प्रतिशत हैं। युवा वर्ग देश का भविष्य होने के साथ-साथ हमारे देश के विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। भारत में युवाओं की संख्या अन्य देशों से अधिक है। भारत की लगभग 65 प्रतिशत जनसंख्या की आयु 35 वर्ष से कम है। सरकार का पूरा ध्यान युवाओं के माध्यम से विकास लाने पर केन्द्रित है। उनके अनुसार युवा देश के विकास के लिए अपना सक्रिय योगदान प्रदान करें न कि केवल उसका एक हिस्सा बनकर रह जाएँ। सरकार द्वारा पेश की गई राष्ट्रीय युवा नीति-2014 का उदेश्य युवाओं की क्षमताओं को पहचानना और उसके अनुसार उन्हें अवसर प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना और इसके माध्यम से विश्वभर में भारत को उसका सही स्थान दिलाना है। युवाओं के व्यक्तित्व में सुधार लाने, उनमें नेतृत्व के गुण विकसित करने एवं उनमें ज़िम्मेदार नागरिक के गुण और स्वयंसेवा की भावना उत्पन्न करने के उद्देश्य से युवा मामले विभाग ने विभिन्न कार्यक्रमों को कार्यान्वयित किया है। राष्ट्रीय युवा नीति-2014 की विषयवस्तु एवं युवा मामले विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों/ योजनाओं के बारे में अधिक जानकारी विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है। राष्ट्र निर्माण में युवाओं को कैसे भागीदार बनाया जाए इससे संबंधित अपने विचार और सुझाव साझा करें। यह समूह कार्य एवं चर्चा करेगा। कार्य दोनों प्रकार के हो सकते हैं -ऑनलाइन और बाहरी। चर्चा के माध्यम से लोग अपने विचार व्यक्त कर सकते हैं और सुझाव दे सकते हैं।

## युवा दिवस की थीम

**2011** 2011 की थीम थी ह्लसबसे पहले भारत।

**2012** की थीम थी विविधता में एकता का जश्न।

**2013** की थीम थी युवा शक्ति की जागरुकता।

**2014** की थीम थी ड्रग्स मुक्त संसार के लिये युवा।

**2015** की थीम थी ह्लयंगमंच और स्वच्छ, हरे और प्रगतिशील भारत के लिये युवा।(इसका नारा था, 'हमसे है नयी शुरुआत')

**2016** की थीम है विकास, कौशल और सद्भाव के लिए भारतीय युवा।

## राष्ट्रीय युवा दिवस क्यों मनाया जाता है

स्वामी विवेकानंद के विचार, दर्शन और अध्यापन भारत की महान सांस्कृतिक और पारंपरिक संपत्ति हैं। युवा देश के महत्वपूर्ण अंग हैं जो देश को आगे बढाता है इसी वजह से स्वामी विवेकानंद के आदर्शों और विचारों के द्वारा सबसे पहले युवाओं को चुना जाता है। इसलिये, भारत के सम्माननीय युवाओं को प्रेरित करने और बढावा देने के लिये हर वर्ष राष्ट्रीय युवा दिवस मनाने की शुरुआत हुई। कार्यक्रम को उत्साह पूर्वक मनाने के लिये स्कूल और कॉलेज को रुचिकर ढंग से सुसज्जित करते हैं। स्वामी विवेकानंद एक महान इंसान थे जो हमेशा देश की ऐतिहासिक परंपरा को बनाने और नेतृत्व करने के लिये युवा शक्ति पर विश्वास करते थे और मानते थे कि विकसित होने के लिये देश के द्वारा कुछ उन्नति की जरुरत है।



संयोजन » मुरलीधर, पृष्ठ सज्जा : वकील ठाकुर

## स्पीड न्यूज

### मेंटेनेंस का काम कर रहे रेलकर्मी की मौत

**जमशेदपुर।** भारतीय रेलवे के कर्मचारी रवि मेहता (झाड़ग्राम निवासी) की मौत टाटानगर रेलवे अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई। गुरुवार को उनके शव का पोस्टमार्टम किया गया। बताया जाता है कि गत 10 जनवरी को जादूगोड़ा में रेलवे ट्रैक का तार मरम्मत के दौरान जेसीबी से चोट लगने के कारण वे गंभीर रुप से घायल हो गए थे।

### सड़क हादसे में किशोरी मौत

**जमशेदपुर।** नोवामंडी, प सिंहभूम की रहने वाली 14 वर्षीय लड़की गंगूनी सोरेन की मौत बाजार जाने के क्रम में एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से होगई। शव का गुरुवार को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। दुर्घटना 10 जनवरी को हुई थी।

### एलपीजी सेफ्टी क्लीनिक का आयोजन

**कोडरमा।** झुमरी तिलैया शहर के मेसर्स रामपाल एजेंसी द्वारा कांटी पंचायत के पंचायत भवन में एलपीजी सेफ्टी क्लीनिक का आयोजन किया गया। जिसमें कांटी पंचायत के सभी गैस उपभोक्ताओं को एलपीजी का सही सुरक्षित इस्तेमाल, दुर्घटना से बचाव के साथ-साथ बीमा से संबंित प्रावाानों की जानकारी दी गई। रामपाल एजेंसी के दीपक सिंह ने उपस्थित महिलाओं को बताया कि रेगुलेटर का सही तरीके से नॉव ऑन करें, जब भी गैस चूल्हा के समीप काम करें तो सूती वस्त्र का ही प्रयोग करें, गैस लीकेज होने की हालत में कमरे का दरवाजा और खिड़की खोल दें और बिजली स्विच, माचिस या लाइटर का प्रयोग नहीं करें।

### सीटी बजाओ स्कूल बुलाओ कार्यक्रम

**कोडरमा।** शिक्षा विभाग के निर्देश के आलोक में गुरुवार को जिले के विभिन्न सरकारी स्कूलों में छात्र छात्राओं की उपस्थिति बढाने को लेकर सिटी बजाओ, स्कूल बुलाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत स्कुली बच्चे सिटी बजाते हुए विद्यालय आये। प्रखंड के उत्क्रमित मय विाालय लोचनपुर में प्राानायापिका रेखा कुमारी के नेतृत्व में सिटी बजाओ स्कूल बुलाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर सुमित्रा महतो, गीता शर्मा, अनिता कुमारी आदि शिक्षिकाएं मौजूद थे।

### बिरसा किसान रथ को दिखाई हरी झंडी

**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को बिरसा किसान रथ को बीडीओ सह सीओ डोमचांच रविन्द्र पाण्डेय, बीस सूत्री अध्यक्ष बैजनाथ मेहता द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया गया। उल्लेखनीय हो कि बिरसा किसान रथ विभिन्न पंचायतो में एलईडी के मायम से सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कृषि योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेगी। मौके पर सनोज कुमार यादव, रंजीत कुमार पाण्डेय, विनोद रविदास एवं किसान मौजूद थे।

### अध्यक्ष अजीत बर्णवाल व कोषाध्यक्ष मुन्ना सुल्तानिया निर्विरोध चुने गए

**कोडरमा।** इंडियन रेड क्रस सोसाइटी कोडरमा के अजीत वर्णवाल अध्यक्ष व मुन्ना सुल्तानिया कोषाध्यक्ष निर्विरोध चुने गए। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाचित पदाधिकारी रिया सिंह निर्वाचित पदाधिकारी को प्रशस्ति पत्र दिया और आशा जताया की नए चयनित पदाधिकारी रेड क्रॉस के लिए बेहतर कार्य करेंगे। वहीं प्रबंधन कार्यकारिणी में अरविंद सेठ, गणेश स्वर्णकार आदि चुने गए। उल्लेखनीय रहे की उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह की देखरेख में सफलतापूर्वक चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई गई थी।

### दो दिवसीय पुस्तक मेला

**कोडरमा।** जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के द्वारा जिले में 20 और 21 जनवरी को दो दिवसीय पुस्तक मेला का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर गुरुवार को डीडीसी ऋतुराज की अध्यक्षता में अधिकारियों की बैठक हुई। जिसमे डीडीसी ने पुस्तक मेला के रूप रेखा और कार्यक्रम को लेकर आवश्यक निर्देश दिया। वहीं नगर प्रशासक झुमरीतिलैया और कोडरमा नगर पंचायत के नगर प्रशासक को पुस्तक मेला के आयोजन को लेकर स्थल चिन्हित करने का निर्देश दिया। मौके पर डीईओ नयन कुमार, नगर प्रशासक आदि मौजूद थे।

### पेंशनर समाज की बैठक में समस्याओं के समाधान की मांग

**कोडरमा।** झारखंड राज्य पेंशनर समाज जिला शाखा कोडरमा की बैठक अध्यक्ष नारायण मोदी की अध्यक्षता में हुई, जिसमें अधिकारियों से समस्याओं के समाधान की मांग की गई। प्रस्ताव पारित कर निर्णय लिया गया कि फरवरी माह 2024 में पेंशनर समाज की बैठक प्रथम सप्ताह के बुधवार 7 फरवरी को आयोजित होगी, क्योंकि दूसरे बुधवार को सरस्वती पूजा है। इस दिन विशेष रूप से पेंशनर दिवस को लेकर निर्णय लिया जाएगा।

### फरार अभियुक्त को जेल भेजा गया

**सतगावां (कोडरमा)।** पुलिस ने पुराने मामले में फरार अभियुक्त 60 वर्षीय मथुरा राम पिता बाड़ो राम सेलारी निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं। अभियुक्त लंबे समय से फरार था। जिसे गुप्त सूचना पर उक्त अभियुक्त को पड़ोसी राज्य के रजौली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मूढेना उसके ससुराल से गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया गया।

### ढिबरा लदा टाटा मैजिक जब्त

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर डोमचांच थाना क्षेत्र के तेतरियाडीह रोड के समीप से अवैध ढिबरा लदे टाटा मैजिक वाहन को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार एसपी को सूचना मिलने पर डोमचांच थाना प्रभारी पंचम तिग्गा के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया।

### झामुमो ने गुरुजी का जन्मदिन मनाया

**जमशेदपुर।** गुरुवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति पुर्वी सिंहभूम जिला सम्पर्क कार्यालय में दिशोम गुरु वीर शिबू सोरेन का 80वां जन्म जयंती समारोह एवं शहीद सांसद सुनील महतो का केक काटकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। जिला समिति ने वृद्धा आश्रम साकची में फल वितरण किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीरसिह सुरेन, प्रमोद लाल, जिला उपाध्यक्ष सागेन पुरती, अरूण प्रसाद, प्रीतम हेम्ब्रम, हरदेव सिंह, कान्हैया रजक, इन्दर पाल सिंह, पीके राय समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अमन साव गिरोह का 6 गुर्गा हथियार समेत पकड़ाया

खबर मन्त्र संवाददाता



**लातेहार।** जेल में बैठकर अपना साम्राज्य चला रहे कुख्यात गैंगस्टर अमन साव गिरोह के खिलाफ लातेहार पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना पर बालूमाथ पुनि शशि रंजन के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने थाना क्षेत्र अंतर्गत कुरियाम खुर्द करमकटवा जंगल से गिरोह के आधा दर्जन गुर्गों को हथियार के साथ दबोचने में सफल रही है। गुरुवार को लातेहार एसपी कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि जेल से कुख्यात अपराधी अमन साव अपने सहयोगी मयंक सिंह एवं जेल में ही बन्द सहयोगी अपराधी आशीष कुमार साव उर्फ विशाल जी उर्फ पकौड़ी के साथ मिलकर अपने गिरोह का संचालन कर रहा है तथा अमन साव एवं मयंक सिंह के कहने पर बालूमाथ थाना अन्तर्गत ग्राम कुरियाम खुर्द का रहने वाला रोहित कुमार अपने अन्य सहयोगियों के साथ कई आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहा है। अमन साव के कहने पर रोहित कुमार अपने कुछ सहयोगी अपराधियों के साथ मिलकर बालूमाथ थाना क्षेत्र में व्यवसायी या ठिकेदार के यहां रंगदारी नहीं देने के बदले हत्या एवं आगजनी करने की योजना करमकटवा जंगल, कुरियाम खुर्द में बना रहे है। सूचना के आलोक में अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु बालूमाथ पुलिस निरीक्षक शशिरंजन कुमार के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी टीम द्वारा करमकटवा जंगल, कुरियाम खुर्द में छापामारी के दौरान रोहित कुमार (24 वर्ष) पिता रामनरेश साव, सुजीत यादव उर्फ गोला (24 वर्ष), पिता रामखेलावन यादव, मनोहर यादव, (27 वर्ष) पिता अवधेश यादव, सरहुली भुइयां, (33 वर्ष), पिता पुसन भुइयां, चारो कुरियाम खुर्द बालूमाथ, इब्राहिम अंसारी उर्फ गुड्डू, (32 वर्ष), पिता जैनुल मियाँ, (लेजांग बालूमाथ) व सनोज यादव (19 वर्ष), पिता योगेश्वर यादव (आरागुण्डी, थाना-लातेहार) को गिरफ्तार किया गया।

# गढ़वा में दिशोम गुरु का मना 80वां जन्मदिन



उपस्थित झामुमो नेता व कार्यकर्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** दिशोम गुरू शिबू सोरेन का 80वां जन्मदिन गुरूवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेष कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर मनाया गया। इस दौरान सदर हस्पिटल गढ़वा में मरीजों एवं मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के कल्याणपुर स्थित आवास पर गरीब, असहाय एवं जरूरतमंदों को के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर झामुमो नेताओं ने कहा कि दिशोम गुरू शिबू सोरेन अन्याय के खिलाफ आवाज उठाते थे। साथ ही उन्होंने महाजनों के अनैतिक त्यों का विरोा किया। महाजनों द्वारा 27 नवंबर 1957 को इनके पिता की हत्या करा दी गई। अपने पिता की हत्या के पश्चात इन्होंने अपनी पढ़ाई छोड़ दी और महाजनों के खिलाफ संघर्ष करने का फैसला किया। झारखण्ड मुक्ति मोर्चा ने अलग झारखण्ड राज्य के लिए इनके नेतृत्व में लंबा आंदोलन चलाया। फलतः 15 नवंबर 2000 को झारखण्ड राज्य का गठन किया गया और इनका सपना साकार हुआ।

# आर्मी का मेजर बन इंडेन गैस संचालक को ठगने वाला धराया

## गुमला पुलिस राजस्थान जाकर अभियुक्त को दबोची, 1.47 लाख की ठगी की थी

- एसपी ने प्रेस कान्फ्रेंस कर मामले का किया खुलासा



गिरफ्तार अभियुक्त के साथ एसपी व थाना प्रभारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** आर्मी के मेजर के नाम पर मां शेरावाली इंडेन गैस एजेंसी के संचालक अशोक कुमार आनंद के पुत्र विशेष कुमार आनंद से एक लाख 47 हजार तीन सौ रूपये ठगी करने के आरोपी राजस्थान राज्य के के डिंग जिला के कामा थाना क्षेत्र के धुलवारा गांव निवासी 28 वर्षीय रकीब अंसारी को पिता रेशम खान को गुमला पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरूवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में गुरूवार को अपने कार्यालय परिसर में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि 4 जनवरी 2024 को विशेष कुमार को एक अज्ञात व्यक्ति ने मोबाईल संख्या 7898603894 से आर्मी का बंदा बताकर कॉल किया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने बताया कि चेटर रोड स्थित सरकारी विद्यालय में आर्मी का कैंप है। जिसके लिए 19 केजी का दस सिलेंडर रिफिल चाहिए। उस व्यक्ति ने यह भी कहा कि सिलेंडर के पैसे के लिए आर्मी का मेजर जोरा सिंह कॉल करेगा। कुछ देर बाद विशेष आनंद के नंबर पर 7561887484 नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने कहा कि आर्मी का पेमेंट करने की तरीका है कि पहले आर्मी के बैंक खाते में कुछ राशि भेजना होगा। जिसके बाद भेजे गये राशि से दोगुना पैसा आता है। ऐसा करके विशेष आनंद से एक लाख 47 हजार तीन सौ रूपये की ठगी कर ली गयी।

### बीएसएल क्यूसीएफआइ की टीम को कई पुरस्कार

**बोकारो।** क्वालिटी सर्किल फोरम ऑफ इंडिया के तत्वावधान में नागपुर चैप्टर द्वारा 37वां राष्ट्रीय सम्मेलन 2023 का आयोजन 04.06 जनवरी 2024 को क्वालिटी सर्किल फोरम ऑफ इंडिया रामदेव बाबा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट नागपुर में किया गया था। कार्यक्रम में देश भर के विविध उद्योगों से जुड़ी क्वालिटी सर्किल टीमों सहित बोकारो स्टील प्लांट से 30 क्वालिटी सर्कलध्एलाइड कॉन्सेप्ट टीमों ने भाग लिया। लगभग 500 से अधिक टीमों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए बोकारो स्टील के एनसी पाठक वरीय प्रबंधक सीआरएम 1 एवं 2 को सर्वश्रेष्ठ स्लोगन के लिए पुरस्कृत किया गया। हॉट स्ट्रिप मिल की क्यूसी टीम जिज्ञासा ने लाइव क्विज प्रतियोगिता की शीर्ष दस टीमों में छठा स्थान प्राप्त किया। इलेक्ट्रो टेक्निकल लैब से क्यूसी टीम शक्ति और सीआरएम 3 क्यूसी टीम प्रज्जवल को सर्वश्रेष्ठ मॉडल का पुरस्कार मिला। बोकारो स्टील प्लांट की क्वालिटी सर्किल के टीमों की भागीदारी का समन्वय किया गया था।

### धनबाद पुलिस ने अवैध माइंस को बंद कराया

**धनबाद।** जिले में कोयले के अवैध व्यापार को रोकने के लिए तथा अवैध माइंस को बंद करने के लिए धनबाद पुलिस ने कमर कस ली है। और जैसा कि धनबाद केवरिया पुलिस अधीक्षक एचपी जनार्दन ने पहले ही साफ कर दिया था कि धनबाद में पुलिस और पब्लिक मिलकर काम करेगी किसी भी तरह की सूचना पब्लिक के द्वारा दी जाती है तो उस पर कार्रवाई जरूर की जाएगी। इसी क्रम में गुरुवार को जिले के रामकनाली ओपी क्षेत्र तथा गल्फरबाडी ओपी क्षेत्र में पुलिस द्वारा बीसीसीएल तथा सीआईएसएफ के सहयोग से अवैध मुहाने को जेसीबी से बंद कराया।


**शपथ पत्र**

मैं कोशिला देवी पति केदार सिंह, निवासी ग्राम जोरकट, पोस्ट- कौड़िया, थाना मेदिनीनगर, जिला पलामू राज्य झारखंड शपथ पूर्वक बयान करती हूं कि
1. यह कि मेरा वास्तविक नाम कोशिला देवी पति केदार सिंह, पता ग्राम जोरकट, पो. कौड़िया थाना मेदिनीनगर जिला पलामू राज्य झाखंड है जो सही एवं सत्य है।
2. यह कि मेरा आधार कार्ड में नाम शिला देवी दर्ज है एवं पता ग्राम चियांकी, पोस्ट चियांकी, थाना डालटनगंज जिला पलामू राज्य झारखंड अंकित है जो अब मेरा नाम व पता बदल चुका है।
3. यह कि मैं यह शपथ पत्र अपने आधार कार्ड में नाम कोशिला देवी पति केदार सिंह पता ग्राम जोरकट, पोस्ट कौड़िया थाना मेदिनीनगर जिला पलामू दर्ज करवाने में सत्यापित करने के लिए कर रही हूं। ह/

कोशिला देवी

उपरोक्त शपथकर्ता ने मेरे समक्ष अपना हस्ताक्षर बनाये हैं जिसका मैं पहचान करता हूं।
नोटरी
चंद्रशेखर प्रसाद सिंह
डालटनगंज, रजिस्ट्रेशन नंबर 10, सिरियल नंबर 409,
दिनांक- 11.01.2024.


### अनाथ बच्चें-बच्चियों को बाल संरक्षण इकाई ने स्पन्सरशिप स्किम के तहत दिलाया लाभ

**गढ़वा।** डीडीसी राजेश कुमार राय ने अनाथ बच्चों के प्रति गहरी संवेदना दिखाते हुए सरकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने का कार्य किया है। उन्होंने उक्त अनाथ बच्चे-बच्चियों को जिला बाल संरक्षण इकाई के तहत स्पन्सरशिप योजना से लाभान्वित कराने का कार्य किया है। इस योजना के तहत लाभुकों को योजना स्वीति की तिथि से अगले तीन वर्षों तक निर्बाा रूप से चार हजार रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे, जिसे आगे के 18 वर्ष की आयु तक दिया जा सकेगा। डीडीसी ने अपने कार्यालय कक्ष में व्यक्तिगत रूप से अनाथ परिवारों के बच्चों को कलम, कपी, पुस्तक, बिस्किट व वस्त्र प्रदान किया। साथ ही सरकार के द्वारा अन्य जनकल्याणकारी योजनाएं जिनसे उन्हें लाभान्वित किया जा सके, उन योजनाओं से भी यथासंभव अच्छादित कराने की बात कही है।

# ओवरब्रिज का सरिया धंसने से एक दर्जन से अधिक मजदूर घायल, दो की स्थिति गंभीर



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र में निमार्णाधीन शिवपुर -कठौतिया रेलवे लाइन के निर्माण कार्य मे ब्रिज निर्माण करा रही मिलेनियम नामक कंपनी के साईट पर लापरवाही के कारण हुई दुर्घटना में कई मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह उक्त घटना तब हुई जब लगभग दो दर्जन मजदूर रक्शी गांव के मातु आहर के पास निमार्णाधीन ओवरब्रिज संख्या 99 के तीन नंबर पैकेज में काम करने के लिए पहुंचे थे, इसी दौरान ब्रिज का सरिया अचानक धराशाई हो गया। इस घटना में ब्रिज में कार्य कर रहे एक दर्जन से अधिक मजदूर घायल हो गये। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सिमरिया रेफरल अस्पताल में भर्ती करवाया गया,जहां से दो मजदूरों की गम्भीर हालत को देखते हुए हजारीबाग मेडिकल कॉलेजे अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं अन्य घायलों का स्थानीय स्तर पर इलाज किया जा रहा है। घटना में गंभीर रूप से घायल मजदूरों की पहचान राय निवासी किटकु महतो के 35 वर्षीय प्रदीप कुमार व पत्थलगड्डा थाना क्षेत्र के तिलरा गांव निवासी गांठों महतो के पुत्र चेतलाल महतो के रूप में की गई। घटना के बाद कंपनी के इंजीनियरिंग पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। जानकारों का कहना है कि कंपनी के ब्रिज में कार्य कर रहे मजदूरो की सुरक्षा से संबंधित कोई भी मापदंड अपनाये नहीं गये हैं। मिलेनियम कंपनी रक्शी से गिद्धौर के दुवारी तक 29 किलोमीटर रेल लाइन के निर्माण कार्य में जुटी हुई है। बताया गया कि पत्थलगड्डा की ओर से लगभग 10 किलोमीटर तक का निर्माण कार्य पूरा हो भी चुका है। घटना के बाद कंपनी के कामगार मौके से फरार बताए जा रहे हैं।

### फायर सेफ्टी का प्रशिक्षण

**सिंदरी।** सेल टासरा प्रोजेक्ट को एमडीओ का रुप देने आई कंपनी कल्याणेश्वरी टासरा माइनिंग के तहत सुरक्षा विभाग प्रमुख ने सुरक्षा विभाग के कर्मियों को फायर एंड सेफ्टी का प्रशिक्षण गुरुवार को प्रोजेक्ट के रोहड़ाबांध मौजा में दी। प्रशिक्षण में सुरक्षा में सहायक , कोल ब्लास्टिंग अधिकारी, सुरक्षा गार्ड सहित समेत तमाम कर्मी शामिल थे।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

निविदा सूचना सं. : डीआरएमईएनजीआरएनसी-02-2024, भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), राँची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: कार्य का नाम : डीआरएम कार्यालय हटिया के सर्कुलेटिंग एरिया की समुन्नति एवं डीआरएम कार्यालय में शाखा अधिकारियों के चैंबरों की समुन्नति। निविदा मूल्य: रु.1,04,44,567.22, बयाना राशि: रु.2,02,200/-, निविदा की अंतिम तिथि और समय: उपर्युक्त निविदा के लिए दिनांक 02.02.2024 को 15.00 बजे। निविदाकार ऑनलाइन निविदा करने के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं। पिन कोड-834003 (PR-1018)



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG.**

**Very short e-Procurement Re-Tender Notice**

**Tender Reference No. :- WRD/MID/HAZARIBAG/F2-16/2023-24**

**Letter no - 29 Date :- 11.01.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Check Dam on Simra Tari Nala, Block Chouparan, Dist- Hazaribag. |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | 49,94,916.90 |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4. | Date of Publication of e-Tender on website | 17.01.2024 at 3:00 P.M |
| 5. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 24.01.2024 up to 5:00 P.M |
| 6. | Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD | 24.01.2024 up to 5:00 P.M |
| 7. | Date of opening of e-Tender | 25.01.2024 at 03:00 P.M |
| 8. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag |
| 9. | Contact no. of e-Procurement officer | 06546-270485 |
| 10. | E-mail of e- Procurement officer | eemidhbg-cemr-jhr@nic.in |

Note:- 1). Published Estimated Cost May be Increased or Decreased.
2). Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD Through http://jharkhandtenders.gov.in

PR 315823 Minor Irrigation(23-24)D

Executive Engineer, Minor Irrigation Division,Hazaribag.


# एस्पायरिंग इंजीनियर्स के दीक्षांत समारोह में 55 को मिला प्रमाण पत्र



**जमशेदपुर (खबर मन्त्र ब्यूरो)।** एस्पायरिंग इंजीनियर्स प्रोग्राम (एईपी) 2022 बैच के लिए दीक्षांत समारोह 10 जनवरी, 2024 को एसएनटीआई, जमशेदपुर में आयोजित किया गया। एईपी, जिसे पहले एईटी प्रोग्राम के नाम से जाना जाता था, को 2016 में टाटा स्टील के विभिन्न विभागों के लिए इंजीनियर प्रशिक्षुओं की नियुक्ति और प्रशिक्षण के लिए एक अग्रणी पहल के रूप में पेश किया गया था। दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अवनीश गुप्ता, वाईस प्रेसिडेंट, टीक्यूएम एंड इंजीनियरिंग एंड प्रोजेक्ट्स, टाटा स्टील उपस्थित थे। इस अवसर पर टाटा स्टील की चीफ एचआर, इंजीनियरिंग एंड प्रोजेक्ट्स विनीता प्रकाश भी मौजूद थीं। 2022 बैच के 55 प्रशिक्षु स्नातक हुए। श्रीलक्ष्मी जेएस को सिविल इंजीनियरिंग से टॉपर के रूप में सम्मानित किया गया, वी श्रीराम ने ईईआई में शीर्ष स्थान हासिल किया। सुभायन मल मैकेनिकल ब्रांच से टॉपर के रूप में उभरे। वी श्रीराम को एईपी 2022 के बैच टॉपर के रूप में भी सम्मानित किया गया। इंजीनियरिंग डेवलपमेंट एंड इनोवेशन सेंटर (ईडीआईसी), टाटा स्टील द्वारा आयोजित एस्पायरिंग इंजीनियर्स प्रोग्राम, एक व्यापक 1-वर्षीय प्रशिक्षण पहल है जिसे कॉलेज स्नातकों को उद्योग के लिए तैयार पेशेवरों के रूप में प्रशिक्षित करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह कार्यक्रम विशिष्ट रूप से 6 महीने के क्लासरूम ट्रेनिंग को अतिरिक्त 6 महीने के रोजगार अनुभव के साथ एकीकृत करता है, जिससे एक सर्वांगीण कौशल विकास होता है।

### सरकारी कारनामा : जिंदा को मृत बता पेंशन रोका

**जमशेदपुर।** बागबेड़ा नया बस्ती की रहने वाली दलबीर कौर जीवित हैं। उदलबीर कौर का ऑपरेशन हुआ है। वह अस्पताल में एडमिट है, उनकी बेटी बबली कुमारी उनके बेटे नरेंद्र सिंह को लेकर बागबेड़ा महानगर विकास समिति के अध्यक्ष जिला भाजपा नेता सुबोध झा, आरटीआई सेल के अध्यक्ष विनय सिंह, अजय ओझा, राजेश कुमार, पशुपतिनाथ पहुंचे प्रखंड कार्यालय। इन लोगों ने बताया कि दलबीर कौर जीवित हैं इसलिए पेंशन जारी किया जाए। बीडीओ के अनुपस्थिति में बांके बिहारी सिंह के द्वारा कंप्यूटर में यथाशीघ्र जांच कर पूरी रिपोर्ट दिए। और पंजाब नेशनल बैंक में उनका अकाउंट भी है। जांच में पाया गया की चार महीना पहले से उनका पेंशन को बंद किया गया है। बीपीआरओ बांके बिहारी सिंह यथाशीघ्र समस्या का समाधान करने के लिए बैंक अकाउंट आधार कार्ड और एक कंप्लेंट पत्र बबली सिंह से लिखवा कर लिए और किसी के द्वारा मृत घोषित किया गया है। इसकी जांच कर कार्रवाई करने का भी शिकायत दर्ज करने को कहा। किस प्रकार से साइको ग्राम वासी प्रखंड का चक्कर लगा रहे हैं और उन्हें समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।

### राजद आवाज उठानेवाली पार्टी : सुभाष यादव

**कोडरमा।** राजद का कारवां लगातार बढ़ता जा रहा है। झुमरीतिलैया के विशुनपुर रोड स्थित राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव के आवास में गुरुवार को 500 से ज्यादा लोगों ने राजद का दामन थाम लिया। कार्यक्रम में चतरा लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने राजद की सदस्यता ग्रहण करने वालों को सदस्यता रशीद सौंपी। कार्यक्रम की अध्यक्षता किशोरी यादव एवं संचालन रविन्द्र रजक ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राजद गरीब-गुरबों और शोषित वंचितों एवं अकलियतों की आवाज उठाने वाली पार्टी है। पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के सामाजिक न्याय को मानने वाले जनता मालिक संगठित हो रहें है। कोडरमा के जनता मालिकों को पिछले एक दशक से ठगा गया है। जनता अब जाग रही है।


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रांँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम-लोरेब आरिफ, उम्र-25 वर्ष, रंग-गोरा, ऊँचाई-5 फीट 08 ईंच, पहनावा-जींस का जैकेट एवं जींस पैंट पहने हुए है।

उपरोक्त लापता पुरूष लोरेब आरिफ, पे0-अकरम आरिफ, सा0-शाह लॉज, हरमु रोड, थाना-सुखदेवनगर, जिला-राँची जो दिनांक-01.01.2024 को घर से बगैर बताए कहीं चले गए जो आज तक अपने घर वापस नही आए है। जिसके संबंध में सुखदेवनगर थाना सन्हा सं0-16/23, दिनांक-01.01.2024 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता पुरूश कहीं मिलतें/दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली, राँची। - 9431770077
थाना प्रभारी सुखदेवनगर, राँची। - 9431788800

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 315793Police(23-24)#D

## सचिन और युवराज की टीमें फ्रेंडली मुकाबले में भिड़ेंगी



एजेंसी

**मुद्देनहल्ली।** मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर और युवराज सिंह के नेतृत्व में सात देशों के खिलाड़ी कर्नाटक के चिक्कबल्लापुर में 18 जनवरी को मुद्देनहल्ली के सत्य साई ग्राम में आयोजित किए जा रहे 'वन वर्ल्ड वन फेमिली कप' मैत्री मुकाबले में भिड़ेंगे। श्री मधुसूदन साई वैश्विक लोकोपकारी सेवा अभियान द्वारा साई कृष्णन क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित इस मैत्री-क्रिकेट मुकाबले में भारत रत्न से सम्मानित मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर और पद्मश्री से सम्मानित युवराज सिंह के नेतृत्व वाली टीमें मुकाबला करेंगी। इस अवसर मुख्य अतिथि केंद्रीय संसदीय कार्य तथा कोयला एवं खान मंत्री प्रह्लाद जोशी स्टेडियम का लोकार्पण करेंगे। पांच पंखुड़ियों के आकार वाले इस खेल-मैदान की चार दर्शक दीघाओं की कुल क्षमता 3,500 दर्शकों की है। इस वन वर्ल्ड वन फेमिली कप' में सात देशों के अनेक रिकाड 'होल्डर खिलाड़ी हरभजन सिंह, मुथैया मुरलीधरन, इरफान पठान, चमिंडा वास, तेज गेंदबाज आर पी सिंह, बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज मोंटी पनेसर, डेन्नी मॉरीसन, वेंकटेश प्रसाद आदि खिलाड़ी भाग लेंगे। भारत के लिए 34 शतक लगाने वाले भूतपूर्व भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी सुनील गावस्कर आज भी बैटिंग कर रहे हैं, लेकिन एक अलग मैदान में, श्री मधुसूदन साई वैश्विक लोकोपकारी सेवा अभियान के माध्यम से अभावग्रस्तों की सेवा करके, और इसे वे अपने जीवन की तीसरी तथा सर्वश्रेष्ठ पारी' कहते हैं। सुनील गावस्कर कहते हैं, क्रिकेट मात्र एक खेल से अधिक है, यह एक शक्तिशाली मंच है जो जीवन के हर क्षेत्र के लोगों को एकजुट करता है। इन वर्षों के दौरान मैं लोगों को एकजुट करने तथा समाज पर सकारात्मक प्रभाव निर्मित करने की खेलों की अपार शक्ति का प्रत्यक्षदर्शी रहा हूं। इस अनूठे मैत्री मैच का लक्ष्य, क्रिकेट की लोकप्रियता का लाभ उठाकर अभावग्रस्त मनुष्यों के जीवन में आने वाली गंभीर समस्याओं की ओर तथा सद्गुरु श्री मधुसूदन साई के द्वारा एक विश्व एक परिवार–वसुधैव कुटुंबकम' की भावना से किए जा रहे महान कार्यों की ओर ध्यानाकर्षित करना है।

# शिवम दुबे का अर्धशतक, टीम इंडिया ने 6 विकेट से जीता मोहाली टी-20 मुकाबला, सीरीज में बनायी बढ़त

एजेंसी

**मोहाली।** टीम इंडिया ने मोहाली के मैदान पर अफगानिस्तान के खिलाफ पहला टी20 मुकाबला 6 विकेट से जीत लिया है। भारत को जीत दिलाने में शिवम दुबे ने प्रमुख भूमिका निभाई। अफगानिस्तान ने पहले खेलते हुए मोहम्मद नबी के 42 रनों की बदौलत 158 रन बनाए थे। जवाब में शिवम दुबे ने अर्धशतक लगाकर टीम इंडिया को 18वें ओवर में जीत दिला दी। यह टी20 विश्व कप से पहले भारतीय टीम की आखिरी सीरीज है। इसके बाद टीम इंडिया इंगलैंड के खिलाफ पांच टेस्ट खेलेगी। 23 मार्च से आइपीएल शुरू हो जाएगा। आइपीएल खत्म होने के बाद टीम इंडिया टी20 विश्व कप के लिए विंडीज और अमरीका की फ्लाइट पकड़ेगी। अफगानिस्तान की शुरूआत धीमी रही। ओपनिंग पर गुरबाज के साथ कप्तान जादरान आए थे लेकिन भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने मेडन के साथ शुरूआत की। हालांकि दोनों सलामी बल्लेबाजों ने टीम को सधी हुई शुरूआत दी। टीम इंडिया को पहली सफलता 8वें ओवर में मिली जब अक्षर पटेल ने गुरबाज को 23 रन के स्कोर पर विकेटकीपर जितेश के हाथों कैच आऊट करवाया। इसके बाद कप्तान जादरान (25) भी अगली ही ओवर में शिवम दुबे का शिकार हो गए। रहमत शाह महज 3 रन ही बना पाए। इसके बाद उमरजई और मोहम्मद नबी ने मौका संभाला। उमरजई ने जहां 22 गेंदों पर 29 रन बनाए तो वहीं, नबी ने 27 गेंदों पर दो चौके और 3 छक्कों की मदद से 42 रन बनाए। अंत में नजीबुल्लाह जादरान ने 11 गेंदों पर 19 तो करीम जन्नत ने 5 गेंदों पर 9 रन बनाकर स्कोर 158 तक पहुंचा दिया। भारतीय टीम की ओर से मुकेश कुमार 4 ओवर में 33 रन देकर 2 तो अक्षर पटेल 4 ओवर में 23 रन देकर 2 विकेट लेने में सफल रहे। शिवम दुबे ने 2 ओवर में 9 देकर 1 विकेट लिया। अर्शदीप सिंह ने 4 ओवर में 28 रन दिए हालांकि उन्हें कोई विकेट नहीं मिल पाया। रवि बिश्नोई ने 3 ओवर में 35 रन दिए तो वाशिंगटन सुंदर ने 3 ओवर में 27 रन दे दिए। दोनों का विकेट नहीं मिला।जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया की शुरूआत खराब रही। रोहित शर्मा पहली ही ओवर में रन आऊट हो गए। इसके बाद शुभमन गिल ने हाथ दिखाते हुए 5 चौके लगाए लेकिन वह 23 रन बनाकर चौथे ओवर में ही पवेलियन लौट गए। शुभमन को मुजीब ने गुरबाज के हाथों स्टंप आऊट करवाया। तिलक वर्मा ने अफगानिस्तान के गेंदबाजों के साथ दो दो हाथ किए और तेजतर्रार 26 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद जितेश शर्मा और शिवम दुबे भारतीय पारी को 100 रन पार ले गए। दुबे ने 40 गेंदों पर पांच चौके और 2 छक्कों की मदद से 60 रन बनाए। विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा ने भी हाथ दिखाए और 20 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 31 रन बनाए। अंत में रिंकू सिंह ने 9 गेंदों पर दो चौकों की मदद से 16 रन बनाकर शिवम का साथ दिया और टीम इंडिया को 18वें ओवर में जीत दिला दी।



मैन ऑफ द मैच
शिवम दुबे

### रोहित ने तोड़ा शिखर धवन का रिकॉर्ड

**टी20कमें भारत के सबसे उम्रदराज कप्तान**
36 वर्ष 256 दिन रोहित शर्मा बनाम अफगानिस्तान, 2024
35 वर्ष 236 दिन शिखर धवन बनाम श्रीलंका, 2021

अफगानिस्तान के खिलाफ इस मैच में जब रोहित शर्मा कप्तानी करने उतरे तब उनकी उम्र 36 साल 256 दिन थी और वह भारत के टी20 में कप्तानी करने वाले सबसे उम्रदराज कप्तान बन गए। रोहित ने धवन को पीछे छोड़ा जिन्होंने साल 2021 में 35 साल 236 दिन की उम्र में श्रीलंका के खिलाफ कप्तानी की थी। अब रोहित ने धवन को पीछे छोड़ दिया और यह रिकॉर्ड अपने नाम पर दर्ज किया। 14 महीने के बाद मैदान पर उतरे रोहित शर्मा अफगानिस्तान के खिलाफ एक भी रन नहीं बना पाए और डक पर रन आउट हो गए। दूसरी पारी की दूसरी गेंद पर उन्होंने शॉट लगाया और रन लेने के लिए दौड़ पड़े, लेकिन शुभमन गिल नहीं दौड़े और वह आउट हुए। इस तरह से आउट होने के बाद रोहित शर्मा काफी नाराज नजर आए। रोहित शर्मा छठी बार टी20 क्रिकेट में रन आउट हुए।

**अफगानिस्तान 158/5 (20 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| गुरबाज स्टंप जितेश बो. अक्षर | 23 | 28 | 02 | 01 |
| जादरान कै. रोहित बो. दुबे | 25 | 22 | 02 | 01 |
| ओमरजाई बो. मुकेश कुमार | 29 | 22 | 02 | 01 |
| रहमत शाह बो. अक्षर पटेल | 03 | 06 | 00 | 00 |
| मोहम्मद नबी कै. रिंकू बो. मुकेश | 42 | 27 | 02 | 03 |
| नजीबुल्लाह जादरान नाबाद | 19 | 11 | 04 | 00 |
| करीम जनत नाबाद | 09 | 05 | 02 | 00 |

**अतिरिक्त** : 08

**विकेट पतन** : 1-50, 2-50, 3-57, 4-125, 5-130.

**गेंदबाजी** : अर्शदीप सिंह : 4-1-28-0, मुकेश कुमार : 4-0-33-2, अक्षर पटेल : 4-0-23-2, वॉशिंगटन सुंदर : 3-0-27-0, शिवम दुबे : 2-0-9-1, रवि बिश्नोई : 3-0 35-0.

**भारत 169/4 (17.3 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा रन आउट | 00 | 02 | 00 | 00 |
| गिल स्टंप गुरबाज बो. रहमान | 23 | 12 | 05 | 00 |
| तिलक कै. नैब बो. ओमरजाई | 26 | 22 | 02 | 01 |
| शिवम दुबे नाबाद | 60 | 40 | 05 | 02 |
| जितेश कै. इब्राहिम बो. रहमान | 31 | 20 | 05 | 00 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 16 | 09 | 02 | 00 |

**अतिरिक्त** : 03

**विकेट पतन** : 1-0, 2-28, 3-73, 4-117.

**विकेट पतन** : फजलहक फारूकी : 3-0-26-0, मुजीब उर रहमान : 4-1-21-2, मोहम्मद नबी : 2 0-24-0, नवीन-उल-हक : 3.3-0-43-0, अजमतुल्लाह ओमरजाई : 4-0-33-1, गुलबदीन नैब : 1-0-12-0.

## टेनिस खेलने पहुंचे स्मिथ, जलवा देखकर जेकोविच ने मारी तालियां

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान के खिलाफ 3 टेस्ट मैचों की सीरीज जीतने के बाद प्रमुख बल्लेबाज स्टीव स्मिथ खाली समय में ऑस्ट्रेलियन ओपन देखने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने टेनिस रैकेट पर भी हाथ आजमाया। उनके सामने कोर्ट पर दुनिया के नंबर1 प्लेयर नोवाक जेकोविच थे। जेकोविच ने इस दौरान सर्व भी की जिसका स्मिथ ने बाखूबी जवाब दिया। स्मिथ का कौशल देखकर जेकोविच हैरान हो गए। उन्होंने रैकेट नीचे फेंका और हैरानगी दिखाई। थोड़ी देर बाद वह तालियां बजाते हुए भी दिखे। उक्त वीडियो ऑस्ट्रेलियन ओपन के ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाऊंट पर पोस्ट हुआ जिसे स्टार प्लेयरों के फैंस ने खूब पसंद किया।वीडियो सोशल मीडिया पर आते ही फैंस ने खूब कमेंट भी किए। एक फैंस ने लिखा- जो व्यक्ति रोज 150 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से आती गेंदें खेलने का आदी हो उसे क्या दिक्कत होगी। एक ने लिखा- गेंद छठे स्टंप पर थी और ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज इसे छोड़ भी सकते थे। एक महिला फैंस ने लिखा- ऑस्ट्रेलियन ओपनर। एक ने लिखा- स्मिथ 1, नोवाक 0। बता दें कि स्टीव स्मिथ को डेविड वॉर्नर के टेस्ट फॉर्मेट से रिटायर होने के कारण अब ओपनर का सबसे मजबूत दावेदार माना जा रहा है। स्मिथ का टेस्ट करियर शानदार रहा है। अगर वह ओपनिंग पर आते हैं तो फैंस को उम्मीद है कि वह खुलकर खेलेंगे और ऑस्ट्रेलिया के लिए और रिकॉर्ड भरी पारियां खेलेंगे।



## कम बॉलिंग स्पीड पर बोले शाहीन, हम हैरान थे कि क्या स्पीड गन इससे ऊपर नहीं जायेगी

**नयी दिल्ली।** न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए पाकिस्तान की टीम ऑकलैंड के मैदान पर तैयार है। पाकिस्तान ने बीते दिनों ही ऑस्ट्रेलिया से 3 टेस्ट मैचों की सीरीज गंवाई है। इस दौरान पाक गेंदबाजों की रफ्तार पर कई तरह के सवाल खड़े हुए। टीम पाकिस्तान के नए कप्तान शाहीन अफरीदी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी20 मुकाबले से पहले प्रेस वार्ता के दौरान पाक गेंदबाजों की कम होती स्पीड पर उठे सवालों के जवाब दिए। अफरीदी ने कहा कि हम खुद समझ नहीं पा रहे थे कि ऐसा कैसे हो रहा है।प्रेस कॉन्फ्रेंस में अफरीदी ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में स्पीड गन ने उन्हें आश्चर्यचकित किया। अफरीदी ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो, जब हम गेंदबाजी कर रहे थे तो हम खुद बोर्ड (बड़ी स्क्रीन) देख रहे थे। क्या हम सचमुच इतने (धीमे) हैं ? हम समझ नहीं पाए। हम शुरू से ही गेंदबाजी कर रहे थे, इतना प्रयास कर रहे थे, फिर भी गति 132-133 (किलोमीटर प्रति घंटा) तक आ रही थी।

## आरसीबी को बड़ा झटका, कुरेन हुआ चोटिल

**नयी दिल्ली।** एक बार फिर से आइपीएल खिताब जीतने का सपना संजो कर बैठी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को बड़ा झटका लगा है। बेंगलुरु ने बीते दिनों हुई आइपीएल ऑक्शन में इंग्लैंड के हरफनमौला खिलाड़ी टॉम कुरेन पर दाव लगाया था। लेकिन बिश बैश लीग से बुरी खबर आई है कि टॉम घुटने की चोट का शिकार हो गए हैं। इस कारण वह बिग बैश लीग से भी बाहर हो गए हैं। उनकी वापसी कब होगी, इसके बारे में कहा नहीं जा सकता। टॉम को यह चोट 6 जनवरी को सिडनी सिक्सर्स और मेलबर्न क्रिकेट के बीच खेले गए मुकाबले के दौरान लगी। टॉम कुरेन को आरसीबी ने 1.5 करोड़ रुपए में साइन किया था। आईपीएल सिर्फ 3 महीने दूर है और इसका असर आरसीबी पर पड़ सकता है। सिक्सर्स के लिए कुरेन का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। अंपायर को डराने-धमकाने के आरोप में उन पर 4 मैचों का प्रतिबंध लगा दिया गया था। तेज गेंदबाज ने अपने व्यवहार के लिए माफी मांगी।

## वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम की घोषणा की

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** वेस्टइंडीज ने अगले महीने ऑस्ट्रेलिया में होने वाली एकदिवसीय और टी-20 श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा कर दी है और खराब फार्म में चल रहे शिमरॉन हेटमायर को टीम से बाहर कर दिया गया है। वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने बताया कि खराब फार्म के कारण हेटमायर को टीम से बाहर कर दिया है वहीं हाल ही में बेहतर प्रदर्शन करने वाले जेसन होल्डर और काइल मायर्स की एक बार फिर से टी-20 टीम में वापसी हुई है लेकिन वे एकदिवसीय टीम का हिस्सा नहीं हैं। इसके अलावा होल्डर और मायर्स ने टेस्ट सीरीज के लिए स्वयं को अनुपलब्ध रखा है। उस दौरान वे अपनी टी-20 फ्रेंचाइजी के अनुबंध को पूरा करेंगे।

## सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में, श्रीकांत बाहर

एजेंसी

**कुआलालम्पुर।** भारत के सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूनार्मेंट में गुरुवार कोपुरूष युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए जबकि किदांबी श्रीकांत दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गए। दुनिया की दूसरे नंबर की जोड़ी सात्विक और चिराग ने फ्रांस के 36वीं रैंकिंग वाले लुकास कोरवी और रोनान लबार को 21-11, 21-18 से हराया। पिछले साल छह खिताब जीतने वाली भारतीय जोड़ी का सामना अब चीन के ही जि तिंग और रेन शियांग यू से होगा। पिछले महीने गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 खिताब जीतने वाली अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी ने वकाना नागाहारा और मायु मात्सुमोतो की जापान की सातवीं वरीय जोड़ी को 21-19, 13-21, 21-15 से हराकर उलटफेर किया और पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का अपना दावा मजबूत किया। वहीं श्रीकांत अपनी गलतियों पर काबू नहीं रख सके और हांगकांग के एंग का लोंग एंगस से दूसरे दौर में सीधे गेम में हार गए। कई सहज गलतियों और गलत लाइन कॉल के कारण विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर काबिज श्रीकांत को दुनिया के 20वें नंबर से खिलाड़ी का लोंग से 13-21, 17-21 से पराजय झेलनी पड़ी। एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सात्विक और चिराग ने आक्रामक खेल दिखाते हुए पहले ही गेम में 11-2 की बढ़त बना ली। फ्रांसीसी जोड़ी ने हालांकि स्कोर 12-14 कर दिया। भारतीय जोड़ी का अनुभव यहां काम आया जिसने लगातार सात अंक के साथ पहला गेम जीता। दूसरे गेम में 4-11 से पिछड़ने के बाद सात्विक और चिराग ने जबर्दस्त वापसी करते हुए 16-16 से बराबरी की। इसके बाद अपने प्रतिद्वंद्वी की गलतियों का फायदा उठाकर उन्होंने चार मैच प्वाइंट के साथ गेम और मैच जीता। उधर श्रीकांत की शुरूआत अच्छी रही और एक समय वह 6-1 से आगे चल रहे थे लेकिन फिर उन्होंने गलतियां करनी शुरू की और का लोंग ने लगातार छह अंक लेकर वापसी की। पिछले दो मुकाबलों में श्रीकांत ने का लोंग को हराया था लेकिन इस बार लय कायम नहीं रख सके और पहला गेम आसानी से गंवा दिया। दूसरे गेम में एक समय उनके पास 11-10 की बढ़त थी लेकिन फिर गलतियों से वह उबर नहीं सके।



## रिदम ने पेरिस ओलंपिक में भारत के लिए निशानेबाजी में हासिल किया 16वां कोटा

एजेंसी

**जकार्ता।** रिदम सांगवान पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने वाली भारत की 16वीं निशानेबाज बन गई जिन्होंने यहां एशियाई क्वालीफायर में 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल में कांस्य पदक जीता। इसके साथ ही भारत ने जुलाई अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक में निशानेबाजी के लिये सबसे ज्यादा कोटा हासिल कर लिए हैं। इससे पहले तोक्यो ओलंपिक 2020 में भारत के 15 निशानेबाजों ने भाग लिया था। एशियाई क्वालीफायर में भारत का यह तीसरा ओलंपिक कोटा है। इससे पहले ईशा सिंह और वरूण तोमर 10 मीटर एयर पिस्टल महिला और पुरूष वर्ग में कोटा हासिल कर चुके हैं। हरियाणा की 20 वर्ष की रिदम पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारत की 25 मीटर स्पोटर्स पिस्टल टीम का हिस्सा थीं जिसमें ईशा और मनु भाकर भी शामिल थी। रिदम फाइनल में 28 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही लेकिन यह उन्हें पेरिस ओलंपिक का कोटा दिलाने के लिए काफी था। चीन की यांग जिन को 41 अंक के साथ स्वर्ण और कोरिया की किम येजी को 32 अंक के साथ रजत पदक मिला। एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में यह रिदम का दूसरा कांस्य पदक है। उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल में भी तीसरा स्थान हासिल किया था। इस वर्ग में वह ओलंपिक कोटा हासिल नहीं कर सकी थी। रिदम ने अपनी सफलता का श्रेय निजी कोच विनीत कुमार को देते हुए कहा कि मुझे खुशी है कि कांस्य पदक जीतकर देश के लिये कोटा हासिल कर सकी। उन्होंने कहा, मैं अपने निजी कोच विनीत कुमार को धन्यवाद देना चाहूंगी। उनकी वजह से ही मैं यहां तक पहुंची हूं। मैं अपने सभी समर्थकों को भी धन्यवाद दूंगी।



# भारतीय कप्तान सविता ने कहा-हम हर चुनौती को तैयार

**ओलंपिक हॉकी क्वालीफायर**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कुछ अनुभवी खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में एक 'चुनौतीपूर्ण' टूनार्मेंट के लिए तैयार भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता पुनिया को शहर के हॉकी प्रेमियों के मजबूत समर्थन और कड़ी मेहनत की उम्मीद है। उनकी टीम शनिवार से यहां शुरू होने वाले एफआइएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर में भाग लेगी और पेरिस 2024 का टिकट हासिल करने का प्रयास करेगी। आठ-टीम एफआइएच ओलंपिक क्वालीफायर की शुरूआत से दो दिन पहले एक संवाददाता सम्मेलन में सविता ने कहा कि टीम कुछ महीने पहले एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान स्थानीय हॉकी प्रेमियों से मिले समर्थन से उत्साहित है और कहा कि टीम एक बार फिर रांची में खेलने को लेकर उत्सुक है। भारत ग्रुप बी में न्यूजीलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका और इटली के साथ है क्योंकि मैदान में आठ टीमों को चार-चार के दो समूहों में विभाजित किया गया है। पूल ए में वर्ल्ड नंबर 5 जर्मनी, 2018 एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता जापान, चिली और चेक गणराज्य शामिल हैं। ये आठ टीमें इस साल के अंत में पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए रांची में उपलब्ध तीन स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। सविता ने कहा, हमने इस आयोजन के लिए बहुत अच्छी तैयारी की है और हमने इस आयोजन की तैयारी के लिए व्यक्तिगत रूप से और एक टीम के रूप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। कोचों ने हमें खेल के उन सभी पहलुओं पर काम करने में मदद की है जिन पर ध्यान देने की जरूरत है। भारत इस प्रतियोगिता में दीप ग्रेस एक्का, सुशीला चानू, वंदना कटारिया और गुरजीत कौर जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के बिना उतर रहा है। भारतीय कप्तान ने कहा कि वे पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि टीम अपने प्रदर्शन और मैचों पर ध्यान दे रही है और विरोधियों के बारे में ज्यादा नहीं सोच रही है। उन्होंने कहा, हम पेरिस में जगह बनाने और ओलंपिक में भी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए जो कुछ भी हमारे हाथ में है, वह कोशिश करेंगे। लेकिन उससे पहले हमें इसके लिए क्वालीफाई करना होगा और इस समय हम उसी पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हम अपने खेल पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और हम अच्छी तैयारी कर रहे हैं। हमने इस आयोजन की तैयारी के लिए अपनी पूरी कोशिश की है। उन्होंने कहा, अगर यह ओलंपिक क्वालीफायर है, तो चीजें कठिन होंगी, यह आसान नहीं होगा, यह हमारे लिए एक बड़ी चुनौती होगी क्योंकि यहां जो भी टीमें हैं वे काफी मजबूत हैं। अगर वे इस चरण तक पहुंचे हैं, तो उन्हें मजबूत होना होगा और हमारी तरह, वे भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे। हम अपनी ताकत पर ध्यान केंद्रित करेंगे और अपनी कमजोरियों पर काम करेंगे। कुछ दिन पहले प्री-इवेंट अभ्यास मैच में जर्मनी से भारत की 4-2 से हार के बारे में पूछे जाने पर सविता ने कहा कि इस समय वे केवल अपने अगले प्रतिद्वंद्वी अमेरिका के बारे में सोच रहे हैं, जर्मनी के बारे में नहीं। उन्होंने कहा, जर्मनी के खिलाफ मैच में अभी समय है। इस समय हमारा ध्यान अमेरिका पर है। अभ्यास मैच मूल रूप से यह आंकने के लिए होते हैं कि हम कहां खड़े हैं और कुछ चीजों को परखते हैं। मुझे खुशी है कि टीम ने जर्मनी के खिलाफ तीन मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया।



### कोच शोपमैन ने खिलाड़ियों को भविष्य के बारे में सोचने की सलाह दी

**रांची।** भारतीय महिला हॉकी टीम शनिवार से शुरू होने वाले एफआइएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के लिए तैयार है। टूनार्मेंट से पहले मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने खिलाड़ियों और हॉकी प्रशंसकों को अतीत को भूलकर भविष्य के बारे में सोचने की सलाह दी है। अमेरिका के खिलाफ भारत के शुरूआती मैच से पहले शोपमैन ने कहा कि टीम हांग्जो एशियाई खेलों में सीधे स्थान हासिल करने से चूक गई, यह एक सच्चाई है और इस पर खेद व्यक्त करने का कोई मतलब नहीं है। शोपमैन ने कहा कि अब हांग्जो के बारे में ज्यादा चर्चा करने का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को ओलंपिक क्वालीफायर पर ध्यान केंद्रित करना होगा जहां उन्हें कोटा स्थान हासिल करने के लिए अपना सब कुछ देना होगा। उनका फोकस अब अतीत को भूलकर वर्तमान पर है। उन्होंने कहा, अतीत में जीने से काम नहीं चलता, वे जानते हैं कि हमारे पास एशियाई खेलों में मौका था और हम क्वालीफाई नहीं कर पाए। हमारे लिए उस पर वापस जाना काम नहीं करता है, हम जानते हैं कि हमने एक मौका गंवा दिया है लेकिन उसी क्षण से हमारा ध्यान इस आयोजन पर था। उन्होंने कहा कि इस आयोजन को ध्यान में रखते हुए, भारतीय टीम ने परिस्थितियों का अनुभव हासिल करने के लिए यहां एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी खेली और ओलंपिक क्वालीफायर में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए आश्वस्त है।

## जाग्रेब ओपन : अमन ने 57 किग्रा वर्ग में जीता स्वर्ण



**जाग्रेब।** मौजूदा एशियाई चैंपियन अमन सहरावत ने जाग्रेब ओपन कुश्ती टूनार्मेंट में पुरुषों के 57 किग्रा में चीन के जो वानहाओ को हराकर स्वर्ण पदक जीता। पिछले साल कांस्य पदक जीतने वाले सहरावत ने बुधवार रात रैंकिंग सीरीज के 2024 संस्करण में पहला पदक जीतने के लिए वानहाओ को तकनीकी श्रेष्ठता (10-0) से हराया। अपने स्वर्ण पदक की राह में, सहरावत ने क्वार्टर फाइनल में यूएसए के जेन रिचड्र्स को समान अंतर से हराने के बाद सेमीफाइनल में जॉर्जिया के रॉबर्टी डिंगशविली को 11-0 से हराया। भारतीय खिलाड़ी ने क्वालिफिकेशन राउंड में तुर्की के मुहम्मत करावुस पर 15-4 की शानदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरूआत की। ओलंपियन दीपक पुनिया (86 किग्रा) और यश (74 किग्रा), पदक जीतने में असफल रहे। पुनिया को क्वालिफिकेशन राउंड में कजाकिस्तान के अजामत डौलेटबेकोव से 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। हालाँकि, डौलेटबेकोव फाइनल में पहुंच गए और रेपेचेज के माध्यम से भारत को कांस्य पदक का मौका दिया। पुनिया ने दो रेपेचेज राउंड में से एक में यूक्रेन के वैलेन्टिन बाबी को 4-1 से हराया लेकिन जॉर्जिया के एवसेम श्वेलिद्जे से 3-4 की हार ने उनकी पदक की उम्मीद खत्म कर दी।

## रियल मैड्रिड स्पेनिश सुपर कप में एटलेटिको को हराकर फाइनल में

**रियाद।** डिफेंडर स्टीफन सैविक के आत्मघाती गोल और अतिरिक्त समय में ब्राहिम डियाज के स्ट्राइक की बदौलत रियल मैड्रिड स्पेनिश सुपर कप के सेमीफाइनल में एटलेटिको को 5-3 से हरा कर सेमीफाइनल में प्रवेश पहुंच गया है। गुरुवार को बार्सिलोना और ओसासुना के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता के साथ रियल मैड्रिड का फाइनल मुकाबला रविवार को खेला जायेगा।

# राम मंदिर 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह के लिए सीएम नीतीश को मिला आमंत्रण पत्र, केसी त्यागी ने दी जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां जोरों शोरों से चल रही हैं। 22 जनवरी को राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में निमंत्रण को लेकर भी काफी चर्चा हो रही है। वहीं, इस समारोह में शामिल होने के लिए बिहार के सीएम नीतीश कुमार को भी निमंत्रण मिला है। इस संबंध में जेडीयू के मुख्य प्रवक्ता केसी त्यागी ने गुरुवार को कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री और पार्टी के अध्यक्ष होने के नाते नीतीश कुमार को निमंत्रण मिला है और उन्होंने अभी तक इस बारे में कोई निर्णय नहीं लिया है।



उत्तर प्रदेश स्थित अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 22 जनवरी को होगा। इसके लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की तरफ से निमंत्रण भेजने का काम चल रहा है। इसी क्रम में ट्रस्ट ने बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को निमंत्रण पत्र भेजा है। वहीं, इस कार्यक्रम को लेकर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने साफ कर दिया है कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को भव्य बनाने की तैयारी है। ऐतिहासिक दिन पर गांव के मंदिरों में पूजा पाठ का आयोजन किया जाएगा। वहीं, राम मंदिर उद्घाटन के न्योता को कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने अस्वीकार कर दिया है। कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि पार्टी की संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे और अधीर रंजन चौधरी 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर अभिषेक समारोह में शामिल नहीं होंगे। इस मुद्दे पर बीजेपी जमकर राजनीतिक बयानबाजी कर रही है और कांग्रेस पर निशाना साध रही है।

## राजद छोड़कर भाजपा में जाने वाली कोडरमा सांसद दूसरों को कहती हैं चोर

### माले नेता मो. इब्राहिम का बयान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जयनगर (कोडरमा)।** भाकपा माले ने पिपचो में विपक्षी दलों पर अभद्र टिप्पणी के खिलाफ प्रखंड सचिव अशोक यादव के अध्यक्षता में सांसद का पुतला दहन किया। वहीं राज कमेटी सदस्य मो. इब्राहिम ने कहा कि सांसद अन्नपूर्णा देवी अपने अवैध संपत्ति को बचाने के लिए भाजपा में दल बदल कर चली गई, अभद्र बयान देकर राजद कांग्रेस झारखंड मुक्ति मोर्चा विपक्षी दलों को बालू चोर कहने वाली सांसद को चुल्लू भर पानी में डूब मरना चाहिए। जिस राजद पार्टी से राजनीति पहचान बनाई और जिस सामाजिक न्याय को आगे बढ़ाने वाले स्वर्गीय रमेश प्रसाद यादव के सपनों को चकनाचूर करने वाली सांसद राजद को और विपक्षी दलों को अभद्र टिप्पणी करने पर उन्हें सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिए। सांसद के अवैध संपत्ति की भी जांच होनी चाहिए, उनके पूरे कार्यकाल में कोडरमा की जनता के साथ धोखा देने का काम किया है। अपने लगभग 5 वर्षों के सांसद काल में सांसद मद का विकास राशि कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में कहीं नहीं दिखाई देता है, प्रत्येक साल सांसद मत का पैसा वापस केंद्र सरकार के पास चला जाता है जो क्षेत्र के जनता के साथ धोखा है। उन्होंने कहा कोडरमा के जनता इन्हें वोट देकर विकास करने के लिए सांसद चुना है। वहीं कोडरमा सांसद मुर्दाबाद के नारे के साथ पुतला दहन कार्यक्रम संपन्न किया गया। पुतला दहन कार्यक्रम में जिला कमेटी सदस्य मुन्ना यादव, बहादुर यादव, असगर अंसारी, अशोक यादव, चांद अख्तर, कौलेश्वर राणा, रोहित दास, फिरोज खान अलाउद्दीन अंसारी आदि मौजूद थे।



## केतार मध्य विद्यालय की चहारदीवारी को लेकर भूमि पूजन

**केतार।** जिला परिषद सह विधायक प्रतिनिधि ज्वाला प्रसाद व मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद ने पूजा अर्चना कर एवं नारियल तोड़कर मध्य विद्यालय में दो लाख की लागत से बनने वाली चहारदीवारी का शिलान्यास किया। मौके पर ज्वाला प्रसाद ने कहा कि इस विद्यालय में प्रखंड का इकलौता बोर्ड परीक्षा का सेन्टर है। जिससे इस प्रखंड के बच्चे को काफी सहूलियत होगी। साथ ही चहारदीवारी हो जाने से विद्यालय में बागवानी से सुसज्जित किया जा सकता है। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि मध्य विद्यालय को अपग्रेड करने के लिए भी विधायक भानु प्रताप शाही के द्वारा अथक प्रयास किया जा रहा है। संभवतः इसी सत्र से दसवीं का पढ़ाई भी शुरू हो जायेगा। मौके पर प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार, प्रबंध समिति अध्यक्ष उपेंद्र बैठा, बसंत कुमार पाठक, बिनोद भगत, अमरनाथ जायसवाल, धनंजय कुमार, दिलीप कुमार, सुधा कुमारी आदि लोग उपस्थित थे।

## सीटी बजाओ उपस्थित बढ़ाओ अभियान चलाया गया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मरकच्चो (कोडरमा)।** आमतौर पर सीटी बजाना अच्छी बात नहीं मानी जाती है। भारत में सीटी बजाने से जुड़े कई नकारात्मक मान्यताएं हैं, जिसके कारण अक्सर गांव के बड़े बुजुर्ग हमें सीटी बजाने से मना करते हैं या सीटी बजाने पर घर परिवार या बुजुर्गों से डांट पड़ती है। मगर क्या हो अगर सीटी बजाना किसी सरकारी अभियान का एक हिस्सा बन जाए। झारखंड सरकार ने इन दिनों एक ऐसा ही अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत मरकच्चो प्रखंड के सभी विद्यालयों में सीटी बजाओ उपस्थित बढ़ाओ अभियान चलाया गया है। इसके तहत उत्क्रमित उच्च विद्यालय योगिडीह के प्राानायापक बिनोद सिन्हा व उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय योगिडीह के प्राानायापक खीरोार साव के नेतृत्व में गुरुवार को बच्चों के द्वारा विद्यालय के पोषण क्षेत्र में सीटी बजाकर स्कूली बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने और ड्रॉप आउट बच्चों को वापस लाने की कोशिश की गई। ज्ञात हो कि शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूलों में बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करने की बात कही है। मौके पर विद्यालय के शिक्षक दिनेश सिन्हा, नूनमन विश्वकर्मा, दुखहरन साव, पोखराज साव, सुनैना कुमारी व घनश्याम यादव समेत कई स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## मॉडल एकेडमी ने सेमीफाइनल मैच में जीत दर्ज की

**डोमचांच (कोडरमा)।** चंद्रावती स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में डोमचांच युवा एकता मंच द्वारा आयोजित स्कूल प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का सेमीफाइनल मुकाबला मॉडल एकेडमी और एमएसएम एकेडमी के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मंजूला शर्मा मेमोरियल एकेडमी ने 12 ओवर में 104 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जवाबी पारी खेलने उतरी मॉडल एकेडमी ने चार विकेट खोकर जीत का लक्ष्य 105 रन बना लिया। मैच में संदीप कुमार ने सर्वाधिक 26 रन बनाए। वहीं संदीप कुमार को मैन ऑफ द मैच दिया गया। मौके पर कन्हैया गुप्ता, सागर कुमार, निखिल कुमार, सौरव कुमार, अजय कुमार, जीतेन्द्र कुमार, गोलू कुमार, ऋतिक कुमार आदि ने सफल बनाया।

### अयोध्या से आए पूजित अक्षत और कलश आमंत्रण पत्र के साथ

## लोगो ने भव्य शोभा यात्रा निकाली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत मसमोहना पंचायत के विभिन्न गावों में अयोध्या से आए पूजित अक्षत और कलश आमंत्रण पत्र के साथ लोगों के द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। काली मंडा हनुमान मंदिर से गणेश मंदिर, बाराडीह देवी मंडप, शिव मंदिर सहित पूरे गांव में अयोध्या से आए पूजित अक्षत को लेकर भ्रमण किया गया। इस दौरान लोगों को बताया गया की वर्षों के बाद अयोध्या में राम लला आने वाले हैं, जिसकी तैयारी पूरी जोरों के साथ है। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है, जिसे लेकर पूरा देश को इस वक्त का इंतजार है। इसलिए 22 जनवरी को हम सभी लोगों को अपने घर में ही दीपावली मनानी है। साथ ही अयोध्या से आए अक्षत को घर-घर में बांटा जाएगा।

इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिवलाल सिंह, प्रिंस कुमार सिंह, धीरेंद्र सिंह, सपना देवी, विजय सिंह, आनंद सिंह, अर्जुन प्रसाद सिंह, मदनमोहन सिंह, प्रसाद राम, बह्मदेव यादव, दीपक सिंह, अनिल सिंह, प्रवीण सिंह, कार्तिक राम, विजय राम, रोहित सिंह, केदार राणा, प्रदीप साव, पप्पू यादव, जितेंद्र भारती, रामदेव सिंह, बैजनाथ यादव, सुनील चौधरी, सुभाष चन्द्र चौधरी, बिंदु सिंह, राजेश सिंह, राजू मोदी, सातों सिंह, महेश सिंह, छोटू सिंह, अभिमन्यु सिंह, संतोष ठाकुर आदि मौजूद थे।

## सिटी बजाओ, स्कूल बुलाओ जागरूकता अभियान चलाया गया

**कुंदा/चतरा।** बुधवार को कुंदा प्रखंड मुख्यालय के स्त्रोतनत विद्यालय प्लस टू उच्च विद्यालय कुंदा और मॉडल विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रखंड के विभिन्न गांव टोला मोहल्ला में जाकर जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने सीटी बजाओ स्कूल बुलाओ का नारा लगाया। सरकार सत्य प्रतिशत विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति को लेकर सिटी बजाओ स्कूल बुलाओ अभियान चलाई है। इस अभियान को सभी ग्रामीण व बुद्धिजीवों ने बताया कि सरकार की बहुत अच्छी पहल इससे बच्चों और ग्रामीणों में जागरुकता आएगी। इस अभियान में शिक्षक कमलेश प्रसाद यादव, विद्यार्थी हरे राम कुमार,मोहम्द मनोहर हुसैन, देव प्रकाश, प्रमोद कुमार, कुन्दन कुमार, गोपाल कुमार, संगीता कुमारी, अन्य शिक्षक शामिल थे।

### जिला झामुमो कार्यकताओं ने झामुमो संस्थापक डिशोम गुरु शिबू सोरेन की 80वां जन्म दिवस पर

## रोगियों के बीच फल और मिठाइयां बांटी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** आज गोड्डा जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा समिति के द्वारा जिला अध्यक्ष बासुदेव सोरेन के अगुवाई में दिशोम गुरु बाबा शिबू सोरेन जी का 80 वा जन्मदिन सदर अस्पताल गोड्डा में मनाया गया।गुरु जी का जन्मदिन सर्व प्रथम मरीजों के बीच केक काटा गया फिर ,गरीब मरीजों के बीच कंबल वितरण किया गया। जिला अध्यक्ष बासुदेव सोरेन ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा की बड़ी खुशी की बात है की आज हम सभी झामुमो कार्यकर्ता अपने पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष का 80 वा जन्मदिन मना रहें हैं। इनका प्यार और आशीर्वाद हम सभी को इसी तरह सबको मिलता रहे और हमारा नेतृत्व करता रहे। वही केंद्रीय समिति सदस्य सह पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश मंडल ने कहा आज आदरणीय गुरु जी के चलते ही हम झारखंडियों को अपना अलग राज्य मिला है, साथ ही इन्हीं के संघर्षों के बदौलत राज्य की कुर्सी पर गांव गरीब की हेमंत सरकार है। आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, गुरु जी के सपनों का झारखंड बनाने में सफल नेतृत्व दे रहे हैं। आज गुरु जी के संघर्ष की गाथा, हमारे मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन को हिम्मत प्रदान कर राज्य के आदिवासी मूलवासी विरोधी ताकतों से लड़ने की शक्ति प्रदान कर रही है। इनका आशीर्वाद सदैव झारखंड की रक्षा करता रहेगा। जिला उपध्याक्ष घनश्याम यादव जी ने रक्तदान के लिए कार्यकर्ताओ को प्रेरित करते हुवे स्वंय रक्त अधिकोष में रक्तदान किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर झामुमो अध्यक्ष अजय कुमार देवा,कोषाध्यक्ष सुमन मंडल,नगर उपाध्यक्ष राज कुमार दास,नगर संगठन सचिव फिरदौस आलम, अल्पसंख्यक आयोग के सम्मानित सदस्य हाजी एकरारुल हसन आलम, सदर प्रखंड अध्यक्ष बालमुकुंद महतो, बसंतराय प्रखंड अध्यक्ष सुलतान अहमद, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष इरफान आलम साहब, अयुब आलम साहब, जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष चंदन हेंब्रम, पोड़ैयाहाट प्रखंड अध्यक्ष अवध किशोर हांसदा, कोषाध्यक्ष शिव शंकर मंडल, श्यामल रामदास, प्रकाश मंडल, अम्लो पंचायत अध्यक्ष कपिल मांझी, गौतम कुमार मंडल, संतलाल मरांडी सदर प्रखंड उपाध्यक्ष, बीस सूत्री गोड्डा प्रखंड अध्यक्ष सोम मरांडी, मुखिया आफताब आलम, वरिष्ट नेता अमीर हमजा, संतोष मंडल, ठाकुर गांगटी प्रखंड अध्यक्ष लंबोदर महतो, समाज सेवी आर्यन चंद्रवंशी, कांग्रेस प्रखंड बसंतराय अध्यक्ष आलमगीर आलम, वरिष्ट नेता प्रेम नंदन मंडल, उमर फारुख, पथरगामा प्रखंड झामुमो सचिव विजय महतो, बसंतराय प्रखंड सचिव किंकर चौहान, मो. शौकत अली आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## छात्र-छात्राओं ने किया औद्योगिक भ्रमण

**गढ़वा।** व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत आरके गोविंद प्लस टू उच्च विद्यालय गढ़वा के आईटीईएस और हेल्थकेयर के छात्र-छात्राओं को औद्योगिक भ्रमण के लिए डीईओ आकाश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रामचंद्र चंद्रवंशी कॉलेज विश्रामपुर के लिए रवाना किया। तेतरी चंद्रवंशी फार्मेसी कलेज के फैकल्टी प्रमेन्द्र कुमार ने गोविंद उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं को विभिन्न लैबों का भ्रमण कराया और उसकी उपयोगिता बतायी। मौके पर डीईओ ने कहा कि इस प्रकार का भ्रमण एक अनुभव है, जो वास्तविक दुनिया से छात्रों को परिचय कराती है। छात्रों को स्कूल से बाहर निकल कर अपने आत्मविश्वास को मजबूत करने का अवसर मिलता है। औद्योगिक भ्रमण छात्रों को बाहरी दुनिया से जुड़ने का अवसर प्रदान करता है। प्राचार्य विश्व विजय सिंह ने कहा कि यह छात्रों के लिए सीखने के अनुभव को बढ़ाने का एक उत्ष्ट तरीका है।

## गणतंत्र दिवस समारोह को धूमधाम से मनाने को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

### बच्चों द्वारा निकाली जाएगी प्रभात फेरी, विभिन्न सरकारी विभागों के द्वारा झांकी का भी होगा आयोजन, परेड में स्कूली बच्चें भी होंगे शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** आज समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में को उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाने की तैयारी को लेकर बैठक हुई। इस दौरान समारोह की रूपरेखा बनायी गयी। गणतंत्र दिवस के दिन पूर्वाह्न नौ बजकर पांच मिनट में गांधी मैदान, गोड्डा में झंडोत्तोलन कार्यक्रम का आयोजन होगा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाली झांकियों के मद्देनजर बैठक के दौरान उपायुक्त ने विभागों का चयन करते हुए उनके संबंधित अधिकारियों को विभिन्न दिशा निर्देशों का पालन करते हुए झांकियां निकालने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा की बीते वर्ष बेहतरीन कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा साथ ही साथ गणतंत्र दिवस के अवसर पर गांधी मैदान, गोड्डा में स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा झांकी/परेड में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले को भी सम्मानित किया जाएगा। उपायुक्त ने कार्यपालक पदाधिकारी, गोड्डा को नगर की सफाई अभियान चलाकर 25 जनवरी तक संपन्न कर लेने का निर्देश दिया। उक्त क्रम में मुख्य समारोह स्थल गांधी मैदान, गोड्डा तक जाने वाली सड़कों एवं नालियों की सफाई, शहर के अंदर की नालियों की सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। गणतंत्र दिवस के दिन आयोजित होने वाले परेड के लिए 18 जनवरी से पूर्वाभ्यास किया जाएगा एवं फुल ड्रेस रिहर्सल 24 जनवरी को संपन्न होगा। इस संबंध में उपायुक्त ने सिविल सर्जन को प्रशिक्षण के दौरान मैदान में एंबुलेंस एवं चिकित्सा दल की प्रतिनियुक्ति करते हुए किसी भी स्वास्थ्य इमरजेंसी के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त, गोड्डा, अध्यक्ष नगर पंचायत, गोड्डा, उपाध्यक्ष, नगर पंचायत, गोड्डा, सभी विभाग के कार्यालय प्रधान अध्यक्ष, जिला अधिवक्ता संघ, अध्यक्ष, जिला स्वतंत्रता सेनानी संघ, गोड्डा, राजनैतिक दलों के अध्यक्ष, जिले के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं प्रिंट मीडिया के पत्रकार बंधु, खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के सदस्य गण, विद्यालय/महाविद्यालय के प्रचार्य, गोड्डा एवं जिले के गणमान्य लोग उपस्थित थे।



## झारखंड के दो दिग्गज...

**संघर्षपूर्ण है दिशोमगुरु बनने की कहानी :** शिबू सोरेन से दिशोम गुरु बनने की उनकी कहानी काफी संघर्ष भरी है। आज ही के दिन 1944 में उनका जन्म रामगढ़ के नेमरा गांव में हुआ था। शिबू सोरेन के पिता सोबरन मांझी की 1957 में हत्या कर दी गयी थी। वो महाजनी प्रथा के खिलाफ लगातार आंदोलन कर रहे थे। अपने पिता की हत्या के बाद ही शिबू सोरेन आदिवासी हित में उग्र होकर बोलने लगे। उन्होंने धान काटो आंदोलन चलाया। झारखंड मुक्ति मोर्चा का 1972 में गठन हुआ। शिबू सोरेन ने अलग झारखंड की मांग को लेकर आंदोलन चलाया। आपातकाल में उनके नाम का वारंट निकला। उन्होंने तब सरेंडर कर दिया। शिबू सोरेन झारखंड के तीन बार मुख्यमंत्री बने। पहली बार 1977 में चुनाव लड़े, तब वो हार गये। उसके बाद उन्होंने संथाल की ओर अपना रुख किया। 1980 में वो पहली बार दुमका से जीते। वे आठ बार यहां से जीते। शिबू सोरेन दो बार राज्यसभा सदस्य भी बने। केंद्र में उन्होंने कोयला मंत्रालय का भार भी संभाला।

## सादगी के साथ...

झारखंड गठन के बाद वो यहां के पहले मुख्यमंत्री बने थे।1990 में बाबूलाल मरांडी भाजपा के संथाल परगना के संगठन मंत्री बने। बाबूलाल मरांडी दुमका में शिबू सोरेन के विजय रथ को रोका। वहां से सांसद बने। साल 2000 में झारखंड गठन के बाद वो राज्य के पहले मुख्यमंत्री बने। वह अटल की सरकार में मंत्री भी बने। साल 2003 में उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया। बाबूलाल मरांडी ने 2006 में अपनी पार्टी झारखंड विकास मोर्चा का गठन किया। तीन चुनाव लड़े। साल 2020 में उन्होंने पार्टी का विलय भाजपा में कर दिया।

## जमशेदपुर और बुंडू को...

**मिशन निदेशक ने दिया सुझाव :** स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) झारखंड और राज्य शहरी विकास अभिकरण के निदेशक अमित कुमार नें राज्यभर से पहुंचे निकाय कर्मियों खासकर राज्य सरकार की ओर नव नियुक्त नगर प्रशासक,कार्यपालक पदाधिकारियों और नगर प्रबंधकों के साथ बातचीत की और कहा कि हमें और बेहतर प्रदर्शन करनें की जरुरत है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण की रैंकिंग का तौर तरीका बदला है वैसे में हमें सफाई के साथ साथ स्ट्रेटजी के साथ कुछ अन्य विन्दुओं पर कार्य करना होगा। उन्होंनें कहा कि हमारे शहरों को गार्बेज फ्री स्टार रैंकिंग और ओडीएफ++ प्राप्त करनें की आवश्यक्ता है तब हम देश के अव्वल शहरों का मुकाबला कर खुद को नंबर वन और टू का पॉजिशन दिला सकते हैं। **स्वच्छता को लेकर उठाये गये कदम :** डोर टू डोर कचरा का उठाव सुनिश्चित किया गया। सूखा और गीला कचरा को सेग्रिगेट करने पर निकायों का जोर रहा। ड्राई वैस्ट प्रोसेसिंग पर भी झारखंड के नगर निकायों का जोर रहा। पब्लिक और सामुदायिक ट्वायलेट की सफाई सुनिश्चित की गयी और वाटर बॉडी की सफाई सुनिश्चित किया गया।

## सेल डीड को रद्द...

कोर्ट ने कहा कि अगर किसी को लगता है कि उनके साथ गलत हुआ है और सेल डीड निरस्त होना चाहिए तो उसे सिविल कोर्ट में पिटीशन दाखिल करना होगा। **2016 में जारी हुआ था नोटिफिकेशन :** दरअसल, राज्य सरकार ने वर्ष 2016 में एक नोटिफिकेशन निकाला था, जिसके तहत फर्जीवाड़ा कर जमीन का गलत ढंग से ट्रांसफर की शिकायत मिलने पर जिलों के उपायुक्त को सेल डीड कैंसिल करने का अधिकार दिया गया था। साथ ही उपायुक्त को एफआईआर करने का भी अधिकार मिला था। राज्य के अन्य जिलों के डीसी द्वारा कई लोगों के सेल डीड कैंसिल किए जाने से संबंधित 33 याचिकाओं की सुनवाई पूरी होने के बाद मामले में कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था।

## कैबिनेट सचिव ने इडी...

इसके अलावा रांची जेल के हवलदार अवधेश कुमार को भी इडी के समक्ष उपस्थित होना था। वो भी नहीं गये। इडी ने दोनों से पूछताछ की तैयारी कर रखी थी। छह जनवरी को ईडी ने समन जारी करते हुए सीएम के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू को 16 जनवरी, साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव को 11 जनवरी और विनोद सिंह को 15 जनवरी को ईडी ऑफिस में पूछताछ के लिए हाजिर होने को कहा था। **12 ठिकानों पर इडी ने की थी छापेमारी :** साहिबगंज में 1250 करोड़ के अवैध खनन और ईडी के गवाह विजय हांसदा को प्रभावित करने से जुड़े मामले में ईडी ने तीन जनवरी को बड़ी कार्रवाई की थी। इडीने एक साथ अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू, साहिबगंज के डीसी रामनिवास यादव, डीएसपी राजेंद्र दुबे, साहिबगंज के खनन कारोबारी खुदानिया बंधु, मुख्यमंत्री के दोस्त विनोद कुमार सिंह, रौशन सिंह, कोलकाता के कारोबारी अभय सरावगी, पूर्व विधायक पप्पू यादव, रांची के बिरसा मुंडा जेल के जमादार अवधेश कुमार के ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान शेल कंपनियों के जरिए निवेश, संदिग्ध फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन के साक्ष्य एजेंसी को मिले हैं। बरामदगी के आधार पर ही ईडी अब आगे की कार्रवाई कर रही है।

## साहिबगंज में पांच ठिकानों...

जानकारी के अनुसार बरहेट बाजार स्थित भारतीय स्टेट बैंक के समीप स्थित बबीता कुमारी का सीएसपी एवं उसके बरहेट बाजार स्थित घर, पेटखस्सा के मनोज दास का घर, डुमरिया के मोहरम अंसारी एवं भागाबांध के कुरबान अंसारी के घर पर सीबीआई की टीम ने रेड की है। **बैंक मैनेजर से पूछताछ :** छापेमारी के बाद जांच टीम एसबीआइ बरहेट शाखा के प्रबंधक मुक्ति लकड़ा से पूछताछ की। शिकारीपाड़ा एसूबीआइ के शाखा के तत्कालीन बैंक मैनेजर मनोज कुमार के पर 2 करोड़ 54 लाख रुपये घोटाले का मामला है। मनोज कुमार वर्ष 2016 से लेकर 2018 तक में बरहेट स्टेट बैंक शाखा में फील्ड अफसर के रूप में कार्यरत थे। वह मूल रूप से साहिबगंज के साक्षरता चौक के रहने वाले हैं। पुलिस द्वारा पकड़े जाने पर उन्होंने राजमहल विधानसभा से चुनाव लड़ने की बात कही थी। इस मामले को सीबीआई ने टेकओवर करते हुए जांच शुरू की थी। 2 जनवरी 2024 को सीबीआई की टीम ने धनबाद विशेष कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। उसके बाद से ही सीबीआई ने जांच आगे बढ़ाते हुए बरहेट में पांच स्थानों पर छापा मारा है।

## अयोध्या पहुंचा सोने-चांदी...

**करनाल में बन रही स्वदेशी बिजली झालर :** 22 जनवरी को भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को ले कर अयोध्या को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। करनाल में बनाई जा रही स्वदेशी बिजली की झालर भी अयोध्या की शोभा बढ़ाने का काम करेगी। सेवा भारती में महिलाओं द्वारा बनायी जा रही हजारों बिजली की झालर अयोध्या भेजी जा रही हैं। करनाल की सेवा भारती संस्था को अयोध्या में सजावट की सेवा मिली है। करनाल से हजारों की संख्या में बिजली की झालर बनाकर भेजी जा रही हैं। इन बिजली की झालरों से अयोध्या नगरी और मंदिर की सजावट हो रही है। बिजली की झालर बनाने का काम कर रही ममता ने कहा कि अब महिलाएं आत्मनिर्भर हो गयी हैं। उनके साथ करीब 100 महिलाएं हैं झालर बना रही हैं। इतने बड़े उत्सव में वो भी अपनी एक छोटी सी भूमिका निभा रहे हैं और उनकी बनाई हुई लड़ियों से राम मंदिर और अयोध्या जगमगा उठेगा, जिसके चलते उन्हें काफी खुशी हो रही है। इतनी लंबी लड़ाई के बाद अब उनका सपना साकार हुआ है और वहां पर राम मंदिर बनकर तैयार हुआ है। सेवा भारती के प्रबंधक रामहेर ने कहा कि अयोध्या की तरफ से हमें बिजली की झालर बनाने का काम मिला है जिसको महिलाएं तैयार कर रही हैं। **3500 कलाकारों का होगा संगम :** राम सबके हैं। अलग-अलग रूपों में वह सबके लिए आदर्श हैं। परिवार, समाज, पुत्र, भाई, पति और राजा के रूप में। इन्हीं खूबियों के नाते वह मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। उनकी व्यापकता और स्वीकार्यता की भी यही.... राम सबके हैं। अलग-अलग रूपों में वह सबके लिए आदर्श हैं। इसी नाते भारत ही नहीं दुनिया के कई देशों में राम अपने अलग-अलग स्वरूप में देखे जाते हैं। 'सबके राम' का यह स्वरूप अयोध्या में जीवंत हो रहा है। इसका जरिया बन रहे हैं देश और विदेश के वे कलाकार जो 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मद्देनजर राम के पूरे जीवन को मंच पर सजीव करेंगे। इसका सिलसिला शुरू भी हो गया है।

# भारत में जल्द होगा चिप का उत्पादन

## गुजरात में बनेगी देश की पहली मेक इन इंडिया मेमोरी चिप : वैष्णव

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत जल्द चिप का उत्पादन शुरू करेगा। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव के मुताबिक गुजरात में वर्ष 2024 में देश की पहली मेक इन इंडिया चिप का उत्पादन होगा। उन्होने वाइब्रेंट गुजरात समिट में यह बात कही।

वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन से शुरू हुई वाइब्रेंट गुजरात समिट एक ऐसा मॉडल है जिसके कारण गुजरात में नई टेक्नोलॉजी और नए उद्योग आए हैं। केंद्रीय मंत्री ने इस अमृत काल की पहली वाइब्रेंट समिट बताते हुए कहा कि इस समिट में जिस तरह के एमओयू और एग्रीमेंट हुए हैं, वह विकसित भारत बनने की



शुरूआत है। गुजरात के पास प्रधानमंत्री के विजन को धरातल पर उतारने के लिए सक्षम मशीनरी है। वाइब्रेंट गुजरात समिट में आयोजित सेमिनार में अमेरिकी चिप कंपनी माइक्रोन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) संजय मेहरोत्रा ने राज्य एवं भारत सरकार के अभूतपूर्व सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब भारत में मजबूत सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन का निर्माण होगा। सेमीकंडक्टर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स सेमिनार में गुजरात सरकार और कोरियाई कंपनी सिमटेक के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इसके साथ ही,

**▸▸ मजबूत सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन होगा का निर्माण : मेहरोत्रा**

माइक्रोन और नेनटेक तथा सिस्को एवं नेनटेक के बीच भी सहभागिता के लिए करार पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट (वीजीजीएस) सेमीकंडक्टर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स सेमिनार में गुजरात को ग्लोबल डेस्टिनेशन फॉर सेमिकंडक्टर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग बनाने का विश्वास व्यक्त किया। इस संदर्भ में उन्होंने कहा कि गुजरात सेमीकंडक्टर पॉलिसी जारी करने वाला देश का पहला राज्य है। भारत में टेक्नोलॉजी का दायरा तेजी से बढ़ रहा है। हेल्थ, एग्रीकल्चर या लॉजिस्टिक्स, मानव जीवन को छूने वाले सभी क्षेत्रों में स्मार्ट टेक्नोलॉजी का उपयोग बढ़ता जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हमारे रोजमर्रा के जीवन में शामिल हो रहे हैं। इन सभी अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के मूल में सेमीकंडक्टर चिप व इलेक्ट्रॉनिक्स गैजेट्स ही मौजूद हैं। दुनिया को इस संबंध में एक विश्वसनीय चिप सप्लाई चेन की आवश्यकता है। पटेल ने कहा कि दुनिया की इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए भारत सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए दुनिया को एक मजबूत सप्लाई चेन प्रदान करने में सक्षम है, और गुजरात इसमें अग्रणी योगदान दे सकता है। हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गुजरात एआई, इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (आईटी), बायोटेक, फिनटेक, ड्रोन और सेमीकंडक्टर जैसे दुनिया के सभी उभरते क्षेत्रों में आगे रहने को प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने फ्यूचर रेडी इंडिया के लिए फ्यूचर रेडी गुजरात बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि हम सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे नए युग के उभरते क्षेत्रों पर विशेष बल देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के विजन को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।



लंदन में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मिलते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

# इंग्लैंड-भारत के बीच रक्षा और सुरक्षा होगा मजबूत : राजनाथ

एजेंसी

**▸▸ रक्षा मंत्री ने पीएम सुनक को दी राम दरबार की मूर्ति**
**▸▸ सुनक ने व्यापार, रक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में काम करने पर जतायी सहमति**

**नयी दिल्ली।** ब्रिटिश यात्रा पर गए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लंदन में इंग्लैंड के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मुलाकात की। गर्मजोशी और सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई बैठक में उन्होंने कहा कि हम इंग्लैंड-भारत संबंधों के रक्षा और सुरक्षा स्तंभ को मजबूत बनाने के इच्छुक हैं। इंग्लैंड और समान विचारधारा वाले अन्य देशों को शांतिपूर्ण और स्थायी वैश्विक नियम-आधारित व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए भारत के साथ मिलकर काम करना चाहिए, ताकि मैत्रीपूर्ण सहयोग से अधिक मजबूत, सुदृढ़ करने के साथ-साथ गति प्रदान की जा सके। राजनाथ सिंह ने बैठक के दौरान इंग्लैंड के प्रधानमंत्री को राम दरबार की मूर्ति उपहार में दी। रक्षा मंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक संबंधों को आधुनिक, बहुआयामी और परस्पर लाभकारी साझेदारी में ढालने और उन्हें फिर से तैयार करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। राजनाथ सिंह ने संयुक्त अभ्यास, प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण, बढ़ी हुई अंतरसंचालनीयता, विशेष रूप से समुद्री क्षेत्र में परस्पर सैन्य संबंधों सहित द्विपक्षीय रक्षा संबंधों में हाल में हुई वृद्धि का स्मरण किया। उन्होंने प्रौद्योगिकी क्षेत्र सहित रक्षा औद्योगिक सहयोग बढ़ाने में हो रहे मौजूदा प्रयासों पर जोर दिया। रक्षा मंत्री ने ऋषि सुनक को इंग्लैंड के रक्षा उद्योग के साथ हुई अपनी सकारात्मक बातचीत और द्विपक्षीय रक्षा संबंधों में नई सकारात्मक ऊर्जा के बारे में भी जानकारी दी।

सुनक ने व्यापार, रक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में इंग्लैंड और भारत के साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता पर रक्षा मंत्री से सहमति जताई। उन्होंने उम्मीद जताई कि मौजूदा मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) वाताओं को जल्द ही एक सफल निष्कर्ष पर लाया जा सकता है। उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों के रक्षा और सुरक्षा स्तंभ को मजबूत करने के लिए अपनी सरकार की उत्सुकता पर भी जोर दिया, जिसमें भारतीय समकक्ष संस्थाओं के साथ मजबूत व्यापार और प्रौद्योगिकी भागीदारी के लिए सरकार का समर्थन भी शामिल है। रक्षा मंत्री ने विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय में ब्रिटेन के विदेश मंत्री लॉर्ड डेविड कैमरन के साथ भी मुलाकात की। दोनों मंत्रियों

## एनआइए का छह राज्यों में छापा, हथियार और साढ़े चार लाख बरामद

**नयी दिल्ली।** ने आतंकी-गैंगस्टर मामलों में गुरुवार को चार राज्यों तथा दो केंद्र शासित प्रदेशों में 32 ठिकानों पर छापेमारी की। इनमें दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, चंडीगढ़, हरियाणा और पंजाब शामिल हैं। एनआईए ने हरियाणा के सोनीपत जिले के सेरसा गांव और गढ़ी सिसाना में भी छापे मारे। एनआइए ने सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के मुख्य आरोपित और लॉरेंस बिश्नोई गैंग के शार्प शूटर अंकित सेरसा और प्रियव्रत फौजी के परिजनों से पूछताछ की। तलाशी के दौरान एनआईए ने दो पिस्तौल, दो मैगजीन और चार लाख 60 हजार रुपये नकद जब्त किए। एनआईए ने स्वतः संज्ञान लेते हुए पिछले वर्ष 10 जुलाई को आतंकी-गैंगस्टर का मामला दर्ज किया था। जांच से पता चला है कि हरविंदर सिंह और लखबीर सिंह पंजाब में अग्नेयास्त्र की आपूर्ति आतंकी गतिविधियों के लिए कर रहे थे।

# चीन सीमा पर हालात स्थिर लेकिन संवेदनशीलः सेनाध्यक्ष

एजेंसी

**म्यामांर सीमा की घटनाओं और पाक से घुसपैठ पर जतायी चिंता**



**नयी दिल्ली।** सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने गुरुवार को सालाना प्रेस कांफ्रेंस में भूटान, चीन, पाकिस्तान और म्यांमार सीमाओं के मौजूदा हालात पर बातचीत की। उन्होंने चीन सीमा के हालात को स्थिर लेकिन संवेदनशील बताया। पूर्वोत्तर में म्यांमार सीमा पर हालिया घटनाओं के मद्देनजर सेना प्रमुख ने चिंता जताते हुए कहा कि यहां बाड़ को और मजबूत किया जाएगा। पाकिस्तान से घुसपैठ और आतंकी घटनाएं बढ़ने की बात मानते हुए जनरल पांडे ने कहा कि आतंकवादी गतिविधियां हमारे लिए चिंता का विषय हैं। मानेकशॉ सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में सेना प्रमुख ने देश की सीमाओं पर मौजूदा स्थिति, आंतरिक और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा, सेना के पुनर्गठन, हिंद-प्रशांत क्षेत्र की चुनौतियों, सेना के आधुनिकीकरण, नई तकनीकों को शामिल करके युद्ध का स्वरूप बदलने की तैयारियों, पाकिस्तान और चीन से मिल रही चुनौतियों के अलावा सेना को आधुनिक बनाने के लिए नई तकनीकों को शामिल किए जाने के मद्देनजर किए गए सवालों के साफगोई से जवाब दिए। हालांकि हम मणिपुर की स्थिति पर नजर रख रहे हैं। हमारे पास करीब 20 असम राइफल बटालियन हैं, जो भारत-म्यांमार सीमा पर तैनात हैं। सीमा पर बाड़ को और मजबूत करने की भी बात चल रही है।

# अयोध्या-अहमदाबाद के बीच विमान सेवा शुरू

**अहमदाबाद से इंडिगो की पहली फ्लाइट को मंत्री सिंधिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया**



**नयी दिल्ली/लखनऊ।** अयोध्या-अहमदाबाद के बीच गुरुवार को विमान सेवा का शुभारंभ किया गया। अहमदाबाद से इंडिगो की पहली फ्लाइट को केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नई दिल्ली से वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ स्थित सरकारी आवास से वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे। दोनों शहरों के बीच यह विमान सेवा सप्ताह में तीन दिन मिलेगी। सिंधिया ने मंत्रालय में पत्रकारों से कहा कि 22 जनवरी को रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की न केवल 140 करोड़ भारतीयों बल्कि विदेशों में भी बड़ी प्रतीक्षा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भव्य एवं नव्य अयोध्या बनाई है। उनके सहयोग से ही महज 20 महीने में यह एयरपोर्ट बन सका। इतनी कम अवधि में हवाईअड्डा बनना एक रिकॉर्ड है। सिंधिया ने कहा कि इस फ्लाइट के जरिए वाइब्रेंट गुजरात और आध्यात्मिक अयोध्या का संगम हो रहा है। सिंधिया ने कहा कि अगले एक महीने में उत्तर प्रदेश में पांच नए हवाई अड्डों का उद्घाटन किया जाएगा। बहुत जल्द अलीगढ़, आजमगढ़, चित्रकूट, श्रावस्ती और मुरादाबाद से हवाई सेवा शुरू होगी, जिससे राज्य में हवाई अड्डों की कुल संख्या 19 हो जाएगी।

## एक नजर में

### शेख हसीना के नये कैबिनेट में 37 मंत्री



**ढाका।** बंगलादेश की शेख हसीना सरकार की कैबिनेट में 37 मंत्री शामिल किये गये हैँ जिनमें 14 नये चेहरे हैं । कैबिनेट सचिव महबूब हुसैन ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि कैबिनेट में प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ 25 कैबिनेट मंत्री और 11 राज्यमंत्री शामिल किये गये हैं। सुश्री हसीना ने अपने नये मंत्रिमंडल में 14 नये चेहरों को जगह दी है।

### चीन ने लॉन्च किया नया उपग्रह

**जिउक्वान।** चीन के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में स्थित जिउक्वान उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से गुरुवार को एक नया उपग्रह अंतरिक्ष में भेजा गया। स्थानीय समयानुसार, सुबह करीब 11:52 बजे तियानक्सिंग-1 02 उपग्रह को कुआइझोउ-1ए वाहक रॉकेट द्वारा लॉन्च किया गया और कक्षा में प्रवेश कर गया है। उपग्रह का उपयोग मुख्य रूप से अंतरिक्ष पर्यावरण का पता लगाने जैसे प्रयोगों के लिए किया जाएगा। यह कुआइझोउ-1ए रॉकेट का 26वां उड़ान मिशन है।

### पापुआ न्यू गिनी में दंगा, 15 लोगों की मौत

**पोर्ट मोरेस्बी।** पापुआ न्यू गिनी की राजधानी पोर्ट मोरेस्बी और देश के दूसरे सबसे बड़े शहर लाए में दंगा भड़कने और अशांति के कारण 15 लोगों की मौत हो गयी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि वेतन विवाद पर पुलिस की हड़ताल के बाद दुकानों और कारों में आग लगा दी गई और सुपरमार्केट लूट लिए गये। उन्होंने बताया कि बुधवार को पुलिस की अनुपस्थिति ने शहर के बाहरी इलाके के लोगों को दुकानों में तोड़फोड़ करने और बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाने के लिए प्रोत्साहित किया।

### राजौरी में चार टिफिन बॉक्स व आइइडी बरामद

**राजौरी।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान के दौरान एक आतंकी साजिश को नाकाम करते हुए चार टिफिन बॉक्स आईईडी सहित अन्य गोला-बारूद बरामद किया है। इसके बाद सुरक्षाबल आसपास के इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान चला रहे हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम ने गुरुवार को राजौरी जिले के हयातपुर-मंजाकोट इलाके में तलाशी अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि तलाशी अभियान के दौरान घटनास्थल से एक वायरलेस सेट, टेप रिकॉर्डर, 23 राउंड एके गोला बारूद और चार टिफिन बॉक्स आईईडी बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि इलाके के साथ लगते क्षेत्रों में सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान जारी है।

### देश में कोरोना के 514 नये मामले, तीन मरे

**नयी दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 514 नए मामले सामने आए हैं जबकि तीन मरीजों की मौत हुई है। इस अवधि में 732 मरीज स्वस्थ हुए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या 3422 हो गई है। कोरोना ने उत्तराखंड में भी दस्तक दी जहां एक नया मामला सामने आया है। इसके साथ कोरोना के दो नए मामले सिक्किम, दो मामले जम्मू-कश्मीर में भी दर्ज किए गए हैं।

RDBA RANCHI ELECTION FOR THE SESSION -2024-26
Please cast your valuable
VOTE
for the post of
GENRAL SECRETARY
In favour of
ANIL KUMAR KANTH



Sl. No. 1
Chamber :- NEW BAR BHAWAN
Chamber No. S13 Third floor,
Civil Court, Ranchi, Jharkhand
Phone No. 9852219763,9304401200

## ईद पर रिलीज होगी 'बड़े मियां छोटे मियां'



**मंबई ।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्राफ की आने वाली फिल्म बड़े मियां छोटे मियां इस वर्ष ईद के अवसर पर रिलीज होगी। अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर बड़े मियां छोटे मियां का लुक शेयर किया है। तस्वीर में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ दोनों ही बेहद स्टाइलिश अंदाज में एक हेलीकाप्टर के सामने खड़े दिखाई दे रहे हैं। जहां अक्षय ने फुल-स्लीव्स की टीशर्ट पहन रखी है, वहीं टाइगर अपने बाइसेप्स को दिखाते नजर आ रहे हैं। अक्षय ने कैप्शन में लिखा,फिल्म की रिलीज को अब बस तीन महीने बचे हैं। उन्होने बताया कि बड़े मियां छोटे मियां इस साल ईद पर रिलीज हो रही है। फिल्म को वासु भगनानी और जैकी भगनानी के पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया जा रहा है। फिल्म में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर और अलाया एफ शामिल हैं।

PR NO 315581 (Labour Employment and Traning) IPRD 23-24

झारखण्ड कौशल प्रतियोगिता
झारखण्ड के युवाओं को अपना हुनर प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर
Jharkhand Skill Competition
India Skills
राज्य के प्रतिभाशाली युवा इस स्वर्णिम अवसर का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण लिंक https://forms.gle/3RoGk4bzSEAAuEVt7 या QR कोड के माध्यम से पंजीकरण कराएं
प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रतिभागियों के लिए योग्यताएं :
• प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी का जन्म 1 जनवरी 2002 या उसके बाद होना अनिवार्य है।
झारखण्ड राज्य के state specific जॉब रोल निम्नवत हैं -
Autobody Repair, Automobile Technology, CNC Milling, CNC Turning, Refrigeration & Air Conditioning, Electrical Installations, Electronics, Welding, Health & Social Care, Beauty Therapy, Hotel Reception, Restaurant Service, Cooking, Bakery and Patisseries & Confectionery.



प्रतियोगिता में हुनर दिखाकर राज्य और देश का स्वाभिमान बनें
झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाईटी
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड
पंजीकरण की अंतिम तिथि : 15 जनवरी 2024
राज्य टोल फ्री नंबर: 1800-123-3444
jsdm.jharkhand.gov.in
skilljharkhand@gmail.com